फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 158 प्रभात जयपुर, सोमवार 8 जनवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Investor Decoded

Let's say that you have a sum of 1000 rupees that you can invest. You have even analysed the company. Now, the hurdle that most people face, is when to invest and how much to invest.

Destination Of The Week

Buckle up as we embark on a picturesque journey through some of the most enchanting *winter road trips* in the country




# पुलिस को अब डंडा के बजाय डेटा के साथ काम करने की जरूरत : प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री मोदी ने जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय 58 वीं डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह को सम्बोधित किया




*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 58वीं डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह को संबोधित किया।*

- **भारतीय पुलिस को खुद को एक आधुनिक और विश्व स्तरीय पुलिस बल में बदलना होगा : पी.एम.।**
- **नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले की भावना से बनाए गए हैं, ''नये आपराधिक कानून''।**

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, नए कानूनों का अधिनियमन आपराधिक न्याय प्रणाली में एक आदर्श बदलाव है। नए आपराधिक कानून नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले की भावना के साथ बनाए गए हैं। पुलिस को अब डंडे के साथ काम करने के बजाय डेटा के साथ काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों के लाभ के लिए सकारात्मक जानकारी और संदेश प्रसारित करने के लिए पुलिस स्टेशन स्तर पर सोशल मीडिया के उपयोग की सलाह दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय, 58 वीं डीजी-आईजी कॉन्फ्रैस में भाग लिया। उन्होंने कॉन्फ्रैस के अंतिम दिन रविवार को समापन समारोह में पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को सम्बोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने पुलिस प्रमुखों से नए अधिनियमित कानूनों के पीछे की भावनात्मक भावना को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने के लिए कल्पनाशील ढ ंग से सोचने का आव्हान किया। उन्होंने महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों और नए आपराधिक कानूनों के तहत उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में संवेदनशील बनाने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने पुलिस से महिला सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आव्हान किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं निडर होकर कभी भी और कहीं भी काम कर सकें।

प्रधानमंत्री ने नागरिकों के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी बल दिया और नागरिकों के लाभ के लिए सकारात्मक जानकारी और संदेश प्रसारित करने के लिए पुलिस स्टेशन स्तर पर सोशल मीडिया के उपयोग की सलाह दी।

उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं और आपदा राहत पर अग्रिम जानकारी प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने का भी सुझाव दिया। मोदी ने नागरिक-पुलिस संपर्क को मजबूत करने के तरीके के रूप में विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी। उन्होंने सरकारी अधिकारियों से स्थानीय आबादी के साथ बेहतर संपर्क स्थापित करने के लिए सीमावर्ती गांवों में रहने का आग्रह किया, क्योंकि ये भारत के पहले गांव हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के पहले सौर मिशन-आदित्य-एल1 की सफलता और भारतीय नौसेना द्वारा अरब सागर में अपहृत जहाज से 21 चालक दल के सदस्यों को बचाने का भी जिक्र किया। प्रधान मंत्री ने कहा कि, ऐसी उपलब्धियां दिखाती हैं कि भारत दुनिया में एक प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि, आदित्य-एल1 की सफलता चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के समान है। उन्होंने भारतीय नौसेना के सफल ऑपरेशन पर भी गर्व जताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रोफ़ाइल में सुधार और देश की बढ़ ती राष्ट्रीय ताकत के अनुरूप, भारतीय पुलिस को 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए खुद को एक आधुनिक और विश्व स्तरीय पुलिस बल में बदलना चाहिए।

प्रधान मंत्री ने विशिष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक भी वितरित किए। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय गृह सचिव, राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के महानिदेशक और आईजी, एसपी तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों सहित 500 से अधिक पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में नए आपराधिक कानून, आतंकवाद विरोधी रणनीतियों, वामपंथी उग्रवाद, उभरते साइबर खतरे और दुनिया भर में कट्टरवाद विरोधी पहल पर चर्चा की गई।

## नीतीश कुमार महागठबंधन छोड़ सकते हैं: जीतनराम मांझी

पटना, 07 जनवरी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतनराम मांझी ने आज दावा किया कि बदले हुए परिदृश्य में राज्य जल्द ही नये राजनीतिक उलटफेर का गवाह बनेगा।

मांझी ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इतना अपमानित किया है कि वह अब तंग आ गये हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के महागठबंधन छोड़ने की भविष्यवाणी

- **राजद के अपमान से तंग आ चुके हैं नीतीश।**

करते हुए कहा कि, गहरी हताशा से जूझ रहे कुमार किसी भी हद तक जा सकते हैं। हम के संरक्षक ने कहा, ''नयी दिल्ली की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, मुख्यमंत्री कुमार उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव से उनके आवास पर मिलना चाहते थे लेकिन ऐसा नहीं हो सका, जो कुमार को नाराज करने के लिए काफी है।'' उन्होंने टिप्पणी की कि, कुमार अपनी सुविधा और परिस्थितियों के अनुसार अपने राजनीतिक साझेदार बदलते रहे हैं।

# भरतपुर-धौलपुर के जाटों को आरक्षण नहीं दिया तो 17 से ट्रेन रोकने का अल्टीमेटम

- **विश्वेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जाट महापंचायत ने जयचौली उच्चैन रेलवे ट्रैक पर धरने का निर्णय किया।**

डीग, 7 जनवरी (निस)। जिले के कस्बा जनूथर में भरतपुर-धौलपुर के जाटों को केन्द्र में आरक्षण की मांग को लेकर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के आह्वान पर रविवार को कस्बा जनूथर के भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जाट समाज की महापंचायत हुई।

महापंचायत में निर्णय लिया गया कि, आगामी 17 जनवरी से जयचौली उच्चैन रेलवे ट्रैक के पास धरना दिया जाएगा। पंचायत में पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने नारा दिया कि, आगामी लोकसभा चुनाव से पहले यदि भरतपुर-धौलपुर के ''जाटों को केन्द्र में आरक्षण नहीं, तो वोट भी नहीं।'' उन्होंने कहा कि, अभी राज्य में नई सरकार बनी है। इस सरकार को अपना कामकाज शुरू करने दें। उसके बाद ग्यारह सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समाधान की मांग करेगा। यदि सकारात्मक रवैया नहीं दिखाई देगा तो हम आगे की रणनीति पर काम करेंगे।

पंचायत में बयाना विधायक रितु बनावत ने जाटों की मांग को सही ठहराते हुए कहा कि, वह समाज की मांग के लिए विधानसभा से लेकर सड़क तक समाज के साथ हैं। उन्होंने कहा कि, पूरे देश में सिर्फ भरतपुर-धौलपुर के जाट ही आरक्षण से वंचित क्यों है, जबकि यहां कोई विशेष उन्नति के लिए अवसर नहीं हैं।

जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेमसिंह फौजदार ने आरक्षण आंदोलन की अब तक की जानकारी देते हुए गत वर्षों में किए गए प्रयासों, आरक्षण की वर्तमान स्थिति तथा युवाओं को हो रहे नुकसान के बारे में बताया और युवाओं से भागीदारी निभाने का आव्हान किया।

इस मौके पर हजारों की तादात में लोगों ने हाथ खड़े कर पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह द्वारा दिए गए, ''आरक्षण नहीं तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं'' नारे का समर्थन किया। पंचायत में नरदेव बेनीवाल एंड पार्टी की ओर से रागिनी पेश की गई। रागिनी के माध्यम से जाट आरक्षण पर भी रागिनी प्रस्तुत की। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी सतपाल सिंह चौधरी, जाट आरक्षण संघर्ष समिति हरियाणा के सदस्य सरदार मनोज सिंह दोहन रोहतक, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋषि बंसल, प्रेमसिंह मदेरणा रहीमपुर उच्चैन, लोटन हवलदार आदि ने भी सभा को संबोधित किया। पंचायत में अरविंद सिंह कोंरेर, नगरपालिका कुम्हेर के पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह जाटव, राहुल सोगरवाल उवार, मुकेश चौधरी, सरपंच उदयसिंह दांतलौठी, करतार सिंह, राजेश चौधरी आदि मौजूद थे, संचालन यतेन्द्र सिंह ने किया।

# प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी : 20 जनवरी के बाद ट्रेन की बुकिंग कैंसिल

## केवल आमंत्रण प्राप्त करने वाले संघ साधु-संतों तथा वी.आई.पी. ही अयोध्या जा सकेंगे

- **20, 21 व 22 जनवरी को आम जनता के जाने पर रोक।**
- **प्रधानमंत्री ने राम भक्तों से 22 के बाद अयोध्या आने की अपील की।**

अमेठी, 07 जनवरी। अयोध्या के राम मंदिर में भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को होने जा रही है और इसके लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इस समारोह के लिए साधु-संतों सहित वीवीआईपी और वीआईपी मेहमानों को आमंत्रण भेजा जा रहा है। तथापि प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन पूर्व से ही आम लोगों के अयोध्या जाने पर रोक लगा दी गई है।

जिले के आम लोगों को, अयोध्या आने पर होने वाली समस्या से बचाने के लिए यहां न आने की सलाह दी गयी है और लोगों को अयोध्या आने से रोकने की जिम्मेदारी पंचायत सचिवों एवं ग्राम प्रधानों को दी गई है। बस व ट्रेन की बुकिंग भी कैंसल करने का निर्देश दिया गया है।

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस मौके पर राम लला के दर्शन के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचना चाहते हैं। हालांकि, प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अनेक दिग्गज हस्तियों के शामिल होने के कारण यहां प्रोटोकॉल लागू होगा। इस दिन अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था बहुत मजबूत होगी। ठहरने के लिए होटलों और भोजनालयों में भी भारी भीड़ हो सकती है। ऐसे में अगर लोग 22 जनवरी को अयोध्या जाने की सोच रहे हैं तो वहां काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

जिलाधिकारी अमेठी राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते 20, 21 व 22 जनवरी को आम लोगों के अयोध्या जाने पर रोक लगाई गई है। उन्होंने आगे बताया कि, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों के माध्यम से उक्त तिथियों में जनपद वासियों को अयोध्या जाने से रोकने के लिए प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। बस व रेलवे की बुकिंग को भी उक्त तिथियों में निरस्त करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त अन्य जनपदों से आने वाले लोगों को भी उपरोक्त तिथियों में अयोध्या पहुंचने से रोकने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए गए हैं।

इसके पूर्व 30 दिसंबर को अयोध्या दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा था कि, 22 जनवरी को अयोध्या न आएं। उन्होंने कहा था कि, आपने 550 साल से अधिक समय तक इंतजार किया है, कुछ समय और इंतजार करें। हर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सिक्किमः दोरजी लेप्चा भाजपा के राज्यसभा उम्मीदवार बने

नयी दिल्ली, 07 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सभा में आगामी द्विवार्षिक चुनावों में सिक्किम की एक सीट के लिए दोरजी शेरिंग लेप्चा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की आज यहां जारी एक विज्ञिप्त में बताया गया कि, भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने दोरजी शेरिंग लेप्चा को उम्मीदवार बनाने को अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

## महाराष्ट्र पूर्व सैनिकों के लिये योजना बनायेगा

मुंबई, 07 जनवरी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार राज्य में पूर्व सैनिकों के लिए कुछ योजनाएं लागू करने वाली है।

शिंदे ने नरीमन पॉइंट इलाके में मुंबई पूर्ण स्वच्छता अभियान में भाग लेने के बाद एक बैठक के दौरान पूर्व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मंत्री तीन दिन जयपुर में व तीन दिन फील्ड में रहें : मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

- **मुख्यमंत्री शर्मा ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को लंच दिया।**
- **मुख्यमंत्री ने लंच से पहले मंत्रिमंडल के सदस्यों की पहली अनौपचारिक बैठक ली।**

जयपुर, 7 जनवरी (का.सं.)। मंत्रिमण्डल विस्तार के बाद रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ पहली अनौपचारिक बैठक की। बैठक में सरकार की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों को तीन दिन जयपुर और तीन दिन फील्ड में रहने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने मंत्रियों से कहा कि, विभाग में मंत्रियों को हार्ड वर्क करना हैं, जिससे योजनाएं धरातल पर अच्छी तरह से लागू हो सकें। गौरतलब है कि, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद आज पहली बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी मंत्रियों को मुख्यमंत्री निवास पर लंच पर आमंत्रित किया था। लंच पर अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों के साथ आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने की आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

मु. मंत्री निवास पर लंच के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मदन दिलावर, सुरेश रावत, जोराराम कुमावत, कन्हैया लाल चौधरी, अविनाश गहलोत, राज्य मंत्री संजय शर्मा, गौतम कुमार दक, ओटाराम देवासी, विजय सिंह चौधरी, मंजू बाघमार और केके विश्नोई पहुंचे। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री शर्मा जल्द ही केबिनेट की पहली बैठक बुला सकते हैं। आज की बैठक में सीएम ने मंत्रियों को 100 दिन की कार्य योजना के तहत काम करने के निर्देश दिए। पदभार संभालने के बाद सीएम ने सभी विभागों को 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को लंच दिया। लंच से पहले उन्होंने मंत्रिमंडल की अनौपचारिक बैठक भी ली।*

## तमिलनाडु में जल्लीकट्टू कार्यक्रम में 53 लोग घायल

पुडुकोट्टई (तमिलनाडु), 6 जनवरी। तमिलनाडु के थाचानकुरिची गांव में शनिवार को आयोजित वार्षिक जल्लीकट्टू कार्यक्रम में बैलों को काबू करने वालों और दर्शकों समेत 53 लोग घायल हो गए।

यह इस साल पोंगल त्योहार से पहले तमिलनाडु में आयोजित होने वाला, सांड को वश में करने का पहला कार्यक्रम था। राज्य के कानून मंत्री एस.रघुपति और पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री शिवा वी.मय्यनाथन ने इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई।

राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगभग 500 सांडों को लाया गया था और 300 सांडों ने इस आयोजन में भाग लिया था। इस आयोजन में 12 सांडों को वश में करने के लिए एक फुर्तीले युवक को विजेता घोषित किया गया और उसे एक मोटरसाइकिल से पुरस्कृत किया गया। घायलों का इलाज पुदुकोट्टई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया।

## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती - प्रेमचंद

# क्या हम इस बात से कोई सबक ले सकते हैं?

## यह अविश्वसनीय है, फिर भी यह सत्य है!

एक हवाई जहाज दूसरे हवाई जहाज से टकरा जाए और टकराने की वह से वह जलते हुए आग के गोले में तब्दील हो जाए, तो भला कौन होगा जो इस बात पर विश्वास करेगा कि उस दुर्घटना ग्रस्त वायुयान के सारे यात्री और सारे क्रू सदस्य जीवित हैं!

लेकिन यह चमत्कार हुआ, हाल में हुआ।

बात इसी साल (2024) के दूसरे दिन की है और जापान की है। जापान एयरलाइंस का एक विमान दो जनवरी की शाम न्यू चितोजे एयरपोर्ट से अपनी उड़ान संख्या जेएएल 516 पर रवाना हुआ और लगभग दो घण्टे बाद हनेदा एयरपोर्ट पर इसकी लैण्डिंग हुई। इस विमान में कुल 379 लोग सवार थे जिनमें 8 बच्चे और 12 क्रू मेम्बर्स भी शामिल थे। जैसे ही इस विमान ने हनेदा एयरपोर्ट पर लैण्ड किया, वहीं खड़े कोस्ट गार्ड के एक फिक्स्ड विंग विमान से इसकी टक्कर हो गई। कोस्ट गार्ड का यह विमान नए साल पर आए भूकंप के पीड़ितों के लिए सहायता सामग्री लेकर आया था और बहुत छोटा था। उसमें केवल पांच लोग सवार थे। टक्कर होते ही जापान एयरलाइंस का यह विमान एक आग के गोले में बदल गया। कल्पना की जा सकती है कि इस विमान में सवार 379 लोगों का क्या हुआ होगा! लेकिन आप जो कल्पना कर रहे हैं वैसा हुआ नहीं। सौभाग्य से। सौभाग्य से भी और क्रू सदस्यों की दक्षता से भी और सबसे ज़्यादा विमान में सवार यात्रियों की समझदारी और उनके धैर्यपूर्ण व्यवहार की वजह से। विमान के सारे के सारे यात्रियों को, मय क्रू मेम्बर्स के बचा लिया गया। बस, एक यात्री को थोड़ी-सी चोट आई और तेरह यात्रियों ने दर्द और अन्य शारीरिक कष्टों के लिए मेडिकल सुविधाओं की मांग की। हां, यह बात ज़रूर बहुत खराब रही कि कोस्ट गार्ड के वायुयान में सवार छह में से पांच लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। केवल एक ही यात्री अपनी जान बचा पाने में सफल रहा। यहीं यह याद किया जा सकता है कि 1977 में स्पेन में रोडियस एयरपोर्ट पर दो बोइंग विमान आपस में टकरा गए थे और इस टक्कर में 583 लोग मारे गए थे। इसे हवाई यातायात के इतिहास की सबसे बड़ी दुर्घटना माना जाता है। हवाई यातायात के प्रबंधकों ने इस, और बाद वाली भी अनेक दुर्घटनाओं से सबक लिया और नियमों और व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किए। यह सिलसिला अभी भी ज़ारी है। लेकिन हाल की यह दुर्घटना तो चमत्कारी है, इतनी बड़ी दुर्घटना और जान की एक भी क्षित नहीं! यह चमत्कार हुआ कैसे? विमान के क्रू मेम्बर्स ने बताया कि अपने प्रशिक्षणों में उन्होंने जो भी सीखा उस पर पूरी तरह अमल किया। यहीं यह बात भी कि हम आम लोग क्रू के नाम पर केवल पायलट और एयर होस्टेसों को जानते हैं और हमारी समझ में एयर होस्टेसों का काम हमें खाद्य और पेय सामग्री सुलभ कराना है, जबकि असल में यह उनका प्राथमिक काम नहीं है। उनका प्राथमिक काम है यात्रियों की सुरक्षा और इसके लिए उन्हें बाकायदा प्रशिक्षण दिया जाता है। विमान के चालक दल के सदस्यों को तीन सप्ताह की एक कड़ी इवैकुएशन और रेस्क्यू ट्रेनिंग लेनी पड़ती है। इतना ही नहीं उन्हें हर साल यह ट्रेनिंग लेनी होती है। इसके अलावा भी उन्हें हवाई जहाज में सवार यात्रियों की सुरक्षा के लिए और उनकी जान बचाने के लिए अनेक प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। लेकिन जो ख़ास बात मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि इन क्रू सदस्यों के प्रशिक्षण का कोई अर्थ नहीं रह जाता, अगर विमान पर सवार यात्रियों ने उनके निर्देशों का अक्षरश: पालन न किया होता। ज़रा उस स्थिति की कल्पना कीजिए जब विमान आग की लपटों से घिरा हो और केवल बारह क्रू मेम्बर 367 यात्रियों को निर्देश दे रहे हों। क्या वे यात्री उस समय क्रू मेम्बर्स की बात सुनेंगे? क्या वे अपनी मनमानी नहीं करने लगेंगे? क्या वे धक्कामुक्की नहीं करेंगे? क्या हरेक यह कोशिश नहीं करेगा कि जैसे भी हो वह तो बच निकले? यह लिखते हुए मेरे मन के परदे पर अपने देश की सड़कों की छवि उभरने लगती है। कैसे हम चौराहों पर लाल बत्ती की अनदेखी करते हैं, कैसे हम थोड़ी-सी भीड़ होते ही लेन व्यवस्था को नष्ट करते हुए अपनी गाड़ियां आड़ी-टेढ़ी लगा कर संकट को और बढ़ा देते हैं? सड़क पर वाहन चलाते हुए मैं प्राय: यह महसूस करता हूं कि अगर हम अपनी-अपनी लेन में ड्राइव करते रहें तो यातायात बहुत सुगमता से चलता रहे, लेकिन ऐसा होता नहीं है। कोई न कोई अपनी गति बढ़ाकर दांये-बांये से आगे निकल जाता है और इस तरह वह सामने से आ रहे यातायात को बाधित कर देता है या फिर अपनी ही लेन में आगे घुसने का प्रयत्न कर लेन की गति को अवरुद्ध कर देता है। यह भी याद आता है कि अगर हम हवाई जहाज में सवार होते हैं तो जब हमारा जहाज लैण्ड करने को होता है तो क्रू के निर्देशों को अनसुना करते हुए हम ओवरहेड बिन से अपना सामान निकाल कर सबसे पहले बाहर निकलने के प्रयास में सभी का निकलना कठिन बना देते हैं! हम यह भी चिंता नहीं करते कि अपना सामान निकालते वक्त किसी और को चोट तो नहीं पहुंचा रहे हैं। यह भी याद आता है कि एयर होस्टेस के लाख मना करने के बावज़ूद हम अपने मोबाइल को स्विच ऑफ नहीं करते हैं! अगर ऐसे यात्री हों और उनकी संख्या 367 हो तो बेचारे 12 क्रू मेम्बर्स क्या कर लेंगे? लेकिन अगर वे बारह क्रू मेम्बर्स इन 367 यात्रियों को केवल 18 मिनिट में बचा सके तो निश्चय ही इसमें उन 367 यात्रियों की भूमिका बहुत बड़ी है। इन क्रू मेम्बर्स ने यात्रियों से कहा कि वे अपने सामान की परवाह किए बग़ैर ही तुरंत बाहर निकलें। बाद में ग्रीनविच यूनिवर्सिटी में फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग ग्रुप के निदेशक प्रोफ़ेसर एड गैलिया ने बताया कि "मैंने जितने भी वीडियो देखे, उनमें मैंने एक भी यात्री को अपना सामान साथ लिये नहीं देखा। अगर लोग अपना केबिन लगेज साथ लेने की कोशिश करते तो यह खतरनाक हो सकता था, क्योंकि इससे विमान से यात्रियों को निकालने की प्रक्रिया धीमी हो जाती।" दुर्घटनाग्रस्त विमान का अगला हिस्सा नीचे की तरफ झुक गया था जिससे यात्रियों का बाहर निकलना कठिन हो गया था। विमान के आगे झुके होने की वजह से स्लाइडस भी ठीक से नहीं लगाए जा सक रहे थे। दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की वजह से विमान के आठ में से केवल दो इमर्जेंसी द्वार ही उपयोग में लिये जा सकते थे। इसके अलावा विमान का अनाउंसमेंट सिस्टम भी ठीक से काम नहीं कर रहा था अत: क्रू मेम्बर्स को मेग़ाफोन पर तेज़ आवाज़ में बोलकर यात्रियों को निर्देश देने पड़ रहे थे। इन विषम स्थितियों में, सोचा जा सकता है कि यात्रियों ने कैसे अनुशासित व्यवहार का प्रदर्शन किया होगा। अपने भारत के अनुभवों को स्मरण करते हुए मैं तो उस जापानी वायुयान के यात्रियों के व्यवहार की कल्पना भी नहीं कर पा रहा हूं! हमें ऐसे व्यवहार की आदत ही नहीं है। आप हमारा पूरा नागरिक जीवन याद कर लें। आपको कहां अनुशासन नज़र आता है? कहां हम प्रदत्त निर्देशों का पालन करते हैं? कहां हम औरों की फिक्र करते हैं? हवाई यात्रा शुरू करने से पहले जब बोर्डिंग शुरू होती है और अनाउंसमेंट होता है कि अमुक से अमुक क्रमांक तक वाले यात्री पहले आएं, यह जानते हुए भी कि हमारी सीट हमारे लिए एकदम आरक्षित है, हम उस निर्देश को अनसुना कर भीतर घुसने का प्रयास करते हैं। क्यू नाम की व्यवस्था से तो जैसे हमें चिढ़ है। अगर क्यू में खड़े हो भी गए तो आगे वाले से इतना चिपक कर खड़े होंगे कि हम सांस लें तो उसे महसूस हो, और यह ज़रूरी भी है। अगर क्यू में दो लोगों के बीच थोड़ी भी जगह रह गई तो तीसरा वहां घुसने में देर नहीं करेगा। जापान के इस प्रसंग के बारे में पढ़ते हुए मुझे बराबर लगता रहा है कि उस जहाज में अगर भारतीय यात्री होते तो वे ऐसा व्यवहार कभी भी नहीं करते। होता रहता अनाउंसमेंट लेकिन उनमें से अनेक केबिन से अपना सामान निकालने के चक्कर में औरों का मार्ग अवरुद्ध करते या धक्का-मुक्की कर बाहर निकलने वालों की गति को धीमा कर देते! और इस सब का जो परिणाम होता, उसकी कल्पना करने में किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए! जापान के इस प्रसंग का ज़िक्र मैंने अपने देश वासियों की आलोचना करने के लिए नहीं किया है। हमारे देश में बहुत सारी अच्छाइयां हैं। हमारे नागरिक बहुत भले हैं। वे बहुत मेहनती भी हैं। लेकिन उनमें नागरिक बोध का विकास अभी होगा शेष है। मुझे हमेशा लगता है कि बग़ैर समुचित नागरिक बोध के हमारी बहुत सारी अच्छाइयां निरर्थक हो जाती हैं! अगर हम जापान के इस अविश्वसनीय लगने वाले हवाई हादसे से कोई सबक ले सकें तो यह सबक लेना चाहिए कि हम अनुशासित नागरिक बनें। दिए गए निर्देशों का अक्षरश: पालन करें और किसी भी हालत में व्यवस्था को छिन्न भिन्न न करें!

**हम यह भी चिंता नहीं करते कि अपना सामान निकालते वक्त किसी और को चोट तो नहीं पहुंचा रहे हैं। यह भी याद आता है कि एयर होस्टेस के लाख मना करने के बावज़ूद हम अपने मोबाइल को स्विच ऑफ नहीं करते हैं! अगर ऐसे यात्री हों और उनकी संख्या 367 हो तो बेचारे 12 क्रू मेम्बर्स क्या कर लेंगे? लेकिन अगर वे बारह क्रू मेम्बर्स इन 367 यात्रियों को केवल 18 मिनिट में बचा सके तो निश्चय ही इसमें उन 367 यात्रियों की भूमिका बहुत बड़ी है। इन क्रू मेम्बर्स ने यात्रियों से कहा कि वे अपने सामान की परवाह किए बगैर ही तुरंत बाहर निकलें।**


**अतिथि संपादक :**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# समाज सुधारक, युग प्रवर्तक, हिंदू सम्राट स्वामी विवेकानंद

**स्वामी** जी ने कहा कि जीवन में हमारे चारों ओर घटने वाली छोटी या बड़ी, सकारात्मक या नकारात्मक सभी घटनायें हमें अपनी असीम शक्ति को प्रकट करने का अवसर प्रदान करती है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था जिसके जीवन में ध्येय या संकल्प नहीं है तो ऐसा आदमी खेलती गाती, हँसती बोलती लाश ही है। जब तक व्यक्ति अपने जीवन के विशिष्ट मैकाले द्वारा प्रतिपादित और उस समय प्रचलित अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था के स्वामी विवेकानन्द जी घोर रोधी थे क्योंकि इस शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ बाबुओं की संख्या बढ़ाना था। वह ऐसी शिक्षा चाहते थे जिससे बालक का सर्वांगीण विकास हो सके।

स्वामी जी ने दुनिया के सामने जो वेदांत दर्शन रखा वो वाकई धर्म की सही विवेचना करता है; स्वामीजी कहते थे कि हम लोग वेदांत के बिना सांस तक नहीं ले सकते हैं जीवन में जो भी हो रहा है, सभी में वेदांत का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण ने भी यही संदेश दिया था कि अवग-अलग कांच से होकर हम तक पहुंचने वाला प्रकाश एक ही है। स्वामी विवेकानन्द मानते थे कि अध्यात्म-विद्या और भारतीय दर्शन के ज्ञान के बिना विश्व अनाथ हो जायेगा। अपने अमेरिका प्रवास के समय वे अमेरिका में संगठित कार्य से किये गये कामों के फलस्वरूप चमत्कारिक परिणामों से स्वामी जी अत्यंत प्रभावित हुए थे।

उन्होंने ठान लिया था कि उन्हें भारत में भी इस संगठन कौशल को पुनर्जीवित करना है इसलिए विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना कर सन्यासियों तक को संगठित कर उन्हें समायोचित उत्तम कार्य करने का प्रशिक्षण दिया था। अमेरिका से लौटने पर स्वामी जी ने भारतीयों से नये स्फूर्ति पूर्व भारत के निर्माण हेतु आव्हान किया। भारत की जनता भी स्वामीजी के आव्हान पर अपने उत्थान हेतु गर्व के साथ निकल पड़ी। स्वामी ने संदेश दिया कि पूरब की दुनिया की सबसे बड़ी जरूरत धर्म से जुड़ी हुई नहीं है। उनके पास धर्म की कमी नहीं है, लेकिन भारत के लाखों पीड़ित जनता अपने सूखे हुए गले से जिस चीज के लिए बार-बार गुहार लगा रही है वो रोटी है। वो हमसे रोटी मांगते है, लेकिन हम उन्हें पत्थर पकड़ा देते हैं। भूख से मरती जनता को धर्म का उपदेश देना उसका अपमान है। सच्चाई तो यह ही है कि स्वामी जी कभी भी किसी धर्म की उपेक्षा की थी वो तो सभी धर्मों संप्रदायों का सम्मान करते थे।



डॉ. जे.के. गर्ग

हिंदू धर्म पर स्वामी विवेकानंद ने कहा कि हिंदू धर्म का असली संदेश लोगों को अलग-अलग धर्म संप्रदायों के खांचों में बांटना नहीं, बल्कि पूरी मानवता को एक सूत्र में पिरोना है। उनका हिन्दू धर्म रूढ़िवादी एवं अतार्किक मान्यताओं मानने वाला नहीं था। स्वामीजी ने उस समय क्रांतिकारी एवं विद्रोही बयान देते हुए कहा कि इस देश के तैंतीस करोड़ भूखे, दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी देवताओं की तरह मन्दिरों में स्थापित कर दिया जाये और मन्दिरों से देवी देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाये। उनका यह आव्हान आज भी एक बड़ा प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा करता है। उनके इस आव्हान को सुनकर उस समय सम्पूर्ण पुरोहित वर्ग की घिग्घी बंध गई थी।

आज कोई नामी गिरामी साधु तो क्या सरकारी मशीनरी भी किसी अवैध मंदिर की मूर्ति को हटाने का जोखिम नहीं उठा सकती। स्वामी जी ने कहा कि जीवन में हमारे चारो ओर घटने वाली छोटी या बड़ी, सकारात्मक या नकारात्मक सभी घटनायें हमें अपनी असीम शक्ति को प्रकट करने का अवसर प्रदान करती है।

स्वामी विवेकानंद के मन में हमेशा अपने आपसे यह सवाल करते थे कि क्या सच में भगवान है? रामकृष्ण जी ने उनके इस प्रश्न के उत्तर में कहा, हाँ, मैंने भगवान को देखा है ठीक वैसे ही जैसे अभी मैं तुम्हें देख रहा हूँ। भगवान तो हर जगह व्याप्त है, बस तुम्हें उन्हें देखने के लिए वो दृष्टि चाहिए। अपने गुरु की बात सुनकर उनको विश्वास हो गया कि ईश्वर है।

स्वामीजी ने अपना सारा जीवन अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस देव को समर्पित कर दिया। स्वामीजी ने बतलाया कि जब हम पृथ्वी में एक बीज को बोते हैं तो उसके चारों ओर हवा और पानी की व्यवस्था भी करते हैं। लेकिन क्या वो बीज पृथ्वी, हवा या जल बन जाता है? नहीं। बीज हवा, पानी और पृथ्वी को आत्मसात करता है और इनके सहयोग से स्वयं का विकास करता है और पौधे के रूप में विकसीत होकर बढ़ता है। ठीक ऐसा धर्म के मामले में भी है। एक हिंदू को मुसलमान नहीं बनना चाहिये और ना ही मुसलमान को हिन्दू। एक इसाई को हिंदू या बोद्ध नहीं बनना चहिए और न ही किसी हिंदू या बौद्ध को इसाई बनना चाहिए। लेकिन प्रत्येक को दुसरे धर्म का सम्मान अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने अपने उन्तालीस वर्ष की अल्पायु (12 जनवरी 1863से 4 जुलाई 1902) में जो काम किये उसके लिये मानव मात्र हजारों साल तक उन्हें याद करेगा। स्वामी विवेकानंद जी के अंतिम शब्द थे हो सकता है मै अपने फटे हुए वस्त्र की तरह शरीर को उतार फेंकू और मेरा शरीर छोड़ दु परंतु मेरा काम नही रुकेगा। विवेकानन्द जी के शिष्यों के अनुसार जीवन के अन्तिम दिन यानि 4 जुलाई 1902 को भी उन्होंने अपनी ध्यान करने की दिनचर्या को नहीं बदला था उन्होंने उस दिन घंटों तक ध्यान किया और ध्यानावस्था में ही अपने ब्रह्मरन्ध्र को भेद कर महासमाधि ले ली। बेलूर में गंगा तट पर चंदन की चिता पर उनकी अंत्येष्टि की गयी।

उनके शिष्यों और अनुयायियों ने उनकी स्मृति में वहाँ एक मन्दिर बनवाया और समूचे विश्व में विवेकानंद तथा उनके गुरु रामकृष्ण के सन्देशों के प्रचार के लिये 130 से अधिक केन्द्रों की स्थापना की। समय के साथ यह बात सही साबित हो गई है कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक के राष्ट्र निर्माण के समस्त प्रयत्नों में स्वामी जी के कार्यों और शिक्षाओं का अमूल्य योगदान रहा है और आगे भी रहेगा रहेगा।

भारत के अध्यात्म, धर्म, दर्शन और सांस्कृतिक गौरव को विश्व मे प्रतिष्ठित करते हुए मानवता के कल्याण और राष्ट्र पुनरुत्थान के प्रति जीवन समर्पित कर देने वाले प्रेरक स्वामी जी का जीवन और ओजस्वी संदेश आज भी हमे जीवन का सही दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहे है। परम पूज्य स्वामी जी के 160 वें जन्म दिन के पावन अवसर पर हम सभी को उनके द्वारा बताये गये मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लेना चाहिये। स्वामी विवेकानंद जी की जन्मतिथि को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हमारे देश में मनाया जाता है। स्वामीजी सैकड़ों सालों से हमारे लिये लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

**डॉ. जे. के. गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा, जयपुर**


# भारत व यू.ए.ई. के सैनिकों का महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में संयुक्त युद्धाभ्यास जारी

## आतंकी समूहों के हमले का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी कर रहे सैनिक

**बीकानेर, ( निसं )।** एशिया की सबसे बड़ी युद्धाभ्यास स्थली महाजन फील्ड फायरिंग रेंज एक बार फिर विदेशी सैनिकों के साथ हमारी सेना के संयुक्त युद्धाभ्यास का साक्षी बनी है। रेंज के धोरे राइफल से निकल रही गोलियों की आवाज के साथ बम के धमाकों से गूंज रहे हैं। पहले पांच दिन के अभ्यास में भारत और यूएई के 90 सैनिकों ने एक-दूसरे के हथियारों को समझा और युद्ध के रणनीतिक कौशल पर बात की।

अब फायरिंग और बम से हमले जैसे हालात पर अभ्यास शुरू हो गया है। एक दशक से संयुक्त राष्ट्र के चेप्टर के तहत काउंटर टेररिज्म पर हर साल विदेशी सेना के साथ महाजन रेंज में भारतीय सेना संयुक्त युद्धाभ्यास कर रही है। दूसरे देश की सैन्य टुकड़ी अपने हथियार और साजो-सामान के साथ आकर आतंकियों पर सैन्य ऑपरेशन का अभ्यास करती है। अभी 2 जनवरी से यूएई और भारतीय सेना के बीच अभ्यास चल रहा है। इसमें विश्व में आतंकी समूहों के हमले के बदलते तौर-तरीकों से निपटने का सैनिक अभ्यास कर रहे हैं।

काफी समय से चल रहे रूस-यूक्रेन और हमास-इजराइल युद्ध से सामने आई रणक्षेत्र की नई चुनौतियों को लेकर इस संयुक्त युद्धाभ्यास में फोकस किया जा रहा है। सैनिक इसमें काउंटर सैन्य कार्रवाई के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। बीते एक दशक में भारतीय सेना ने महाजन में अमरीका, ब्रिट्रेन, रूस, फ्रांस, ओमान के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास किए हैं। अब यूएई के साथ चल रहा है। भारत और अन्य देश के सैनिकों के 90 से 120 सैनिक 13 से 15 दिन तक संयुक्त अभ्यास करते हैं। दुश्मन के हमले या आतंकी हमले का महाजन रेंज में काल्पनिक खाका तैयार किया जाता है। अधिकांश युद्धाभ्यास दिसम्बर-जनवरी में होते हैं। कड़ाके की ठंड के सीजन में रेतीले धोरों में यह अभ्यास होता है। कई बार यह अगस्त-सितम्बर के गर्मी के मौसम में भी अभ्यास करते हैं। एशिया की सबसे बड़ी युद्धाभ्यास नोड महाजन फील्ड फायरिंग रेंज है। करीब 3.37 लाख एकड़ में फैली रेंज को गांवों को खाली कर बनाया गया था। इसमें बने पुराने बने मकान आदि अभ्यास में काम आते हैं।



**भारत व युएई के सैनिकों ने एशिया की सबसे बड़ी युद्धाभ्यास स्थली महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में संयुक्त युद्धाभ्यास किया।**

भारत और यूएई की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास डेजर्ट साइकलोन 2 से 15 जनवरी तक महाजन रेंज में चल रहा है। यूएई की जायेद फर्स्ट बिग्रेड के 45 सैनिक और भारत की मैकेनाइज्ड इंफ्रेन्ट्री रेजिमेंट के 45 सैनिक शामिल हैं। 28 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2022 तक 13 दिन भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास चला। दोनों देशों के 120 सैनिकों ने एक दूसरे के संगठन के ढांचे, युद्ध की कार्यशैली और छोटे ड्रिल समझने के लिए अभ्यास किया। भारतीय सेना और ओमान रॉयल आर्मी के बीच 1 से 13 अगस्त तक संयुक्त सैन्य अभ्यास अलनजहा-2022 चला। जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना के ऑपरेशन जैसे काउंटर टेररिज्म को लेकर अभ्यास किया गया। 8 से 21 फरवरी 2021 तक भारत और अमरीका की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास महाजन में हुआ। इसमें दोनों देशों के 120 सैनिक शामिल हुए। उन्होंने आतंकियों पर कार्रवाई के अनुभव साझा किए। 30 दिसम्बर 2015 से 14 जनवरी 2016 तक भारत और फ्रांस का महाजन में संयुक्त अभ्यास हुआ।

इसका दूसरा संस्करण शक्ति-2019 भी 31 अक्टूबर से 12 नवम्बर 2019 को किया गया। भारत और रूस की सेना के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास इन्द्र-2013 महाजन में 19 से 28 अक्टूबर-2013 तक किया गया। इसका दूसरा संस्करण 8 से 18 नवम्बर 2015 को फिर किया गया। भारत और ब्रिटेन की सेना ने 1 से 14 सितम्बर 2017 तक संयुक्त युद्धाभ्यास अजेय वारियर-2017 महाजन रेंज में किया। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2013 और 2015 में दो संयुक्त युद्धाभ्यास भी हुए।

- **भारत और यूएई की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास डेजर्ट साइकलोन 2 से 15 जनवरी तक होगा**

# "पीली आंख वाले कबूतर" जोड़बीड़ रिजर्व कन्जर्वेटिव क्षेत्र में प्रवास करने लगे

- **चार हजार किलोमीटर दूर रूस के साइबेरिया क्षेत्र से "पीली आंख वाले कबूतर" बीकानेर आने लगे**
- **इस साल रेकॉर्ड दस हजार से ज्यादा कबूतर बीकानेर के जोड़बीड़ क्षेत्र में प्रवास कर रहे हैं**

**बीकानेर, ( निसं )।** चार हजार किलोमीटर दूर रूस के साइबेरिया क्षेत्र से हजारों की तादाद में दुलर्भ घोषित "पीली आंख वाले कबूतर" बीकानेर के जोड़बीड़ रिजर्व कन्जर्वेटिव क्षेत्र में आकर प्रवास करने लगे है। एक दशक पहले तक यह उत्तर भारत में कुछ जगह सौ से पांच सौ की संख्या में आया करते थे। परन्तु साल दर साल पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने के बाद अधिकांश ने बीकानेर की तरफ रूख करना शुरू कर दिया। इस साल तो रेकॉर्ड दस हजार से ज्यादा कबूतर बीकानेर के जोड़बीड़ क्षेत्र में प्रवास कर रहे हैं। इसके पीछे कारण शिकार का भय नहीं, घास में इनके पसंदीदा खाने के बीज आदि भोजन का मिलना है। जिस कड़ाके की ठंड से राहत के लिए यहां आते हैं, वह तो मिलता ही है, साथ ही जाल और खेजड़ी के पेड़ों की झालदार टहनियां मिलती हैं। जिस पर बैठना इन्हें सबसे ज्यादा रास आ रहा है। वाइड लाइफ फोटोग्राफर व पक्षी प्रेमी राकेश शर्मा बताते हैं कि दो दशक से जोड़बीड़ में जा रहे हैं। साल 2012 में पहली बार यहां "पीली आंख वाले कबूतर" दिखाई पड़े थे। इस साल करीब ढाई-ढाई हजार कबूतरों के चार समूह आए हैं। ऐसे में संख्या दस हजार से अधिक है। यह दुलर्भ श्रेणी का पक्षी है। साइबेरिया व ठंडे क्षेत्रों में इसका शिकार बहुत ज्यादा होने से माना गया कि इसकी आबादी दुनिया में महज एक प्रतिशत ही बची है।

चार हजार किलोमीटर दूर रूस के साइबेरिया क्षेत से हजारों की तादाद में दुलर्भ घोषित "पीली आंख वाले कबूतर" बीकानेर के जोड़बीड़ रिजर्व कन्जर्वेटिव क्षेत्र में आकर प्रवास करने लगे है। एक दशक पहले तक यह उत्तर भारत में कुछ जगह सौ से पांच सौ की संख्या में आया करते थे। परन्तु साल दर साल पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने के बाद अधिकांश ने बीकानेर की तरफ रूख करना शुरू कर दिया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 8 जनवरी 2024**

पौष मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, विक्रम सम्वत 2080, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 10.03 तक, गडयोग रात्रि 2.55 तक, कौलव करण दिन 12.23 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति** - सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-धनु, बुध-धनु, गुरु-मेष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में संचार करेगा। आज सवार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 10.03 तक है।

**श्रेष्ठ चौघडिया** - अमृत सूर्योदय से 8.39 तक शुभ - 9.57 से 11.59 तक, चर 1.51 से 3.09 तक, लाभ-अमृत 3.09 से सूर्यास्त तक

**राहुकाल** - 7.30 से 9.00 तक, सूर्योदय 7.21 सूर्यास्त 5.45

**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में आ अड़चनें दूर होने लगेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**मिथुन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**कर्क**
व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। नौकरी पैशा व्यक्तियों को भाग-दौड से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में अथितियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**कन्या**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता-सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नौकरी पैशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु**
स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में जल्दबाजी करना ठीक नहीं रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

**मकर**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित स्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे।

# प्रदेश में अगले दो दिन बारिश और ओले गिरने की संभावना

## पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट



जयपुर में रविवार को जब कोहरा हटा तो विद्याधर नगर के स्वर्ण जयंती पार्क में ओस की बूंदे जमी हुई नजर आईं। *फोटो : दिनेश भारद्वाज*

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजधानी जयपुर समेत पूरे प्रदेश में शीतलहर का सितम बरकरार है। तेज सर्दी के कारण अलसुबह से देर रात तक धूजणी छूट रही है। इसी बीच अब मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 2 दिनों में बारिश और ओले गिरने की संभावना जताई है। बताया जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण मौसम में यह बदलाव आयेगा। रविवार को राजधानी जयपुर में कोहरे से हल्की राहत मिली, लेकिन ओस की बूंदों ने शहर को भिगोया। रविवार को छुट्टी के दिन लोग शहर घूमने निकले, लेकिन तेज ठंड के कारण वे भी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। सुबह-शाम पार्क में घूमने वाले

- **कोहरे से हल्की राहत मिली तो ओस की बूंदों ने शहर को भिगोया**
- **हालांकि शीतलहर के कारण राजधानी जयपुर में कंपकंपी बरकरार**

लोगों की संख्या भी इन दिनो कम ही नजर आ रही है। अलसुबह कोहरे का असर बरकरार है, लोग सर्दी से बचने के लिए शहर में जगह-जगह अलाव तापते नजर आते हैं।

मौसम विभाग की मानें तो राजस्थान में सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, कई जिलों में कोहरे का अधिक असर है, वहीं कुछ जिलों में बूंदबांदी भी शुरू हो गई है। अगले 2 दिन राजस्थान के कई जिलों में बारिश का अलर्ट दिया गया है। आठ जनवरी को कई जिलों में येलो अलर्ट है। जबकि 9 जनवरी को भरतपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, धौलपुर, जयपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, झालावाड़, करौली, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाईमाधोपुर और टोंक जिले में ओले गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले 4-5 दिन तक घना कोहरा छाया रहेगा। इसके अलावा विजिबिलिटी 200 मीटर से भी कम रिपोर्ट की जा सकती है। आगामी 24 घंटों में राज्य के कुछ भागों में अधिकतम तापमान औसत से 3 से 7 डिग्री नीचे जाने की संभावना है। राज्य के कई शहरों में शीत दिन दर्ज किया जा सकता है।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान माउंट आबू में एक डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा छह शहरों में रात का पारा पांच डिग्री से कम दर्ज किया गया। भरतपुर में रात का पारा 3.7 डिग्री और अलवर में 3.8 डिग्री पर आ गया।

## अ.भा.वि.प. का अमृत महोत्सव समारोह आज

**जयपुर**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) का अमृत महोत्सव समारोह 8 जनवरी को बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित होगा, इस समारोह में पूरे प्रांत के कार्यकर्ता सम्मलित होंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित होने जा रहे "अमृत महोत्सव समारोह" जयपुर प्रांत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी कार्यकर्ता, प्राध्यापक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, पूर्व कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 75वें वर्ष में आयोजित इस "अमृत महोत्सव समारोह" में विशेष सानिध्य प्राप्त होगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम का एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकान्त का। इस महोत्सव का स्वागत समिति के अध्यक्ष का दायित्व पूर्व उपाध्यक्ष बार काउंसिल आफ राजस्थान जी.डी. बंसल एवं स्वागत समिति सचिव का दायित्व युवा उद्यमी एवं समाजसेवी हेमंत शर्मा को दिया गया है।

अभाविप के प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने कहा कि, "अभाविप के अमृत महोत्सव वर्ष के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में यह समारोह आयोजित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी। तब से निरंतर परिषद छात्रहित व राष्ट्रिहत के लिए निरंतर तत्पर रही है। विद्यार्थी परिषद ने अपने 75 वर्ष के ध्येय यात्रा में ऐसे कई ऐतिहासिक मुद्दों को अंजन तक पहुंचाते हुए राष्ट्र पुनर्निर्माण के उद्देश्य से समाज के हर क्षेत्र को स्पर्श किया है। वर्तमान शैक्षिक सुधार में विद्यार्थी परिषद की अहम भूमिका रही है।

# सभी वर्गों की उन्नति के मिशन में जुटी भाजपा सरकार : डॉ. पूनिया



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने अपने आवास पर आये राज्यमंत्री ओटाराम देवासी से शिष्टाचार मुलाकात की।

**जयपुर**। भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने अपने आवास पर आये राजस्थान की भाजपा सरकार में राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, राज्यमंत्री मंजू बाघमार, उदयपुर राजघराने के महाराज कुमार एवं नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर अग्रणी राजस्थान बनाने के संकल्प को लेकर चर्चा की। डॉ. पूनिया ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के विजन को लेकर राज्य की भाजपा सरकार सभी वर्गों की उन्नति के मिशन में जुट गई है, जिसमें 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने से लेकर भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने पर भाजपा की डबल इंजन सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है।

# स्वस्थ भारत की रचना करें : देवनानी

**जयपुर**, (का.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सभी मिलजुल कर स्वस्थ भारत की रचना करें।

उन्होंने कहा कि शरीर, मन, मस्तिष्क स्वस्थ रहेंगे तब ही राष्ट्र की उन्नति होगी। उन्होंने लोगों से आव्हान किया कि वे राष्ट्र को स्वस्थ बनाने के लिए आवश्यक योग, यज्ञ और संतुलित आहार को आचरण में लाएं।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी रविवार को यहां राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित यज्ञ, योग एवं युक्ताहार नव वर्ष सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। समारोह राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद् द्वारा आयोजित किया गया व योग कार्यों में जागरूकता लाने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

देवनानी ने बताया कि भारत विश्व गुरु है व भारत की परंपराएं समृद्ध और वैज्ञानिक दृष्टि से सही है। उन्होंने कहा की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक दृष्टि से राष्ट्र समृद्ध है। हम सभी लोगों को निरोगी राष्ट्र बनाने के लिए योग, यज्ञ और संतुलित आहार को अपनाना होगा। योग स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और इसे जीवन का अंग बनाने कि आवश्यकता है। भारत का जीवन आदर्श है इसलिए इस मशीनी युग में बदलती जीवन शैली के लिए योग की आवश्यकता बढ़ गई है। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ताओं ने योग प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राम रतन देवाचार्य और राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। योग परिषद् के अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल और सचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने आभार व्यक्त किया।



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का रविवार को जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित यज्ञ, योग एवं युक्ताहार नववर्ष सम्मेलन में स्वागत किया गया।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर**। मुहाना थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया है।

पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित पवन शर्मा खातीपुरा, मुहाना का रहने वाला है। आरोपी ने इलाके स्थित एक घर की दीवार को थार जीप से टक्कर मार कर तोडा था। इस हमले में एक ही परिवार के छह लोग घायल हुए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आरोपित पवन को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# चार लाख रुपए लेकर पेपर में नकल करवाने वाला टीचर गिरफ्तार

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस कांस्टेबल ऑनलाइन भर्ती परीक्षा में नकल करवाने में मदद करने वाले वांछित टीचर मुलाराम को एसओजी ने गिरफ्तार किया है। टीचर ने नकल गिरोह के साथ मिलकर पास करवाने की एवज में 4 लाख रुपए में सौदा किया था। एसओजी टीम फिलहाल आरोपी टीचर से पूछताछ कर रही है।

एडीजी एसओजी-एटीएस वीके सिंह ने बताया कि मार्च 2018 में आयोजित राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा वर्ष 2017 की ऑनलाईन भर्ती परीक्षा में सिस्टम को हैक कर परीक्षार्थी को ऑनलाईन नकल कराने के संबंध में पुलिस थाना एसओजी जयपुर में प्रकरण दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में फरार वांछित अभियुक्त मुलाराम पुत्र भंवरलाल निवासी लोरा का बास, नालोट डीडवाना-कुचामन हाल अध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय, जिलिया



आरोपी मुलाराम

कुचामनसिटी जिला डीडवाना-कुचामन को गिरफ्तार किया गया है।

अब तक की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 2017 की ऑनलाइन राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में पूर्व में गिरफ्ता आरोपी हीरालाल से परीक्षा में पास करवाने के लिए चार लाख रूपये लिए। उसने नकल गिरोह से मिलकर परीक्षा में नकल की व्यवस्था करवाई थी। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। एसओजी द्वारा इससे पूर्व अब तक इस प्रकरण में 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में वांछित अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है।


**तीये की बैठक**



मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती मनभर देवी** का स्वर्गवास शनिवार 06/01/2024 को हो गया जिनकी तीये की बैठक सोमवार 8/01/2024 को दोपहर 2 से 3 बजे तक हमारे निवास स्थान मूडियारामसर पर होगी।

**शोकाकुल-** रामगोपाल (पति) जगदीश हरसहाय, रामेश्वर, गोपाल, सीताराम, रमेश (ससूर) रामनारायण, मोतीराम, रामस्वरूप, राजेन्द्र, (देवर), कमलेश, कैलाश, लोकेश, ओमप्रकाश, सुरेश, मुकेश आरुष, देवांश(पुत्र) समस्त सीमावत परिवार

9460142242, 9785988972



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे कंवर साहब **श्री अविनाश जी मेमियाँ** पुत्र स्व.श्री रतनबिहारी जी मेमियाँ का स्वर्गवास दिनांक 07.01.2024 को हो गया है। पीहर पक्ष की तीये की बैठक आज दिनांक 08.01.2024 को अणुविभा केंद्र, मालवीय नगर, जयपुर पर दोपहर 1.00 से 1.45 बजे तक होकर मुख्य बैठक में शामिल होगी।

**शोकाकूल-** गिर्राजप्रसाद, मथुरेशप्रसाद (ससुर), चेतन, गोपाल, राकेश, राधावल्लभ, श्यामबिहारी, भरत, गौरव, नंदकिशोर (साले), एवम समस्त लोहिया परिवार

मो.- 9828164320, 9413564129

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## महिला समेत चार ड्रग्स तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने चार थाना इलाकों में कार्रवाई करते हुए महिला समेत चार ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में गांजा, स्मैक, चरस एम.डी. और कोकीन बरामद की है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सीताराम उर्फ राधे आलीसर गोविन्दगढ़, श्याम प्रताप सिंह वरूण पथ मानसरोवर, मंगलदीप महेश नगर श्याम नगर और कविता सांसी सांगानेर मालपुरा की रहने वाली हैं।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने बताया कि अवैध नशा तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा हैं। सीएसटी टीम ने गोविन्दगढ़ में कार्रवाई करते हुए सीताराम उर्फ राधे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ब्राउन सुगर 53.20 ग्राम, एमडी 43.20 ग्राम एवं परिवहन के लिए काम में लिए दुपहिया वाहन को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने दूसरी कार्रवाई मानसरोवर में की। पुलिस ने तस्कर मंगलदीप को गिरफ्तार कर 49.60 ग्राम, एमडी 32.28 ग्राम, 5.20 ग्राम कोकिन बरामद की हैं। पुलिस ने तीसरी कार्रवाई श्याम नगर थाना इलाके में करते हुए श्याम प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक 2.50 ग्राम और परिवहन के दौरान काम में लिया गया दुपहिया वाहन बरामद कर लिया।

# राज्यपाल मिश्र ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार सुबह राजभवन विश्राम गृह में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विशेष रूप से मुलाकात की। मिश्र ने इस अवसर पर शुभता के प्रतीक भगवान श्री गणेश की छवि में उकेरी राजस्थान की प्रसिद्ध मीनाकारी कला का स्मृति चिन्ह भी उन्हें भेंट किया। उन्होंने शॉल ओढ़ाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। राज्यपाल मिश्र ने प्रधानमंत्री मोदी से इस दौरान प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों और संवैधानिक जागरूकता के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा भी की।

# लाभार्थियों को उज्जवला कनेक्शन और आयुष्मान कार्ड बांटे

- **आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के गोविंद मार्ग राजा पार्क स्थित आर्य समाज पार्क में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर लगाया गया**
- **शिविर के दौरान लगभग 300 जरूरतमंद परिवारों को अन्नपूर्णा राशन किट का वितरण किया गया।**

**जयपुर**, (का.सं.)। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के गोविंद मार्ग राजा पार्क स्थित आर्य समाज पार्क में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर लगाया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री मोतीलाल मीणा और आदर्श नगर विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ राजस्थान के संयोजक रवि नैय्यर ने शिविर में उपस्थित सभी लाभार्थियों से संपर्क कर लाभार्थियों से व्यक्तिगत परिचय किया। वहीं सभी लाभार्थियों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रत्येक स्टॉल पर जाकर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई।

शिविर में उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन दिए गए। इस दौरान कुछ विशिष्ट लाभार्थियों को शिविर के दौरान सम्मानित भी किया गया इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के हेल्थ बीमा कार्ड भी वितरित किये गए।

शिविर के दौरान लगभग 300 जरूरतमंद परिवारों को अन्नपूर्णा राशन किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया प्रदेश सह संयोजक अजय विजयवर्गीय, आईटी सेल के संयोजक धनराज सोलंकी ,समाजसेवी प्रदीप मित्तल, और विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, वर्तमान पार्षदगण और भाजपा के कार्यकर्ताओं सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## प्रदेश में 11 नए करोना संक्रमित मिले

**जयपुर**। प्रदेश में रविवार को 11 नए करोना संक्रमित सामने आए है। इनमें सबसे ज्यादा 8 संक्रमित जयपुर में मिले है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में केवल चार मरीज ही ठीक हुए है। प्रदेश में फिलहाल करोना के 59 एक्टिव केस मौजूद है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रविवार को जयपुर में 8 और जोधपुर में 2 तथा चूरू में एक नया संक्रमित मिला है। वहीं राजधानी जयपुर में कालवाड़, सोड़ाला, सुशीलपुरा, रंगोली गार्डन, सिरसी, मालवीय नगर और सांगानेर में एक-एक नया मरीज पाया गया है। वहीं एक संक्रमित का पता गलत होने से उसे ट्रेस नहीं किया जा सका है। फिलहाल राजधानी में 30 संक्रमितों का


**NAME CHANGE**

I Have Changed My Name From Nanda Devi Urf Nanda Bhagwani To Manju Vaswani W/O SH Manhohar Lal Vaswani, In Future I Should Be Known By This Name. Manju Vaswani Add - 164/92, Sector-16, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur City - 302033

राजस्थान सरकार
कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, अलवर (राज.)
क्रमांकःखअ/अल/सीसी-थानागाजी/अखप-101/87/05
दिनांकः02/01/2024
आम-सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खनन पट्टा संख्या 101 /87 वास्ते खनिज मारबल निकट ग्राम कलसीकालागुवाडा तहसील थानागाजी जिला अलवर में खनन पट्टाधारी श्री कन्हैयालाल कुम्हार पुत्र श्री रामचन्द्र कुम्हार निवासी थानागाजी जिला अलवर का देहान्त दिनांक 16.12.2002 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार कुम्भावत पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल कुम्हार निवासी 614 मैन बाजार थानागाजी, तहसील थानागाजी जिला अलवर (राज.) 301022 द्वारा उक्त खनन पट्टा राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली 2017 के नियम 76 के अन्तर्गत नामान्तरण अपने नाम करने बाबत इस कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई ऐतराज हो तो अपना उज्र / पक्ष 15 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरे मियाद कोई उज्र मान्य नही होगा एवं खनन पट्टे के नामान्तरण के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। सो सूचित होवें।
-(राजेन्द्र सिंह) खनि अभियन्ता, अलवर

न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजि. जोबनेर
प्रार्थना पत्र हस्ब ऑ. 1 रूल 8 जा.दी.द्व
रमेश चंद, बाबूलाल, भगवानसहाय वगै. बहैसियत स्वंय एवं प्रतिनिनिधि आम जनता खेडी अलूफा
बनाम
नानूराम वगै.
वाद बाबत स्थायी निषेधाज्ञा
आम सूचना
बनाम
वादीगण में बहेसियत स्वयं च आम जनता खेडी अलूफा के प्रतिनिधित्व के हेसियत से ग्राम खेडी अलूफा मे रियासत कालीन मंदिर श्री रघुनाथजी महाराज जो रामकुई से जोबनेर जाने वाली पक्की सी सी सडक पर स्थित है तथा मंदिर का गर्भगृह व मूर्ति दक्षिण की दिवास क पास उत्तर देखती हुई है उसे प्रतिवादीगण द्वारा अनाधिकृत रूप से तोडकर गर्भगृह व गेट का स्थान बदलते हुए निर्माण कराया जा रहा है को रोकने बाबत वाद व दर0 अस्थायी निषेधाज्ञा पेश की है।
अतः हर खास आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रकरण में हित रखने वाले व्यक्ति प्रकरण में पक्षकार बनना चाहे तो दिनांक 11.1.24 को न्यायालय में आवेदन कर पक्षकार कायम हो सकतें है।
आज दिनांक 4.1.24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
आज्ञा से-वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जोबनेर, जिला जयपुर
मोहर अदालत

# 1.80 लाख की रिश्वत राशि के साथ सरपंच व दलाल गिरफ्तार

## 36 लाख से अधिक की राशि के बिल पास करने की एवज में दो लाख की रिश्वत मांगी थी

**मालपुरा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक के अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राजेश आर्य के नेतृत्व में टीम ने रविवार को 1.80 लाख रूपये की रिश्वत राशि के साथ सीतारामपुरा पंचायत सरपंच प्रदीप शर्मा व दलाल रामनरेश सैनी को मालपुरा में एक चाय की दुकान से रंगे हाथों गिरफ्तार किया। निर्माण सामग्री के बिल पास करने की एवज में ठेकेदार से रिश्वत मांगी थी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शनी ने बताया कि मालपुरा विधानसभा क्षैत्र में संचालित मैसर्स बालाजी ट्रेडर्स के संचालक ठेकेदार ने टोंक एसीबी कार्यालय में एक परिवाद देते हुए शिकायत दर्ज करवाई थी। दी गई शिकायत में बताया कि उसकी फर्म द्वारा वर्ष 20022-23 में सीतारामपुरा पंचायत में मैटेरियल सप्लाई किया गया था। निर्माण सामग्री सहित पैंडिंग बिलों व टीडीएस एवं जीएसटी के रिफंड बिलों की 36 लाख से अधिक की राशि के बिल पास करने की एवज में सरपंच ने अपने दलाल के साथ 2 लाख रूपये की रिश्वत राशि की मांग करते हुए जबरन उसे परेशान कर रहा था। परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाने पर शिकायत सही पाई। रविवार को एसीबी जयपुर के उप महानिदेशक पुलिस रणवीर सिंह के सुपरविजन मे एसीबी टोंक के



**सीतारामपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रदीप शर्मा व दलाल रामनरेश सैनी को एसीबी टीम ने घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।**

अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राजेश आर्य के नेतृत्व मे टीम ने अपना जाल बिछाया। परिवादी द्वारा दूरभाष पर सरपंच व दलाल से बात करने पर उन्होंने मालपुरा पंचायत समिति की दुकानों में एक चाय की होटल पर होने की जानकारी देने पर टीम परिवादी के साथ मालपुरा पहुंची। परिवादी द्वारा चाय की दुकान पर सरपंच व दलाल से की गई वार्ता मे 1 लाख 8० हजार रूपये मे सौदा तय कर घुस की राशि दे टीम को ईशारा करते ही टीम ने जाल बिछा सरपंच प्रदीप शर्मा पुत्र सुरेन्द्र शर्मा निवासी बम्बोरी व दलाल रामनरेश सैनी पुत्र जगदीश निवासी बम्बोरी को रिश्वत राशि के साथ रंगे हाथ गिरफतार कर डिग्गी थाने में दोनों से पूछताछ की गई।

एडीशनल एसपी राजेश आर्य ने बताया कि परिवादी द्वारा दी गई शिकायत मे 36 लाख रूपये के बिल पैंडिग होने की जानकारी दी गई है। सरपंच व दलाल से पूछताछ के बाद उसके मकान व अन्य ठिकानों को चिन्हित कर कार्यवाही शुरू की गई। इस दौरान टीम मे सहायक उपनिदेशक आसीफ खान,सहायक प्रशासनिक अधिकारी भुपेन्द्र कुमार, कांस्टेबल ईश्वर प्रकाश, अजीत सिंह,राजकुमार, जलसिंह मौजूद रहे।

दो दिन पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जयपुर में देशभर के पुलिस आलाधिकारियो की ली गई बैठक मे

- **मालपुरा पंचायत समिति की दुकानों में चाय की होटल पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टीम ने कार्रवाई की**

क्राईम व भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाये जाने के दिये निर्देशो तथा राजस्थान में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सरकार में जीरो टॉलरेंस लागू करने की बनाई गई रणनीति के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मालपुरा में पहली सबसे बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। तो बीते दिनों पीएचईडी केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने भी मालपुरा पंचायत समिति सभागार में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा था कि अब राजस्थान में राज बदल गया है। सभी अधिकारी व कर्मचारी के साथ-साथ जनप्रतिनधि भी अपनी कार्यशैली में बदलाव कर बिना भ्रष्टाचार के काम करने की आदत डाल लें। अब भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं होगा। मालपुरा विधानसभा क्षैत्र में ग्राम पंचायत सरपंच को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार करने की अब तक की यह पहली व सबसे बडी कार्रवाई सामने आई है।

# बेकाबू बस ने बाइक व ऑटो को मारी टक्कर, वृद्धा की मौत

## गुस्साये माली समाज के लोगों ने शव के साथ प्रदर्शन करते हुये रोड जाम कर दिया



**मांगों को लेकर लोगों ने शव के साथ प्रदर्शन किया।**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र में बीच बाजार लव गार्डन रोड पर बेकाबू मिनी बस ने निजी अस्पताल में भर्ती बेटे को खाना देने जा रही बाइक सवार महिला सहित उसके बेटे को टक्कर मारते हुए एक ऑटो को चपेट में ले लिया। हादसे में वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला की मौत से गुस्साये माली समाज के लोगों ने शव के साथ प्रदर्शन करते हुये लव गार्डन रोड जाम कर दिया। ये लोग 50 लाख रुपये मुआवजे के साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग कर रहे हैं। मौके पर पुलिस अधिकारी समझाइश का प्रयास कर रहे हैं।

सुभाषनगर पुलिस ने बताया कि मालीखेड़ा, महिला आश्रम निवासी नंदू (65) पत्नी नंदलाल माली का बेटा शंकर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती है। नंदू, रविवार सुबह बेटे को खाना देने के लिए मंजले बेटे के साथ बाइक पर लव गार्डन रोड से होकर अस्पताल जा रही थी। इस दौरान बस स्टैंड से लव गार्डन की ओर जा रही मिनी बस बेकाबू हो गई। बस ने नंदू को चपेट में लेने के बाद एक अंडे के एक ठेले और ऑटो को भी टक्कर मार दी। हादसे में नंदू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर सुभाषनगर थाना प्रभारी जय सूल्तान सिंह, सब इंस्पेक्टर दिलीप सहल मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। उधर, मालीखेड़ा महिला आश्रम व मालीखेड़ा माणिक्यनगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हो गये। लोगों ने शव पुलिस को कब्जे में नहीं लेने दिया।

ये लोग शव के साथ प्रदर्शन कर 50 लाख रुपये मुआवजे व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन के चलते एक घंटे से बस स्टैंड से लव गार्डन मार्ग पर जाम लग गया। देर शाम तक सात घंटे से पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन समझाइश बेनितीजा रही है। इस दौरान उग्र होती भीड़ को पुलिस ने लाठियां भांज के खदेड़ा भी और सख्ती से समझाइश के प्रयास भी किए गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शव उठाने का अल्टीमेटम दिया है। फिलहाल मौके पर गहमागहमी का माहोल बना हुआ है।

- **उग्र होती भीड़ को पुलिस ने लाठियां भांज कर खदेड़ा, समझाइश के प्रयास भी किए**
- **निजी अस्पताल में भर्ती बेटे को खाना देने जा रही थी बाइक सवार महिला व बेटा**
- **50 लाख रुपये मुआवजे व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की मांग की**

# कोहरे व बर्फीली हवा ने कंपकंपी छुड़ाई

## कड़ाके की ठंड की वजह से लोग घरों में दुबके रहे

**बाप, (निसं)।** बाप में दो दिन मौसम साफ रहने से आमजन को दिन में सर्दी से थोड़ी राहत मिल गई थी कि रविवार को फिर कोहरा छा गया। कोहरे के साथ बर्फीली हवा कंपकंपी छुड़ा रही थी। कड़ाके की ठंड की वजह से लोग घरों में दुबके रहे। सूर्य करीब डेढ़ बजे निकला, जिससे सर्दी से मामूली राहत मिली। घना कोहरा व हांड़ कंपाने वाली सर्दी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचाव का जतन कर रहे हैं।

**मसूदा में कोहरे ने परेशानी बढ़ाई :-** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को भी घने कोहरे व सर्द हवाओं ने कस्बेवासियों को ठिठुरने को मजबूर कर दिया। प्रातः से ही घने कोहरे के साथ तेज सर्द हवाओं ने कस्बेवासियों का घर से निकलना दुश्वार कर दिया। प्रातम् दस बजे तक कोहरा छाया रहने से वाहन



**बाप में कोहरे के साथ बर्फीली हवा से लोगों में कंपकंपी छूटी।**

चालकों को परेशानी हुई। वहीं बादलों के छाए रहने एवं सर्द हवाओं ने कस्बेवासियों को ठिठुरने के लिए मजबूर कर दिया। जिसके चलते कस्बेवासी अलाव एवं गर्म कपड़े पहनकर सर्दी से निजात पाने के लिए जुटे नजर आए। दोपहर बाद धूप ने कुछ राहत दी लेकिन शाम ढलते-ढलते दोबारा तेज ठंडी हवाओं के चलने से सर्दी के तेवर तीखे होने से भीषण ठंड के चलते दुकानदार भी घरों की ओर लौटने से बाजार व बस स्टैंड सुनसान नजर आने लगा है।

# अपहरण का सह आरोपी गिरफ्तार

**सांभरझील, (निसं)।** नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में फरार चल रहे सह आरोपी रामस्वरुप यादव पुत्र श्रवण लाल को गिरफ्तार करने में जोबनेर पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने अपहरण के काम में ली गई अल्टो कार को भी सह आरोपी की निशान देही पर बरामद कर लिया है। जोबनेर थाना के इंचार्ज धर्म सिंह ने बताया कि आरोपी को इससे पहले अपहरण के मामले में पुलिस मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शान्तुनू कुमार सिहं ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा वांछित मुल्जिमानों की गिरफ्तारी हेतु धरपकड़ अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ सख्त करवाई कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने हेतु दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय व्याप्त हो इसके लिए समय-समय पर ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी की जाती रहेगी, अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दस हजार रुपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** ढाई वर्ष से फरार चल रहे टॉप टेन बजरी माफिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी हरिपाल सिंह ने बताया कि जिले के टॉप टेन बजरी माफिया की सूची में शामिल दस हजार रुपए का इनामी आरोपी जयदेव गुर्जर पुत्र शंकरलाल गुर्जर निवासी मानपुर डूंगरी शीतला माता थाना चाकसू जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। जिसमें थाने के हेड कांस्टेबल प्रेम नारायण, नीरज शर्मा, कांस्टेबल राधाकृष्ण यादव, राजेश चौधरी, पायलट मीणा को शामिल किया गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस अलग-अलग जगह पर दबीश दे रही थी। आरोपी लगातार अपनी पहचान व ठिकाना बदलकर फरारी काट रहा था। आरोपी घटना के बाद से ही करीब ढाई साल से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जिला पुलिस द्वारा दस हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था।

जानकारी के अनुसार 10 मई 2021 को थाना एएसआई पन्नालाल मय जाप्ते के साथ मूवी की सूचना पर बरौनी की तरफ एनएच 52 पर एक बजरी से बड़ा डंपर आ रहा था। पुलिस ने नाकेबंदी शुरू कर दी। इस दौरान बरौनी की तरफ से एक डंपर बजरी से भरा हुआ आता दिखाई दिया इसके चालक को रोकने का इशारा किया तो चालक पुलिस की नाकाबंदी तोड़ता हुआ डंपर को जयपुर की तरफ भाग ले गया। जिसका पीछा करने पर डंपर को एस्कॉर्ट करती हुई आ रही एक कर चालक ने अपनी कर को पुलिस वाहन के आड़े लगा दिया व पुलिस वाहन को साइड नहीं देते हुए डंपर व कर चालक लापरवाही पूर्व चलाकर डंपर में भारी बजरी खाली करते हुए जयपुर की तरफ भाग ले गए।

पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी के विरुद्ध जयपुर व टोंक में फायरिंग, जानलेवा हमला करने व अवैध बजरी खनन के प्रकरण में मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस का अनुसंधान जारी है।

# नाबालिग बालिका लापता

**अजमेर, (कासं)।** गंज थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग बालिका के लापता होने का मामला सामने आया है। उसके पिता ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि बालिका घर से मंदिर दर्शन के लिए कह कर निकली थी, लेकिन वापस घर नहीं पहुंची। गंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंज थाना पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पिता ने बताया कि 15 वर्षीय बेटी उसकी भतीजी के साथ बजरंगगढ़ माता मंदिर प्रसाद चढ़ाने के लिए गई थी। प्रसाद चढ़ाने के बाद दोनों फव्वारा चौराहे पर पहुंची, जहां पर उसकी बेटी ने भतीजी को यह कहकर घर के लिए रवाना कर दिया कि उसे मित्तल मॉल जाना है। वहां पर उसे समय लगेगा। इसके बाद उसकी भतीजी बस में बैठकर घर पहुंच गई। दूसरे दिन उसकी बेटी का फोन आया और उसने कहा कि वह अपनी दोस्त की फैमिली के साथ खाटूश्याम में है और वह देर रात तक घर पहुंच जाएगी, लेकिन वह रात तक घर नहीं पहुंची। अब उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

# ठगी व लूट करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा



**ठगी व लूट की वारदात करने वाली अंतर्राज्यीय गैंग को सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।**

**बांसवाड़ा, (निसं)।** बांसवाड़ा व डूंगरपुर जिलों में असली नोट के बदले दो से तीन गुना नकली नोट देने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने डूंगरपुर जिले के दो होमगार्ड जवानों सहित पांच जनों को गिरफ्तार किया है।

महानिरीक्षक एस. परिमला के निर्देशन में बांसवाडा व डूंगरपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने ठगी व लूट की वारदातों को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय गैंग का खुलासा किया है। जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दानपुर क्षेत्र के छोटी सरवन के सुरेन्द्र कलाल से ताजेंग पटेल व उसके साथियों द्वारा असली नोट के बदले तीन गुना नकली नोट का धंधा करने की सूचना मिली। फेक करेंसी की सूचना मिलने पर पुलिस ने परिवादी से संपर्क कर उसे भरोसे में लिया और उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार 19 दिसम्बर को प्रार्थी के साथ सादे वस्त्रों में पुलिस टीम बांसवाडा डिकॉय के लिये गयी। नकली नोट की डील करने वाली गैंग ने डील के लिये पहले अगरपुरा बुलाया लेकिन बाद में स्थान बदलकर कुंआ थाना क्षेत्र के सेण्डोला गांव में डील करना निर्धारित किया। जब टीम वहां पहुंची तो डूंगरपुर होमगार्ड के जवान व अन्य आरोपी पुलिस की वर्दी में हथियार सहित आये तथा प्रार्थी व पुलिस टीम पर पथराव करते हुए प्रार्थी से चार लाख रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गये। घटना स्थल डूंगरपुर का होने से रिपोर्ट कुआं थाना में दी गयी जिसकी प्रारंभिक जांच में घटना की योजना बांसवाड़ा में बनाना पाया गया। जिस पर दानपुर थाने में प्रकरण दर्ज कर तकनीकि माध्यम एवं आसूचना संकलन कर वारदात में शामिल राकेश पटेल निवासी डूंगरा एवं डूंगरपुर के अन्य चार अभियुक्तों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया जिसमें डूंगरपुर होमगार्ड के दो जवान शामिल है। पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि घटना में प्रयुक्त वाहन इको वेन को भी जब्त किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इस गैंग के सदस्य राजस्थान व अन्य राज्यों में ग्राहक ढूंढते और असली नोट देते जिसे चलाने पर ग्राहक संतुष्ट हो जाता और दो से तीन गुना अधिक के लालच में वह डील करने के लिये न्यूनतम चार लाख रुपये लेकर सुनसान जगह पर आता। गैंग के सदस्य नकली नोट की जगह चिल्ड्रन बैंक नोट अपने पास रखते। जब बातचीत शुरु होती है तो ग्राहक से असली बैग छीन लिया जाता है इसी दौरान वहां नकली पुलिस पहुंचती है जिसमें डूंगरपुर के दो होमगार्ड जवान पुलिस बनकर आते और ग्राहक को नकली नोट की डील के नाम पर डरा-धमकाकर मामले को रफा-दफा करने के नाम पर और पैसे मंगवाये जाते थे। इसी कारण डरकर कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट नहीं देता। एसपी सिंह ने बताया कि यह गैंग दो वर्ष से इस तरह की वारदातों को अंजाम देती आ रही है। एसपी सिंह ने आमजनता से अपील की है कि यदि किसी के साथ ठगी, लूट होती है तो वह तत्काल पुलिस से संपर्क करें और ऐसे लोगों के किसी भी झांसे में न आये।

- **दो होमगार्ड जवान सहित पांच जनों को गिरफ्तार किया, यह गैंग दो वर्ष से वारदातें कर रही थी**
- **असली नोट के बदले तीन गुना नकली नोट का धंधा करने की सूचना मिली थी**

# ठंड से युवक की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शाहपुरा जिले के फुलिया कलां उपखंड क्षेत्र के धनोप माता मंदिर धर्मशाला में सर्दी से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

युवक दो माह से धनोप माता मंदिर स्थित रेबारियो की धर्मशाला में रह रहा था। आज सवेरे जब युवक मृत मिला तो लोगों द्वारा धनोप माता मंदिर ट्रस्ट पदाधिकारियों को सूचना दी। जिसके बाद मंदिर ट्रस्ट पधाधिकारियों द्वारा फूलिया कलां पुलिस को सूचित किया जिसके बाद फुलिया कलां थाने से हेड कांस्टेबल सियाराम सहित जाप्ता मौके पर पहुंचा।


युवक की पहचान जहाजपुर थाना क्षेत्र के छाबड़िया गांव का निवासी रणजीत पिता बरदा भील उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फुलिया कलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया और परिजनों को सूचित किया गया। परिजन आने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया।

# आयुर्वेद विद्वान प्रो. हरिशंकर शर्मा का निधन, जोधपुर में हुआ अन्तिम संस्कार

## 96 वर्षीय प्रो. शर्मा को आयुर्वेद के आज के युग का भीष्म पितामह भी कहा जाता था

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर में जन्मे, जामनगर स्थित विश्व के प्रथम आयुर्वेद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं डीन रहे तथा जापान में आयुर्वेद का प्रचार-प्रसार करने वाले प्रो. हरिशंकर शर्मा का नई दिल्ली के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार आज जोधपुर में किया गया।

बाल्यकाल से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी प्रो. शर्मा ने तत्कालीन निदेशक एवं सुप्रसिद्ध आयुर्वेदज्ञ वैद्य यादवजी त्रिकमजी के सान्निध्य में वर्ष 1956 में विश्व के एकमात्र आयुर्वेद स्नातकोत्तर संस्थान जामनगर से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की और वहीं अध्यापन और शोध कार्यों में संलग्न हो गए। इसी बीच वे जयपुर में वर्ष 1979 में नवस्थापित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के निदेशक भी रहे। अनेक देशों में आयुर्वेद विज्ञान के वैज्ञानिक तथ्यों को प्रस्तुत कर पश्चिमी देशों में आयुर्वेद के प्राचीन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ज्ञान का अनेक अवसरों पर प्रचार प्रसार किया। अभी हाल ही में आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर में बाल स्वास्थ्य विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस 'कौमारकोन-2023" में प्रो. शर्मा ने उद्घाटन समारोह में माननीय राज्यपाल कलराज मिश्रा के साथ तथा समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की थी। प्रो. शर्मा ने गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर से सेवानिवृत्ति के बाद जापान को अपनी कर्मभूमि बनाया और वहां अनेकों विख्यात चिकित्सकों ने उनका विद्यार्थी बन कर आयुर्वेद सीखा। जापान में उन्होंने अपनी पत्नी डॉ. इनामूरा हिरोई के साथ जापान आयुर्वेद सोसायटी की स्थापना की और वहां सोसायटी के तत्वावधान में प्रति दो वर्ष से एक अन्तर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आयोजन करवाते थे। जापान आयुर्वेद सोसायटी की अक्टूबर 2022 में आयोजित कांफ्रेंस में आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के बालरोग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की थी तथा जापान के चार महानगरों में



**आयुर्वेद विद्वान प्रो. हरिशंकर शर्मा**

उनके स्वर्णप्राशन सहित आयुर्वेद के विशिष्ट व्याख्यान आयोजित हुए थे।

प्रो. शर्मा रा. स्व. संघ के बाल्यकाल से स्वयंसेवक थे और तत्कालीन सरसंघचालक स्व. गोलवलकर गुरूजी के सान्निध्य में नागपुर में प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया था। वे वर्तमान में हिन्दू महासभा जापान के अध्यक्ष थे। प्रो. शर्मा ने यूरोपियन यूनियन पार्लियामेंट में आयुर्वेद के मुख्य वक्ता के रूप में भाषण दिया था। आरोग्य भारती जोधपुर द्वारा वर्ष 2021 के धन्वंतरि जयंती समारोह में उन्हें लाईफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वे अनेकों विश्वविद्यालयों और अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं से जुड़े रहे। 96 वर्षीय प्रो. शर्मा को आयुर्वेद के आज के युग का भीष्म पितामह भी कहा जाता था। प्रो. शर्मा के निधन पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति, जापान आयुर्वेद सोसायटी के डॉ. मकोटो यनागिदा, डॉ. योइचि टोकुनागा यूरोपियन आयुर्वेद अकादमी के निदेशक डॉ. वेंकट नारायण जोशी, इंग्लैंड के डॉ. रघुनंदन शर्मा, अमेरिका की ग्लोबल आयुर्वेद अकादमी के निदेशक डॉ. शेखर अन्नमबोटला, दिल्ली के डॉ. नामाधार शर्मा, आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व डीन रिसर्च प्रो. प्रेमप्रकाश व्यास, प्राचार्य प्रो. महेन्द्र कुमार शर्मा, कल्टीवेटर जोधपुर के निर्यातक उद्यमी तरुण प्रजापति सहित देश- विदेश के आयुर्वेद विद्वानों और शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया है।

- **जापान में हरिशंकर शर्मा ने पत्नी डॉ. इनामूरा हिरोई के साथ जापान आयुर्वेद सोसायटी की स्थापना की थी**
- **जामनगर स्थित विश्व के प्रथम आयुर्वेद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं डीन रहे थे प्रो. हरिशंकर शर्मा**

# नगर निगम की 'ठाठर आवास योजना' में पटाखे का गोदाम और धागा फैक्ट्री मिली

## अवैध निर्माण की शिकायत पर महापौर मुनेश गुर्जर ने स्वयं किया मौका निरीक्षण

**जयपुर( कासं )।** हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने रविवार को आमेर में नगर निगम की ठाठर आवसीय योजना का निरीक्षण किया। दरअसल गुर्जर को इस योजना में अतिक्रमण की शिकायत मिली थी, इस पर मुनेश गुर्जर रविवार को अचानक हवामहल जोन उपायुक्त सन्जू पारीक व उपायुक्त सतर्कता ए.के.महरानिया को साथ लेकर मौके पर पहुंची।

मेयर ने करीब 1.30 घंटे तक मौके पर रूककर निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि योजना की जमीन पर 4 आवास बन चुके हैं और एक आवास में धागे की फैक्ट्री चल रही है। साथ ही एक भूखण्ड पर पटाखों का गोदाम बना रखा था। इस पर महापौर मुनेश गुर्जर ने इन आवासों में रहने वालों से मौके पर ही मूल दस्तावेज मंगवाये और अधिकारियों से दस्तावेजों की जांच कराई। महापौर ने कॉलोनी में रह रहे लोगों के कागजातों की प्रतियां निगम मुख्यालय में लाकर परीक्षण करने के निर्देश दिये । साथ ही ठाठर योजना की जमीन पर तारबन्दी करने और जेसीबी से मलबा उठाने के निर्देश भी दिए। मुनेश गुर्जर ने उपायुक्त संजू पारीक व उपायुक्त सर्कता एस.के महरानियां को निर्देश दिये कि वे तुरन्त पता लगायें कि इस आवासीय योजना पर बने यह 4 आवास नियमानुसार बने हैं या अवैध निर्माण है। अगर कागजात फर्जी निकले तो इन आवासों को ध्वस्त किया जायेगा। मेयर ने इस मामले की जल्द रिपोर्ट पेश करने को कहा। इस दौरान पार्षद अंजली ब्रह्(रभटट्, अविनाश सैनी, उपनिदेशक जनसंपर्क मोती लाल वर्मा, निरीक्षक सतर्कता श्री मोहन मीणा, नवनीत कुमार व महापौर के विशेषाधिकारी उम्मेद सिंह मौजूद थे।

- **मौके पर बने 4 आवासों के कागजातों की जांच हवामहल-आमेर जोन उपायुक्त और सतर्कता उपायुक्त को सौंपी**
- **महापौर मुनेश गुर्जर ने कहा, अगर यह मकान अवैध तरीके से कागजातों में हेरफेर कर बनाए गए हैं तो इन्हें ध्वस्त करेंगे**



**हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने रविवार को अचानक आमेर पहुंचकर नगर निगम की ठाठर आवास योजना का निरीक्षण किया।**

## सिरफिरे युवक ने कार जलाई

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ रोड स्थित मंगलम सिटी में शनिवार रात को एक सिरफिरे बदमाश ने सड़क किनारे खड़ी कार को आग लगा दी। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। बताया जा रहा है कि यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। अब पुलिस मामले की जांच कर रहीं है।

पीड़ित बालकिशन शर्मा ने बताया कि वह टैक्सी कार चलाता है। शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह कार लेकर अपने घर पर आया। जिस बिल्डिंग में उसक फ्लेट है। उस बिल्डिंग के नीचे एक दुकान है। जिसके पास में रात को एक व्यक्ति अलाव ताप रहा था। रात को बढ़ती देखकर बालकिशन ने उस व्यक्ति से कहा कि यहां क्यों बैठे हो, घर जाओ। उस व्यक्ति को बालकिशन जानता नहीं है। उस व्यक्ति ने कहा कि उसका घर पर झगड़ा हुआ है। इस पर बालकिशन ने कहा कि जो भी है, अपने घर जाओ। इसके बाद बालकिशन कार को सड़क पर खड़ी कर अपने फ्लैट में चला गया। रात करीब साढ़े 12 बजे सड़क से गुजर रहे कुछ लोगों ने कार में आग लगती देखी। इसके बाद हल्ला होने पर कार मालिक बालकिशन व अन्य लोग बाहर आए। लोगों ने फायर बिग्रेड और पुलिस को सूचना दी। लेकिन इससे पहले लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलने पर करधनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पीड़ित ने बताया कि आग लगाने का पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद हो गया है। जो अज्ञात व्यक्ति अलाव ताप रहा था। वह आग लगी लकड़ियों को लाकर कार में आग लगाते हुए दिख रहा है। पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रहीं है।

## मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह का स्वागत



**झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 48 की पार्षद कुमकुम शक्तावत और भाजपा नेता शक्तिसिंह मानपुरा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बलवीर सिंह, मदन सिंह, विनोद महला, कल्याण सिंह, हरीश शर्मा, अजय सिंह, अजीत सिंह, विरेंद्र सिंह और नंद सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति व स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।**

## सार-समाचार

### प्राजुक्ता और कृतिका का सम्मान



**जयपुर** (कासं)। भारतीय मानक ब्यूरो का 77वां स्थापना दिवस जयपुर की एक होटल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आई.ए.एस. अजिताभ शर्मा थे, जबकि विशिष्ट सचिव सी.पी.डब्ल्यू.डी. के चीफ इंजीनियर एन.के.बंसल रहे। इस मौके पर पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 जयपुर की छात्रा प्राजुक्ता विश्वास को राष्ट्रीय स्तर पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रथम आने पर एवं कृतिका शेखावत को राज्य स्तर की प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में तृतीय आने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीआरएस की डायरेक्टर कनिका कालिया और पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 जयपुर के शिक्षक नरपाल सिंह भी उपस्थित रहे।

### चाकू की नोंक पर चेन-पर्स लूटे

**जयपुर**। मुरलीपुरा थाना इलाके में बाइक पर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने चाकू की नोक पर एक युवक से सोने की चेन-पर्स लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में पीड़ित ने बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज करवाया है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल लूटेरों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि चरण नदी मुरलीपुरा निवासी धर्मवीर जांगीड़ (33) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह थाना इलाके में स्थित रोड नंबर-14 बाइपास से जा रहा था। इस दौरान पीछे से आए बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसे पकड़ चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और फिर गले में पहनी सोने की चेन और जेब में रखा उसका पर्स निकाल फरार हो गए। वारदात के दौरान पर्स में करीब 3 हजार रुपए, क्रेडिट-डेबिट काड्र्स और ओरिजिनल डॉक्यूमेंट रखे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक सवार लुटेरों की तलाश कर रही है।

### घर-घर शराब सप्लाई करने वाला पकड़ा

**जयपुर** । जवाहर सर्कल थाना पुलिस ने डोर टू डोर शराब की सप्लाई करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अलग अलग ब्राण्ड की शराब बरामद की है। पुलिस इस इस मामले में गिरोह के सरगना की तलाश कर रही है। थानाप्रभारी दलबीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अमन पठान दादाबाड़ी कोटा का रहने वाला है। जबकि उसका साथी प्रवीण मीणा भागने में सफल हो गया। पुलिस ने बताया कि एसआई मदरूप गश्त पर रहे थे। सूचना मिली थी कि डोर टू डोर शराब की सप्लाई की जा रही है। इस पर शराब की सप्लाई करने वाले आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। रात डेढ़ बजे बाइक पर दो व्यक्ति शराब की सप्लाई करने आए। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी अमन को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि शराब की सप्लाई का पूरा नेटवर्क और लेन-देन का हिसाब तूंगा बस्सी हाल गैटोर रोड जवाहर सर्कल निवासी अजय मीना कर रहा था। पुलिस अजय मीना की तलाश कर रही है।

### स्मैक तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर** । आमेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर (डीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.61 ग्राम स्मैक और ब्रिकी की राशि और एक मोबाइल जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी नंदलाल नेहरा ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक तस्कर अब्दुल साहीब खान उर्फ साहीब बॉस निवासी हांडी पुरा आमेर को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.61 ग्राम स्मैक और ब्रिकी की राशि 15 सौ रुपये और एक मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस आरोपित से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

### दो ट्रकों की भिडंत में युवक की मौत

**जयपुर** । मुरलीपुरा थाना इलाके में शुक्रवार देर रात लोहामंडी के पास दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। हादसे की सूचना पर एक्सीडेंट थाना पश्चिम मौके पर पहुंचा और ट्रकों को हटाकर जाम को खुलवाया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे विश्वकर्मा में हर्ष होटल के सामने दो ट्रक आपस में टकरा गए। हादसे में दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर मेवात नूह हरियाणा निवासी 24 वर्षीय साहिल पुत्र इकबाल की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल का कांवटिया अस्पताल में उपचार जारी है।

### घर के बाहर से ऑटो चोरी

**जयपुर** । सांगानेर थाना इलाके में चोर एक घर के बाहर खड़ा ऑटो चुरा ले गए। जिस समय चोर वारदात को अंजाम दे रहे थे उस दौरान पूरा घटनाक्रम कैमरे में कैद हो गया। पुलिस अब फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में तिरूपति विहार सांगानेर निवासी महेश कुमार महावर ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि शनिवार रात उन्होंने घर के बाहर ऑटो खड़ा किया था। रात 2 बजकर 7 मिनट पर दो चोर आए और उनके ऑटो को चुरा ले गए। पहले चोर ऑटो को धक्का देकर ले गए। फिर स्टार्ट कर चुरा ले गए। महेश ने बताया कि 16 महीने पहले ही उन्होंने ऑटो खरीदा था। अभी इसकी किश्त चल रही थी। ऑटो से वह अपने परिवार का गुजारा चला रहे थे। किश्त पूरी भी नहीं हुई थी कि चोर ऑटो को रविवार सुबह चुरा ले गए।

### एनिमी ऑफ द पीपुल का मंचन 9 को

**जयपुर** । जवाहर कला केन्द्र में कला संसार के अंतर्गत मंगलवार, 9 जनवरी को नाटक एनिमी ऑफ द पीपुल का मंचन किया जाएगा। हेनरिक इब्सन की कहानी पर आधारित नाटक का निर्देशन युवा नाट्य निर्देशक योगेन्द्र सिंह परमार ने, जबकि नाट्यय रुपांतरण नेमीचंद्र जैन ने किया है। कृष्णायन में शाम 6:30 बजे नाटक का मंचन होगा। नाटक में एक कर्तव्यनिष्ठ नायक और पूंजीवाद का संघर्ष दिखाया गया है।

## तेज रफ्तार पिकअप पलटी, चार लोग घायल

**जयपुर** । विश्वकर्मा थाना इलाके के अजमेर दिल्ली हाईवे स्थित खातियों की ढाणी के पास शनिवार देर शाम को 14 नंबर से चंदवाजी की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप का अचानक टायर खुलने से पिकअप अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। पिकअप के पलट जाने से पिकअप में बैठी सवारिया सड़क पर गिर गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर घायल हो गए।

सूचना पर एक्सीडेंट थाना वेस्ट पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही एंबुलेंस ने सभी घायलों को कांवरिया अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए एसएमएस अस्पताल रेफर कर दिया । एक्सीडेंट थाना वेस्ट पुलिस के राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि 14 नंबर पुलिया से एक पिकअप सवारियां भरकर चंदवाजी की ओर जा रही थी । बताया जा रहा है कि पिकअप तेज रफ्तार में थी और अचानक पिकअप का टायर खुल गया और पिकअप अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। हादसे में पिकअप में बैठे लोग सड़क पर गिर गए। इस हादसे में,रघुनाथ धर्मराज, सोहन पांचू गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस में एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया । जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए एसएमएस रैफर कर दिया । जहां उनका उपचार जारी है ।


# जयपुर-दिल्ली रोड पर 'ग्रीन वैली' की दुर्दशा कर रहे हैरिटेज निगम के अफसर

## 'जयपुर' डिजाइन में लोहे की जालियां क्षतिग्रस्त, सजावटी पौधे भी नहीं

**जयपुर( कासं )।** राजधानी जयपुर में दिल्ली रोड बाईपास पर "ग्रीन वैली" इन दिनों अपनी दुर्दशा का रोना रो रही है। हर साल करीब 10 करोड़ रुपये पेड़-पौधों पर खर्च करने के बावजूद हैरिटेज नगर निगम की उद्यान शाखा के पास दिल्ली रोड स्थित ग्रीन वैली में 'जयपुर' डिजाइन को सजाने ने लिए समय नहीं है। यहां पर जालियां क्षतिग्रस्त पड़ी है, इनमें सजावटी पौधे लगाने के लिए बनाए गए बॉक्स खाली पड़े हुए है। करीब 10 वर्ष पहले इस ग्रीन वैली को विकसित करने का उद्देश्य यह था कि जब जयपुर शहर में देशी-विदेशी पावणे अथवा कोई नेता पधारे तो उनको जयपुर की सुंदरता यहां नजर आ सके। जयपुर शहर में हुई डीजी-आईजी कॉफ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और देशभर के वी.वी.आई.पी. गेस्ट पहुंचे, इसके बावजूद अधिकारियों ने इस ग्रीन वैली को निखारने पर कोई ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों की मानें तो पिछले कई महीनों से यहां पर पौधे नहीं लगाए जा रहे है। जबकि, सर्वाधिक सैलानी दिल्ली रोड से ही जयपुर में प्रवेश करते हैं। हालांकि, ग्रीन वैली जरूर हरी-भरी नजर आ रही है।

इसी तरह जयपुर परकोटे के बाजारों से लेकर बनीपार्क, दिल्ली रोड, आदर्श नगर की मुख्य सड़कों से लेकर कॉलोनियों के डिवाइडर पर लगे पौधों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बड़ी-छोटी चौपड़ पर दो वर्ष पहले ग्रीनरी विकसित की गई थी, लेकिन रखवाली के अभाव में यह पौधे भी नष्ट हो गए है।

देखा जाए तो उद्यान शाखा के अधिकारियों का पूरा ध्यान निगम सीमा क्षेत्र में होने वाले वीआईपी प्रोग्राम पर रहता है। नई सरकार बनने के बाद 15 से 20 आयोजन हुए हैं, इन कार्यक्रमों में पौधे-गमले सहित लगाए जाते हैं। उद्यान शाखा के अधिकारी सिर्फ इन्हीं कार्यक्रमों में व्यस्त रहते है। वहीं दूसरी ओर परकोटा क्षेत्र में धीरे-धीरे पुराने पेड़ कम होते जा रहे हैं और नए पौधे नगर निगम लगा नहीं पा रहा है। कुछ जगह सजावटी पौधे जरूर दिखाई देते हैं, लेकिन, मानसून के बाद वहां भी खाली गमले ही नजर आते है। अगर आंकड़ों पर नजर डाले तो नगर निगम प्रशासन हर वर्ष करीब 10 करोड़ रुपये पेड़-पौधों और शहर में हरियाली विकसित करने पर खर्च करता है। शहर में करीब 3000 हजार पौधों के छोटे गमले लगाए जाते हैं, लेकिन इन दिनों अधिकांश पौधे नष्ट हो चुके है।




**जयपुर-दिल्ली बाइपास पर ग्रीन वैली में बनाई गई 'जयपुर' की दीवार पर सजावटी पौधे गायब हैं, यहां पर पौधे लगाने के लिए लगाए गए बॉक्स भी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।**

- **डीजी-आईजी कॉफ्रेंस में प्रधानमंत्री से लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री व कई वीवीआईपी गेस्ट जयपुर आए, इसके बावजूद सजावट पर कोई ध्यान नहीं दिया गया**
- **सूत्रों की मानें तो नगर निगम हर साल 10 करोड़ रुपये पेड़-पौधों पर खर्च करता है, लेकिन अधिकारियों का ध्यान सिर्फ वी.आई.पी. प्रोग्राम तक सीमित है**

# स्वतंत्रता सैनानी कृष्ण चंद्र की स्मृतियों को नमन किया




**गांधीवादी, स्वतंत्रता सैनानी कृष्ण चंद्र सहाय की चौथी पुण्य तिथि पर रविवार को विनोबा ज्ञान मन्दिर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

**जयपुर**। सत्ता व संपति से दूर रहने वाले, चम्बल घाटी शांति मिशन को समर्पित, देहदानी, वरिष्ठ गांधीवादी, स्वतंत्रता सैनानी कृष्ण चंद्र सहाय की चौथी पुण्य तिथि पर रविवार को विनोबा ज्ञान मन्दिर जयपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कृष्ण चंद्र सहाय पुण्य स्मरण में उनकी अज़र-अमर-अमिट स्मृतियों को नमन करके याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गांधीवादी, सर्व सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष 93 वर्षीय अमरनाथ भाईजी ने की।

उन्होंने कहा कि गाँधी विचार और कर्म को आत्मसात करके ही श्रेष्ठ जीवन और मानवता का रास्ता बनता है। आज़ दुनिया भर में हथियारों की तिजारत युद्ध का भय दिखाकर की जा रही है, जबकि अमन, शांति, सौहाद्र, भाई चारा, मोहब्बत, गाँधी के दिखाये सत्य, अहिंसा, न्याय, सत्याग्रह, और मोहब्बत से हासिल की जा सकती है। सही मायने में तो गाँधी विचार ही नहीं अपितु जरिया है, इसीलिए दुनिया के ज्यादातर देश दीवाने होने के साथ साथ गाँधी के उपासक भी है। उन्होंने कहा कि कृष्णसहाय सच्चे कर्म योगी थे, जो बिना किसी फल की चिंता किये अच्छे सोच, विचार और पार्दर्शिता के साथ काम के लिए उतर पड़ते थे। उनके काम में लापरवाही का कोई स्थान नहीं था। वह कहते थे कि गाँधीजी कहते थे कि लापरवाही अज्ञानता से भी ज्यादा हानिकारक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. बी. एम. शर्मा, विशिष्ट अतिथि किशन सिंह चौहान, शशि शिरोमणि, आगरा, डॉ. मधु भारद्वाज आगरा, स्वागत अध्यक्ष सवाई सिंह, जैन सोशल ग्रुप से अनिल जैन, संजय सिंह, सुधेन्द्र चोरडिया, हनुमान शर्मा, नरेंद्र कुमार व्यास, धर्मवीर कटेवा, आशा पटेल, डॉ. अवध प्रसाद और सूबेदार रतन सिंह मौजूद थे।

## सलाहकार और संविदा के तौर पर सेवानिवृत्त कार्मिकों की सेवाएं समाप्त

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । राजस्थान के सरकारी महकमों में सेवानिवृत अधिकारी-कर्मचारियों की संविदा के तौर पर ली जा रही सेवाओं को भजनलाल सरकार ने समाप्त कर दिया है।

राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद रविवार को स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश भी जारी किए। स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक ह्रदयेश शर्मा के आदेश के मुताबिक 11 सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी है। इनमें सेवानिवृत आरएएस, लेखाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी शामिल है।

आदेश के मुताबिक सेवानिवृत आर.ए.एस. अनिल कुमार कौशिक व विनोद कुमार पारीक तथा आर.एम.एस. से सेवानिवृत आयुक्त जे.पी.शर्मा, सेवानिवृत सहायक लेखाधिकारी बद्रीप्रसाद रायप्रिया, ज्ञान प्रकाश शर्मा और सुरेश सिंह चौहान, सेवानिवृत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरोत्तम श्रीमाल, सेवानिवृत अधिशाषी अभियंता प्रदीप कुमार गौड़, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी मातादीन डूचानियां, सेवानिवृत कनिष्ठ लिपिक भास्कर भारद्वाज तथा सेवानिवृत सहायक नगर नियोजक नरेन्द्र कुमार तंवर को हटाया गया है।

ज्ञात रहे कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों तमाम सरकारी महकमों में सलाहकार के पदों पर लगे हुए अधिकारियों को भी हटाया था।

# जयपुर के सभी विद्युत निगमों की 'लॉन टेनिस' प्रतियोगिता संपन्न

**जयपुर,** (का.सं.)। जयपुर स्थित सभी विद्युत निगमो के खिलाड़ियों के मध्य आज लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर क्लब में किया गया। प्रतियोगिता के सिंगल्स मुकाबलों में जोधपुर डिस्कॉम के अरुण कुमार विजेता रहे तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के पवन शर्मा उपविजेता रहे। लॉन टेनिस की डबल्स प्रतियोगिता में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के कृष्ण कुमार चौधरी एवं रतनलाल मीणा की जोड़ी विजेता रही तथा पवन शर्मा, विद्युत उत्पादन निगम एवं अरुण कुमार, जोधपुर डिस्काम की जोड़ी उपविजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान सभी विद्युत निगमों के खिलाड़ियों ने जोश के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन उपनिदेशक कार्मिक मोहम्मद नासिर एवं कार्मिक अधिकारी जगदीश मीणा की देखरेख में संपन्न हुआ। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि टेबल टेनिस और बैडमिंटन की जयपुर स्थित विद्युत निगमों की महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों की प्रतियोगिता 9 जनवरी को जयपुर क्लब में आयोजित की जाएगी।



**विजेता अरूण कुमार और पवन शर्मा**



**नव जन जागृति मंच महिला प्रकोष्ठ व अन्नपूर्णा नारी संगठन की ओर से झोटवाड़ा में शनिदेव मंदिर और फुटपाथ पर सो रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे। संगठन की तरफ से मंजू शर्मा, मंजू गुप्ता, नमिता अग्रवाल, डॉ. सुरभि सिंह, निरोज सैनी, अनुराधा शर्मा और आशु शर्मा ने सहयोग किया।**



## Earth's Rotation Day

Mostly everyone knows that the earth rotates on its axis and one full rotation takes 24 hours to complete. But what people may not know is that the speed of the earth's rotation changes slightly from day-to-day and year-to-year. So, a true solar day is not exactly 24 hours but the variations are a matter of seconds. A mean solar day is based on the yearlong average but the basic concept of a solar day, itself, is the length of time for the earth to complete one full rotation on its axis. And that's one of the reasons that Earth's Rotation Day is celebrated!

#WANDERLUST

# Destination Of The Week

Buckle up as we embark on a picturesque journey through some of the most enchanting *winter road trips* in the country





Want to take that *'Zindagi Na Milegi Dobara'* road trip with your friends? Well, now is your chance! As winter blankets the subcontinent, the country roads are calling you. India, with its diverse landscapes and rich tapestry of cultures, offers road-trippers an array of iconic journeys that come alive in the cooler months. Buckle up as we embark on a picturesque journey through some of the most enchanting *winter road trips* in the country.

### Manali to Leh Highway

The *Manali to Leh Highway,* a 479-kilometers stretch of breath-taking beauty, transforms into a winter wonderland during the colder months. Closed off for the majority of the year, due to heavy snowfall, the highway opens its gates for adventurers in late spring. However, the winter drive offers a unique experience, with snow-capped peaks, frozen rivers and a stark, serene landscape. This road trip is not for the faint-hearted but the rewards are immeasurable.

### Shimla to Spiti Valley

Starting from the queen of hills, *Shimla* and winding its way to the mystical *Spiti Valley*, this road trip combines the charm of Himachal Pradesh with the rugged allure of Spiti. In winter, the barren landscape of *Spiti* is draped in a white blanket, creating an otherworldly scene. The journey is punctuated by ancient monasteries, frozen lakes and charming villages, making it an unforgettable expedition.

### Mumbai to Goa Coastal Drive

While most people associate Goa with summer beach vibes, a road trip from *Mumbai to Goa*, in winter, offers a unique charm. The weather is pleasant, the crowds are thinner and the coastal landscape is simply magical. Enjoy the scenic drive along the *Konkan coast*, explore historic forts and savour local seafood delicacies in the laid-back atmosphere of Goa.

### Delhi to Rishikesh

For those seeking a shorter winter getaway, the road trip from *Delhi to Rishikesh,* through the Himalayan foothills, is an ideal choice. *The Ganges*, surrounded by misty hills and the spiritual vibes of *Rishikesh* create a tranquil setting. Adventure seekers can also indulge in activities like white-water rafting or opt for a peaceful retreat in the yoga capital of the world.

### Kolkata to Puri

Explore the eastern coast of India with a road trip from *Kolkata to Puri*. The drive takes you through picturesque coastal landscapes, with the *Bay of Bengal*, on one side and quaint villages, on the other. *Puri,* with its historic temples and vibrant beaches, offers a warm respite from the winter chill.

### Bangalore to Ooty

For a road trip that combines hill station charm with the tranquility of tea plantations, head from *Bangalore to Ooty*. The *Nilgiri Hills* in winter are adorned with misty valleys and emerald-green landscapes. Take the scenic route through hairpin bends, explore botanical gardens and savour the soothing climate of this southern gem.

### Jaipur to Rann of Kutch

Experience the vibrant culture of Rajasthan and the surreal beauty of the Rann of *Kutch in Gujarat with a road trip from Jaipur*. In winter, the white salt desert comes alive with the *Rann Utsav*, a celebration of art, music and dance. Marvel at the expanse of the *Great Rann*, visit historic palaces and immerse yourself in the cultural diversity of western India.




# Investor Decoded




He is immaculately dressed. He offers you a chair, the moment you walk in. Anirudh Rathore exudes an old-world charm, which is sadly missing these days. He is the author of 'Investing Decoded' which has been well-received, especially by those who don't understand investing at all and he runs two very successful hotels, too. So, what more could a man want, you would ask! Well, a lot more *investing*, he would say!



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*




He doesn't have a degree in finance. He is not your typical bespectacled finance guy who spouts numbers at the drop of a hat. In fact, he and numbers didn't see eye to eye, a few years back but today, people seek his advice on investing. When I met Anirudh Rathore at his hotel in Dera Rawatsar in Jaipur, I was expecting to meet some sort of finance whiz who would be talking on three different phones at the same time. But, to my utter surprise, Anirudh Rathore turned out to be your friendly neighbourhood entrepreneur, who owns two heritage hotels and is now a proud author of the best seller *'Investing Decoded.'*

He has written a book on investing which has been well-received by the public. So, was he *a numbers person* from the very beginning? No, not at all! He says, "I was never into numbers at all. I used to run away! My weakest subject was 'mathematics' in school (Mayo College, Ajmer). As a matter of fact, since it was such a nemesis, I gave up mathematics after my X class. I was so happy to leave mathematics after X. In XI and XII standard, I studied arts. I studied history, geography and English. After that, I did my graduation in history honours from St. Stephens."

So how did he get into investing? "After I finished my graduation in 1993, I applied for a lot of jobs but got no calls. Now, that was the time when the Indian economy had just opened up and all the graduates were rushing to join the private sector. But there was obviously catch to it. If you wanted to join a good organization in a good position, you had to be an MBA. My classmates and me realized that we had to do more to get a good job. At one time, I was almost on the verge of joining the army. Both, my army exam and the MBA entrance exam, were on the same date. Although my parents wanted me to join the army, but that time, there was such a craze of joining the private sector that I sat for the MBA exam, instead of joining the army."

But wasn't the MBA entrance test all about numbers, again? "True! It was. In fact, before appearing for the MBA entrance exam, I devoted a year for preparing for the exam and learnt math all over again. I got through the exam and joined MBA in Rajasthan university. After MBA, I joined banking."

From a history graduate to MBA to a banking professional. What made him go for banking? "From my very childhood, I have a tendency to dive deeper and explore things that I don't understand. As a child, when I used to watch these people in the bank, I was always curious to know what they did there, sitting all day long! It seemed very impressive to me to see people working in Grindlays, Barclays and all such fancy banks. They spoke in a language which was understood by no one, except them. So, I thought that was a very cool thing to do and be a part of. So, once I completed my MBA, I applied for a position and luckily, I got through and joined as a trainee assistant manager in IndusInd Bank and was posted in Chandigarh. Initially, everything was new to me. I enjoyed all the different aspects of my job for the next couple of years. However, after a while, it became a routine and standard work and I wanted to learn more since banking and finance is such a big and diverse line. Just joining a bank doesn't teach you anything about finance. Banks are massive, there are so many departments and when I was in IndusInd bank, I realized that it was only catering to retail banking. There was nothing about investment banking or things like that. So, I started looking out for new avenues. As luck would have it, I got to know about an opening in HDFC bank in the private banking segment. There was no other bank in Rajasthan that was dealing with private banking at the time. Although I knew nothing about investing, luckily, I applied and got the position. Suddenly, a whole new world opened to me. A world, which people were either quite clueless about, or they found it very intimidating. That set the pace and tone for me. We were part of a very selective group of people who were doing something which was very unique. No other bank, except HDFC, used to do private banking in India and only we, 20-25 people were doing it in India and I was the only person in Rajasthan, doing it. There, the quality of people I interacted, were crème-de-la-crème.

I remember, once during my MBA class, I got up and asked my teacher about the *Harshad Mehta scam*, which was in news, at that time. But the professor himself didn't know much about the scam and said that he could not answer the question and that I should meet him after the class. Then I went out to all the bookstores of Jaipur which could help me to understand this scam. But to my great surprise, I could not find a single book on the topic in the entire city! After some years, I went to Delhi and got books like *The Intelligent Investor* and *Security Analysis* that gave me an understanding of the subject. To put it in perspective, it was only when I got into this private banking sector, I completely understood *the Harshad Mehta scam*. I doubt, if even, today, people in those MBA classes have a clear understanding of it."

What made him write this book? "A couple of years back, I noticed that though there seems to be a lot of information regarding banking, investing on the internet, there also is massive confusion and gaps in that knowledge. People who want to know about investing feel as if they need to climb a mountain to understand investing. Most books on this topic are either difficult to understand or they simply talk about the experiences of the author. They don't explain the main things that you need to know or the kind of psychology and mindset that you need, to succeed in this field. I also feel that people, who do talk about investing, are just saying or doing things that have been said before or are hearsay or are in vogue. Even many investors are just blindly following news channels or influencers. Of course, some of them are right about a lot of things but there is a gap which made me think about writing a book which can simplify things. I, myself, am no professor in finance and neither do I work as an asset manager in a company or handle people's money. Like most people, I am self-taught and I have learnt these concepts on my own and have learnt to apply them on my own. So, I thought that, maybe, I could relate to people by writing a book which they could understand."

What is 'investing' from his point of view? "According to me, investing is a combination of about 70 percent 'psychology' and 30 percent 'analysis.' For example, when there is a sale in a department store, all of us will rush to buy, but, when there is a sale in the stock market, people will cringe in fear because they feel that whatever they are going to buy will fall in price even more. We are programmed to operate in either fear or greed or ego. If you notice at any point in time, you will find that either you are exuberant about something or you are scared about something or you have a personal ego about something. These things if you cannot master, you cannot master the stock market. We have so many vices build inside us. Let's say that you have a sum of 1000 rupees that you can invest. You have even analysed the company. Now, the hurdle that most people face is, when to invest and how much to invest. They keep wondering whether they should spend these 1000 rupees ten days later or today or should they wait for the price to come down or they follow the television which tells them that the market is going to collapse or this is going to happen or there is war in Palestine or Ukraine. There is so much of interplay of information that is going on, which confuses and scares the person and he is unable to take a decision. Instead of one thousand rupees, he ends up investing only 100 rupees. This is because there is so much of chatter in his mind because of these vices. He is not able to make a rational decision."

Is there a way to mitigate this fear and banish this misconception amongst the common people? "Yes, there is. I can give you small and easy example. Let's say that some one has five crore rupees to buy a flat in a place like Mumbai. In a real estate market, that five crore rupee flat will fluctuate between four crore seventy lakhs and five crore thirty lakhs. That is the price range of plus or minus five to ten percent, that it fluctuates in and hence, people are not afraid to invest in it. But, in case of a stock, if you happen to invest five crores in a company, that stock may fluctuate between three crores and eight crores in the same year. It is volatile and that's why it scares people because the fluctuation is uncontrollable and then it plays on human emotions. But a good investor takes advantage of this volatility. He plays on the same emotions. He doesn't get scared when the value is down. He knows that the true worth of this company is five crores but right now, the stock is for three crores so, he buys the stock and waits. He knows that the stock will again hit eight crores and that is the time when he will make a huge profit on it. Here, the bottom line is that a true investor knows the worth of that particular company since he is done his research. For me, if the stock market goes down tomorrow, I am not afraid. In fact, I will buy more stocks since I will get them at a cheaper rate rather than getting worried or upset or fearful. For people who are quite new to stocks, they can first get their feet wet with mutual funds and understand the market."

What is the reaction of his family and friends to his *new found love of investing*? Anirudh laughs! "There is this constant tussle for the remote among my wife, my children and me. I would always watch the finance news and they would get irritated since they want to watch their own channels. I had not told them about my book being published with Penguin Random House. But when I revealed this bit of news to them, it was then that they realized as to why I was hooked on to those channels! My classmates, who had studied history with me, were totally taken aback because they had all expected me to write a book on history!"

*rajeshsharma1049@gmail.com*


#BOOK REVIEW



Anirudh Rathore, at the book launch of his book, by HH Maharaja Padmanabh Singh of Jaipur.

> According to me, investing is a combination of about 70 percent 'psychology' and 30 percent 'analysis.' For example, when there is a sale in a department store, all of us will rush to buy, but, when there is a sale in the stock market, people will cringe in fear because they feel that whatever they are going to buy will fall in price even more.





Anirudh Rathore with his wife, Mandvi.



Anirudh Rathore with his family.

#J'ADORE

# A Fresh & Stylish Makeover

Explore the best hair colour trends that promise to redefine and elevate your style, giving you a fresh and fabulous makeover, for the exciting journey ahead.

The New Year brings with it a spontaneous desire for change. It's the perfect time to make an appointment with your hairdresser and give yourself a much-needed makeover. Now is the time to act on that desire for a new look, starting with a stylish update to your hair colour.


Your mane of hair reflects your unique personality, changing shape and colour, to reflect your myriad moods through your journey of life. So, be sure to wear your hair just as you like it because in *2024*, your hair will take a stand and the revolution will be vibrant, audacious and uniquely *yours*!

Looking for inspiration on what's new? Don't worry! We have got you covered. Scroll down to check out the *hottest hair colour trends*.

### Expensive *Hazelnut*



Get nutty in 2024 with this hair colour, with its warm blend of cocoa, espresso and golden caramel tones, perfectly complementing a variety of skin tones, making it universally flattering. The natural-looking shade is the perfect in-between for those who can't decide between chestnut and caramel brown.




### *Pastel Peach*

*Peach Fuzz* has been crowned 'Colour of 2024' by Pantone. No reason on why you shouldn't rock *Pastel Peach hair* the whole year! After all, it's the perfect shade to go with beachy waves, a messy bun or a sleek straight bob. The dark-haired can pre-lighten their hair to enhance the peach shades and watch their hair transform with each level of fading.



### *Rich Bordeaux*

Red is making a powerful comeback in 2024, so, celebrate the colour with *Rich Bordeaux hair*! This bold shade blends burgundy-red and brown oak that adds warmth and vibrancy to naturally dark hair. You can either go all '*Rich Bordeaux*' or just tint streaks of your hair with this shade to look timelessly glamorous.



### *Ginger Spice*

This shade is for those who want a hair makeover but don't want to give up on their stunning natural hair colour. For a *Bright Ginger*, don't forget to pre-lighten. A colour-safe shampoo and conditioner will help you maintain the vibrancy of *Ginger Spice* highlights. Best suited with playful ponytails, high or low, or a carefree *wolf cut* to reflect your easygoing vibe.

### *Golden Glaze*




*Golden Glaze* looks great on dark Indian hair as it blends dark and warm golden with light brown tones. This shade complements nearly every Indian skin tone and looks great with open or tied hair, worn for formal or casual outings. Occasional deep conditioning treatments will keep your hair looking healthy and luminous. Choose between a low-maintenance shadow root or a high-shine finish with *Golden Glaze*. Now that you're on top of the hair colour game for 2024, make sure to go and pick up your favourite shades and let your hair do all the talking, for the year to come!



### *Steel*

Looking for an edge to go with your sharp short bob or sleek pixie hair? *Steel* is the hair colour that you can go bold with, to make a statement. Not just women, men, too, are increasingly being drawn to the rugged charm of *Steel*. Match the *steel* with fitted, tailored suits or casuals and make a splash!

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पुजारी की हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

## जमीन बेचान के विवाद के चलते की थी पुजारी की हत्या



जानामेडी के कालभैरव मंदिर के पुजारी के हत्यारों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गत 22 दिसम्बर को पुलिस थाना सदर के जानामेडी में कालभैरव मंदिर के पुजारी रणछोड़ की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किये।

जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह ने बताया कि प्रकरण में पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला, स्वयं उनके एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इस टीम ने घटना स्थल, आस-पास एवं शहर के 300 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए संदिग्ध लोगों से लगातार पूछताछ की। चालानशुदा अपराधियों से भी मामले में पूछताछ की गयी। हेड कांस्टेबल कृष्णपाल सिंह व इन्द्रजीत सिंह से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी आकाश खांट पुत्र मोहनलाल, शैलेश गर्ग पुत्र रमणलालव नरेश सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह को 6 जनवरी को गुजरात के अहमदाबाद से डिटेन किया गया। पुलिस जब इन लोगों को बांसवाडा लेकर आ रही थी। राजस्थान बोर्ड पर आते ही दूसरा जाब्ता भी उन्हें सुरक्षित लाने के लिये पहले से ही वहां तैनात था जिसमें पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह भी शामिल थे। आरोपियों को सज्जनगढ़, कलिंजरा होते हुए भचडिया मोड़ से सदर थाने ले जाया जा रहा था कि अभियुक्तों ने टॉयलेट करने के बहाने गाड़ी रुकवाई।

मुख्य आरोपी आकाश टॉयलेट जाने के लिये उतरा तो अन्य दो ने भी टॉयलेट का बहाना किया और नीचे उतरे। पीछे आ रही गाड़ी से पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह भी गनमेन के साथ गाड़ी से नीचे उतरे। इसी दौरान तीनों आरोपियों ने भागने के लिये पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की। मुख्य आरोपी आकाश ने एसएचओ दिलीप सिंह की रिवॉल्वर छीनकर पुलिस पर तान दी। इस पर पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने आरोपियों को आत्मसमर्पण की चेतावनी दी। आकाश पुलिस पर फायर करने के इरादे में था तभी सूर्यवीर सिंह ने पिस्टल से आकाश के पैर पर गोली चलाई तो वह नीचे गिर गया। अन्य दो आरोपी शैलेश गर्ग व नरेश सिंह भी भागने लगे हडबडाहट में वे खेतों में गिर गये जिन्हें पुलिस जाप्ते ने दबोच लिया। तीनों को जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी चिकित्सालय लाया गया। घायल आकाश को उदयपुर रेफर किया गया। मामले में अन्य दो आरोपी शैलेश व नरेश सिंह को चिकित्सालय से डिस्चार्ज किये जाने पर गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की सूचना पर पुलिस ने शिव कॉलोनी निवासी साहिल जोशी पुत्र विमलकांत जोशी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार दो पिस्टल, दो अतिरिक्त मैग्जीन, तीन जिन्दा कारतूस व कारतूस के दो खोल बरामद किये। मुख्य आरोपियों को हथियार सप्लाई करने वाले हरीश उर्फ हरिहर पुत्र देवीलाल बैरागी निवासी धरनावद बालाजी थाना रामगंज मंडी कोटा को भी गिरफ्तार किया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह ने बताया कि आरोपी आकाश खांट का एक भूखंड जानामेडी में मृतक रणछोड़ के मंदिर के पास में था। आकाश इस भूखंड को अच्छे दामों पर बेचना चाहता था। मृतक रणछोड भी इस भूखंड को खरीदने का इच्छुक था। आरोपी आकाश कंइ पार्टियों को भूखंड दिखाने ले गया लेकिन उसे खरीदने के लिये कोई तैयार नहीं हुआ। आरोपी को लगता था कि रणछोड़ भूखंड को सस्ते दामों में खरीदना चाहता है इसी कारण वह भूखण्ड बिकने नहीं दे रहा है। आकाश छह माह पूर्व बीमार हुआ तो उसे लगा कि रणछोड़ उसे तंत्र-मंत्र विद्या से बीमार कर मार डालना चाहता है। इसी आशंका के चलते आकाश ने शैलेश गर्ग के साथ मिलकर पुजारी रणछोड़ को मारने की योजना तैयार की और इसमें अन्य साथियों को भी साथ में लिया। आकाश व शैलेश ने तीन माह पूर्व कोटा के रामगंज मंडी जाकर दो पिस्टल, दो अतिरिक्त मैग्जीन व बारह जिंदा कारतूस खरीदे। आरोपियों ने घटना कारित करने से पूर्व तीन-चार बार रैकी की। आरोपी आकाश जानता था कि रणछोड रोजाना रात 8 से 8.30 बजे के बीच मंदिर के दरवाजे बंद कर अपने घर जाता है। आरोपी आकाश शैलेश व नरेश ने इसी समय को चुनते हुए मोटरसाईकिल पर मंदिर के पास पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौके पर आकाश व पुजारी रणछोड की चार-पांच मिनट बातचीत भी हुई और इसके बाद आकाश ने रणछोड को गोली मार दी वहां से मोटरसाईकिल लेकर फरार हो गये।

# ए.टी.एम. उखाड़कर लूट ले जाने वाली वारदात का पर्दाफाश

## अन्तर्राज्यीय गैंग के चार शातिर बदमाश गिरफ्तार



कोटपूतली पुलिस ने ए.टी.एम. लूट के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- नौ व दस दिसम्बर की रात्रि को एटीएम को उखाड़कर लूटने का मामला

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय थाना पुलिस ने गत 9 व 10 दिसम्बर की मध्य रात्रि को कस्बे के कृष्णा टॉकिज के सामने स्थित पीएनबी बैंक के ए.टी.एम. मशीन को उखाड़ कर लूट कर ले जाने वाली वारदात का पर्दाफाश करते हुए अन्तर्राज्यीय गिरोह के चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि वारदात को गंभीरता से लेते हुए एसपी रंजीता शर्मा ने जल्द से जल्द खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। इस सम्बंध में एएसपी नेम सिंह व डीएसपी मदन लाल जैफ के निर्देशन एवं सुपरविजन में एसएचओ राजेश कुमार शर्मा की विशेष टीम का गठन किया गया था। जिसमें एसआई कबुल सिंह, हैड. का. शमशेर सिंह, राजेन्द्र सिंह, का. जितेन्द्र, रामानन्द, गजराज, कृपाल, कृष्ण कुमार व बाबूलाल को शामिल किया गया। उक्त गठित टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विशलेषण कर, तकनीकी सहायता एवं आसूचना का संकलन कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस सम्बंध में बैंक के उप प्रबंधक जगदीश कुमार मीणा ने दर्ज करवाया था कि 10 दिसम्बर को 03 बजे प्रबंधक संदीप मीणा को फोन पर सूचना मिली कि पीएनबी बैंक का ए.टी.एम. अपनी लोकेशन नहीं दिखा रहा है।

इस पर बैंक के ए.टी.एम. पर करीब 3.15 बजे पहुंचा तो वहां ए.टी.एम. कमरे का दरवाजा ऊपर उठा हुआ था एवं अज्ञात लोग ए.टी.एम. मशीन को तोड़ कर ले गये थे। मशीन में आठ दिसम्बर को ही 25 लाख 22 हजार रूपयों की नकदी डाली गई थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि अभियुक्तगण बड़ी ही शातिर किस्म के अपराधी है, जो घटना से पूर्व व घटना के बाद अपने मूल निवास स्थान को छोड़कर किसी निर्जन स्थान व यमुना नदी के किनारे भेष बदलकर मजदूरों की तरह रहते हैं।

जहां पर सीसीटीवी कैमरे आदि नहीं होते, उस स्थान को चुनकर वहीं से अपराध करने की योजना बनाकर अलग-अलग राज्यों में जाकर घटना को अंजाम देते हैं। वारदात के बाद निर्धारित मार्ग से ना आकर लम्बे रास्तों से मार्ग बदलकर ग्रामीण रास्तों से वापस आते है। घटना से पहले या बाद में मोबाईल फोन का प्रयोग नहीं करते हैं। अभियुक्तगणों द्वारा पूरे देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर सुनसान व बिना गार्ड वाले ए.टी.एम. मशीनों की रैकी की जाती है।

## टेंपो पलटने से दो की मौत

**पाली,** (निसं)। जैतपुर थाना क्षेत्र के खुटानी गांव में रविवार को मजदूरों से भरा लोडिंग टेंपो पलटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं करीब एक दर्जन मजदूर घायल हो गये। घायल मजदूरों को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल भेजा। इसमे दो जनों को जोधपुर रेफर किया। जहां एक के मौके पर ही मौत हो गई, दूसरे की बांगड़ अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पाली के पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख बांगड अस्पताल पहुंचे तथा चिकित्सकों के साथ मिलकर उनका समुचित उपचार कराने में सहयोग किया। मृतक परिजनों को भी पारख ने ढांढ़स बंधाया। इसी प्रकार विधायक भीमराज भाटी भी बांगड़ अस्पताल पहुंचे और घायलों के हाल-चाल पूछे।

## महिला की मौत

**जालोर,** (कासं)। जालोर के हॉस्पिटल चौराहे पर रविवार सुबह बस के चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सुन्दर देवी पत्नी शंकरलाल हीरागर निवासी सूरजपोल जालोर जो अस्पताल चौराहे पर सड़क पार कर रही थी। तभी सुमेरपुर से जालोर की तरफ आ रही एक निजी बस चालक ने वाहन को तेजगति से चलाते हुए महिला को कुचल दिया। जिससें महिला ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना पर कोतावाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पोस्टमार्टम करवाया।

# उत्कर्ष मीट-अप कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अलख पांडे का किया स्वागत

## डॉ. निर्मल गहलोत ने मीट-अप को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया

**जोधपुर,** (कासं)। फिजिक्सवाला-विद्यापीठ जोधपुर पॉवर्डबाय उत्कर्ष क्लासेस द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित मारवाड इंटरनेशनल सेंटर में रविवार को आयोजित मीट-अप प्रोग्राम में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। नीट-जेईई तथा स्कूली विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर शिक्षक बेहद लोकप्रिय 'फिजिक्सवाला' के फाउंडर अलख पांडे का विद्यार्थियों ने स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि रूप में अलख पांडे का विद्यार्थियों ने तिलक लगा कर तथा उत्कर्ष के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने साफा व मुख्य प्रबन्धक तरुण गहलोत ने माला पहनाकर स्वागत किया।



फिजिक्सवाला-विद्यापीठ जोधपुर पॉवर्डबाय उत्कर्ष क्लासेस द्वारा मीट-अप कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इसी कड़ी में उत्कर्ष क्लासेस के सीओओ सुभाष भौमिक तथा अर्पित पारीक ने स्मृतिचिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन कुमार गौरव, अक्षय गौड़ तथा प्रताप राजपुरोहित ने संयुक्त रूप से किया। मीट-अप में आए सभी विद्यार्थियों को 2024 के कैलेंडर निःशुल्क दिए गए। गौरतलब है कि 'फिजिक्सवाला' के देश भर में अलग-अलग शहरों में 60 सेंटर और 500 से अधिक शिक्षक सक्रिय हैं। वहीं पिछले वर्ष से ही इस संस्थान ने उत्कर्ष क्लासेस के साथ जॉइंट वेंचर कर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु संयुक्त रूप से कार्य करने का निर्णय लिया है।

मां सरस्वती की पूजा के साथ शुरू हुए इस मीट-अप प्रोग्राम में पश्चिमी राजस्थान की कला संस्कृति की विशेष पहचान कालबेलिया एवं तेरहताली जैसे लोकनृत्य तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने ऑडिटोरियम में मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का जोश व उत्साह देखकर अलख पांडे प्रभावित हुए बिना न रह सके और राजस्थान के योद्धा व बहादुर महिलाओं के त्याग और बलिदान को अद्वितीय बताया। इसी दौरान बतौर शिक्षक उन्होंने नीट-जेईई तथा इसी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिए तैयार विद्यार्थियों से उनकी तैयारी एवं रणनीतियों पर परिचर्चा करते हुए अपनी तरफ से कामयाबी के अचूक गुरुमंत्र प्रदान किए। उन्होंने इस भव्य विद्यार्थी मीट-अप के सफल आयोजन के लिए डॉ. निर्मल गहलोत सहित पूरी उत्कर्ष टीम का आभार जताया। वहीं डॉ. गहलोत ने मीट-अप को सफल बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम के दौरान समयान्तराल में गूँजते पीडब्ल्यू के कर हर मैदान फतेह, अलख जगा जैसे गीतों और शॉर्ट वीडियोज ने विद्यार्थियों से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में एक नवीन ऊर्जा का संचार कर दिया। अंदर और बाहर बैठे हजारों आगंतुकों ने अपने चहते शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों के व्याख्यान को खूब सराहा। कार्यक्रम के दौरान ही जोधपुर में फिजिक्सवाला-विद्यापीठ, जोधपुर पॉवर्डबाय उत्कर्ष क्लासेस द्वारा नीट-जेईई के एकेडमिक सेशन 2024-25 हेतु फाउंडेशन बैच शुरू किए जाने तथा उससे सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी साझा की गई।

## बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक गिरफ्तार

**निवाई,** (निसं)। पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई की है। निवाई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थाना अधिकारी हरिपाल सिंह ने जानकारी देते बताया कि अवैध बजरी रोकथाम के लिए गांव खंडदेवत पहुंचे। जहां पर सामने से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बजरी भरकर आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रुकवाकर चालक से बजरी परिवहन रवन्ना पत्र मांगा गया तो उसके पास कोई रवन्ना पत्र नहीं मिला। इस दौरान वाहन चालक द्वारा बिना रवन्ना पत्र के बजरी खनन कर चोरी छिपे परिवहन करना पाया गया। जिस पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक धर्मराज पुत्र गोपीलाल गुर्जर निवासी मौलीपुरा उर्फ फजलपुरा थाना बरौनी को गिरफ्तार किया तथा अवैध बजरी परिवहन करने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाने लाकर खड़ा कर दिया। वहीं पुलिस का अनुसंधान जारी है। कार्यवाही के दौरान हेड कांस्टेबल जीतपाल, कांस्टेबल राधाकिशन यादव, पायलट रामफूल की अहम भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार गस्त की जा रही है। अवैध बजरी खनन पर लगातार कार्यवाही करने के लिए अलग-अलग टीम का गठन किया गया है।

# लावारिस गाय ने बच्ची को कुचला, बालिका घायल

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर शहर वैसे तो स्मार्ट सिटी के नाम से भी जाना जाता है, लेकिन यहां शहर की प्रमुख सड़कों सहित कॉलोनियों मे घूमते लावारिस पशुओं से शहरवासी परेशान ही नहीं हैं बल्कि अब तो लोगों में कॉलोनियों में घूमती लावारिस गायों का खौफ सताने लगा है कि कई यह गाये घर के बाहर खेलते उनके बच्चों को अपना शिकार न बना ले, अब शहर में घूमती लावारिस गायें इतनी खतरनाक हो गई है कि कॉलोनियों में खेलते बच्चों पर टूट पड़ती है।

ऐसी ही एक घटना रामगंज पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू गोविंद नगर गली नम्बर पांच में हुई जहां कुमावत परिवार की एक छोटी बच्ची अपने भाई के साथ गली से गुजर रही थी, इसी दौरान सामने से आई गाय बच्ची पर टूट पड़ी, लड़की के भाई ने भी अपनी बहन को बचाने की कोशिश की, लेकिन जब तक गाय बच्ची को अपने टांगों से कुचली रही। इस दौरान कॉलोनी के लोग अपने घरों से बाहर आ गए ओर गाय से लड़की को बचाकर लड़की घर में ले गए, लेकिन गाय घर में भी जा घुसी। बच्ची के परिजन द्वारा इस बारे में रामगंज पुलिस थाने में भी शिकायत दी है, और यह भी बताया जा रहा है कि नगर निगम के कर्मचारी उक्त गाय को पकड़कर ले गए हैं।

**आवारा गाय को पकड़ कांजी हाउस छुड़वाया :-** वार्ड पार्षद गीता जांगिड़ ने बताया कि बच्ची के परिजन घर आए थे और उनके द्वारा ही इसकी सूचना दी गई थी। गाय के हमले से बच्ची घायल हो गई थी जिसे अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना उन्होंने कांजी हाउस की टीम को दी, सूचना पर मौके पर पहुंची कांजी हाउस की टीम ने गाय को पड़कर अपने साथ ले गई।

**घटना 5 जनवरी की, सीसीटीवी में कैद :-** बच्ची के साथ हुई घटना 5 जनवरी की है, जब गाय ने मासूम बच्ची पर हमला किया तो वहां गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह घटना कैद हो गई। वीडियो में गाय अचानक बच्ची पर हमला करते हुए दिखाई दे रही है। यह सीसीटीवी अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि गाय के हमले के बाद से बच्ची काफी डरी हुई है। गली मोहल्लों और मुख्य मार्गो पर विचार करते आवारा पशु लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते हैं।

# बाल कलाकारों ने दीवारों पर रामायण विषय पर चित्रकारी की



प्रसिद्ध फड़ चित्रकार राजेश जोशी के मार्गदर्शन में 50 से अधिक युवा व बाल कलाकारों ने चित्रकारी की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। स्थानीय आकृति कला संस्थान एवं एलएनजे समूह, आरसीएम समूह, अंकुर फर्नीचर, एवन कलेक्शन, ओस्तवाल समूह के सहयोग से स्व. श्यामसुंदर आजानी की पुण्यस्मृति में आयोजित लिटील पिकासो-2023 के सातवें दिन रविवार को को शहर की प्रसिद्ध फड़ चित्रकार राजेश जोशी के सानिध्य में नगर परिषद् चौराहे पर 50 से अधिक बाल एवं युवा कलाकारों ने रामायण विषय पर चित्रकारी की।

जानकारी देते हुए संस्था सचिव कैलाश पालिया ने बताया कि भीलवाड़ा को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के उद्देश्य से लिटिल पिकासो 2023 के अंतिम दिन शहर के प्रसिद्ध फड़ चित्रकार राजेश जोशी के मार्गदर्शन में 50 से अधिक युवा व बाल कलाकारों ने नगर परिषद् चौराहे पर रामायण के विषय राम का वन गमन, चित्रकूट पर सीता मामा मारीच, पुष्पक विमान से अयोध्या आगमन, केवट प्रसंग, राम दरबार आदि विषय पर 100 फिट बाई 6 फिट की लम्बी दीवार पर फड़ शैली में चित्रकारी कर शहर को सुन्दर व राममयी बनाया। इस कार्यक्रम में बालकिशन जांगिड़, अंजलि सुथार, अनुष्का पाराशर, खुशी मीणा, उमंग उपाध्याय, दिव्या जैन, कैलाश पालिया सहित कई बाल एवं युवा कलाकार उपस्थित रहे।

सोमवार को सांय 4 बजे वकील कोलोनी स्थित आकृति आर्ट गैलेरी में आमंत्रित अतिथियों के सानिध्य में लिटिल पिकासो का समापन एवं बाल कलाकृतियों की निलामी उनके अभिभावकों द्वारा की जायेगी। इस निलामी में एकत्रित होने वाली राशि विकलांग एवं असहाय बच्चों के सहायतार्थ खर्च की जायेगी।

# अजमेर ख्वाजा साहब की दरगाह के बुलंद दरवाजे पर झंडे की रस्म आज

- चांद दिखाई देने पर 12 या 13 से उर्स की औपचारिक शुरुआत
- देग का ठेका इस बार 3 करोड़ 14 लाख रुपए में छूटा



भीलवाड़ा का गौरी परिवार अजमेर पहुंचा, जो झंडे की रस्म अदा करेगा।

**अजमेर,** (कासं)। सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें सालाना उर्स का झंडा सोमवार को बुलंद दरवाजे पर चढ़ेगा। झंडा लेकर भीलवाड़ा का गौरी परिवार अजमेर पहुंच गया है। चांद दिखाई देने पर 12 या 13 जनवरी से उर्स औपचारिक शुरुआत के साथ ही दरगाह की धार्मिक रस्में शुरू होंगी। भीलवाड़ा के लाल मोहम्मद गौरी के पोते फखरुद्दीन गौरी, मुतवल्ली परिवार के सैयद मारूफ चिश्ती की सदारत में सोमवार को ख्वाजा साहब की दरगाह के बुलंद दरवाजे पर झंडे की रस्म अदा की जाएगी।

गौरी परिवार के सदस्य फखरुद्दीन गौरी ने बताया कि परंपरा के अनुसार जमादिउस्सानी महीने की 25 तारीख यानी सोमवार को अस्र की नमाज के बाद ढोल ताशे के बीच दरगाह गेस्ट हाउस से झंडे का जुलूस निकाला जाएगा। शाही कव्वाल कलाम पेश करते चलेंगे। उर्स का झंडा विभिन्न मार्गों से होकर निजाम गेट, शाहजहांनी गेट होते हुए बुलंद दरवाजे तक पहुंचेगा। यहां गौरी परिवार झंडे को चढ़ाने की रस्म पूरा करेगा। रस्म के साथ ही उर्स की अनौपचारिक शुरूआत हो जाएगी। झंडे की रस्म में शरीक होने के लिए देशभर से जायरीन अजमेर पहुंच रहे हैं।

**25 तोपों की सलामी होगी :-** जुलूस के दरगाह गेस्ट हाउस से शुरू होकर लंगरखाना गली व निजाम गेट होते हुए बुलंद दरवाजा तक पहुंचने के दौरान सूफियाना कलाम व 25 तोपों की सलामी होगी। इस साल उर्स में 2:50 से 3:50 लाख जायरीन के उर्स में शामिल होने की उम्मीद की जा रही है। उर्स का झंडा तैयार हो चुका है। पुष्कर रोड अद्वैत आश्रम स्थित ओमप्रकाश वर्मा और उनके पुत्र सुभाषचंद्र का परिवार 70 साल से झंड़ा तैयार कर रहे हैं। पहले ओमप्रकाश के पिता गणपतलाल फलोदिया झंडे की सिलाई करते थे।

अंजुमन सैयदजादगान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने बताया कि 8 जनवरी को खुद्दाम ए ख्वाजा की जानिब से की जाने वाली अपराह्न तीन बजे की खिदमत का वक्त उर्स के दौरान मगरिब की नमाज के बाद का रहेगा। इसके साथ ही अजमेर आने वाले जायरीन दिन भर दरगाह जियारत कर सकेंगे। यह सिलसिला रजब की 5 तारीख यानी 17 या 18 जनवरी उर्स के समापन तक रहेगा।

उर्स कन्वीनर सैयद हसन हाशमी ने बताया कि चांद रात 12 जनवरी को है। इस दिन तडके 4:30 बजे जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए खोल दिया जाएगा, शाम को रजब का चांद नजर आ गया तो यह दरवाजा 18 जनवरी तक लगातार खुला रहेगा। अन्यथा रात को बंद कर दिया जाएगा और 13 जनवरी को फिर खुलेगा।

12 जनवरी को रजब महीने का चांद दिखाई दे गया तो रात से ही गरीब नवाज के उर्स की महफिल शुरू हो जाएगी। दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेदीन अली खान की सदारत में महफिल हंगी। मध्य रात्रि को गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी। 12 को चांद नहीं होने पर 13 की रात से ये धार्मिक रस्में शुरू होंगी।

ख्वाजा साहब के 812वें उर्स के दौरान का 15 दिन का देग का ठेका इस बार 3 करोड़ 14 लाख रुपए में छूटा है। यह ठेका सैयद सुल्तान चिश्ती के नाम छूटा। अंजुमन सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने बताया कि पिछली बार यह ठेका 3 करोड़ 74 लाख रुपए से अधिक में गया था। पिछले साल की तुलना में यह ठेका करीब 60 लाख रुपए कम है। बोली कम लगने का कारण पिछले उर्स में ठेकेदार को घाटा हो जाना बताया जा रहा है। खादिमों की संस्थाओं अंजुमन सैयदजादगान व अंजुमन शेखजादगान की ओर से संयुक्त रूप से देग का यह ठेका दिया गया है। 8 जनवरी की रात से यह ठेका शुरू होगा। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले जायरीन लंगर के लिए सामग्री के साथ ही नकद राशि भी देग में बतौर नजराना डालेंगे।

## सांभर में भक्तों की टोली जुटी

**सांभरझील,** (निसं)। आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं अयोध्या में होने वाले भव्य धार्मिक समारोह के लिए अधिक से अधिक लोगों को इस दिन सभी टीवी चैनलों पर लाइव प्रोग्राम्स से जुड़कर सीधा प्रसारण देखकर लाभान्वित होने व अपने-अपने घरों में देशी गाय के घी का दीपक प्रज्ज्वलित कर प्रभु श्री राम मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करने के लिए भी अपील की गई। अयोध्या से पूजित अक्षत एवं रंगीन श्री राम मंदिर के निर्माणाधीन का चित्र भी दिया गया। सांभर में अलग-अलग वार्डों में अलग-अलग भक्तों की टोली जबरदस्त ठंड के बावजूद प्रभु श्री राम के काम में जोश उत्साह के साथ लगातार जुटी हुई है। एडवोकेट लालचंद कुमावत, सुरेंद्र पार्षद सुशीला शर्मा, सत्यनारायण स्वामी, राजेश पारीक, प्रेमचंद माली, चंद्रप्रकाश सैनी, ओम सिंह राठौड़, विजय प्रजापति, सुनील शर्मा, हीरालाल तंवर, मनीष सूंठवाल, हनुमान गुर्जर, घनश्याम प्रजापत, मुन्नालाल शर्मा, गोपाल टाक, राधेश्याम शर्मा, वर्धमान काला, जितेंद्र डांगरा, अनिल गट्टानी, विष्णु सिंघानिया, पार्षद गौतम सिंघानिया, बनवारी सिंघानिया का कहना है कि यह तो सैकड़ो वर्षों बाद सौभाग्य मिला है प्रभु श्री राम के निमित्त इस काम में जुटने का।

# भारत विकसित संकल्प यात्रा में 293 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया

**मंडावरी।** नगर पालिका मुख्यालय पर रविवार को आयोजित हुए भारत विकसित संकल्प यात्रा के शिविर में 293 लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन करवाया गया एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया गया।

विकसित भारत संकल्पित भारत की थीम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किस सोच पर आधारित यह भारत विकसित संकल्प यात्रा के शिव लोगों के लिए राहत भरे बने हैं। रविवार को मंडावरी में भारत विकसित संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ तहसीलदार मदन लाल मीणा एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान शिविर में आई विभिन्न योजनाओं के लिए प्रचार प्रसार करने वाली मल्टीमीडिया वन को कई दर्शकों द्वारा देखकर लाभान्वित होने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली गई। भारत विकसित संकल्प यात्रा शिविर के दौरान वहां आए लोगों द्वारा हेल्थ चेकअप कराया एवं निशुल्क जांच दवाई योजना का लाभ लिया गया। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि एवं बीमा योजना सहित आधार अपडेशन एवं उज्जवला योजना की केवाईसी भी शिविर के दौरान की गई। शिविर के दौरान राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। शिविर के दौरान देश दुनिया से जुड़ी रोचक जानकारी से संबंधित क्विज कांटेस्ट भी आयोजित किए गए जिसमें सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार भी दिए गए। शिविर के दौरान उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मौके पर ही गैस कनेक्शन वितरित किए गए।



मंडावरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते तहसीलदार मदन लाल मीणा एवं ईओ नमन शर्मा ।

## सुंदरकाण्ड का पाठ गूंजा

**शाहपुरा ।** शाहपुरा के हनुमंत निवास बाग में शिव धर्म प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेंद्र सिंह एवम महारानी भुवनेश्वरी देवी की उपस्थिति में आयोजित हुआ। जिसमे भगवान श्रीराम दरबार की भव्य प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर धूप दीप जलाकर वाद्य यंत्रों द्वारा सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश जी की वंदना के साथ सुंदरकाण्ड पाठ शुरू किया गया। कार्यक्रम में महेश पारीक, मुकेश मिश्रा, रवि बंसल, अतुल पारीक, बाबूलाल सैनी आदि ने विभिन्न सुर ताल में सामूहिक सुंदरकांड पाठ में समा बांध दी जिससे चारो ओर का वातावरण भगवतमय बन गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी भक्तो ने प्रसादी का आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम में दिलीप सिंह, राजकुमार देवायुष सिंह, मंजू सैनी, संतोष माधाणी, सुभाष जोशी, मेघराज झालानी, मनोज कुमार टांक, महेश मित्तल, जगदीश कुमावत, श्याम सुंदर राज जोशी, विजय बंसल, रोशन बागड़ी, पवन पारीक, आशिष माऊरामका, सुनील अग्रवाल, पवन कुमार टेलर, लक्ष्मण सिंह, उमेश शर्मा, सुरज्ञान कुम्हार, अनुराग पंसारी आदि सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### रोगियों की हुई जांचे

**निवाई ।** गांव पराना मे जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी व मेडिकल कॉलेज व हास्पिटल द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिवर का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर मुकेश कसाना एवं डॉक्टर अभिषेक द्वारा कान, नाक, गला रोग, नेत्र रोग, प्रसुति रोग, हड्डी रोग, जोड रोग, प्रत्यारोपण रोग, त्वचा रोग, नवराज रोग, शिशु रोग, बाल रोग, बीपी, शुगर, कैंसर, बच्चेदानी सहित कई रोगो का परामर्श देकर इलाज भी किया। शिविर मे 360 से अधिक ओपीडी एवं 20 से अधिक मरीज के मोतियाबिंद ऑपरेशन की जांच जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा की गई एवं आवश्यक मरीजों को दवाइयां वितरित किया तथा जिनके ऑपरेशन होंगे उनको जयपुर के लिए रेफर किया गया। इस दौरान फिजियोथेरेपिस्ट ने भी सेवांए दी।

### श्री गोवर्धन महाराज की पूजा की

**निवाई।** ग्राम पंचायत झिलाय के घाटी वाले भेरुजी महाराज के मंदिर में पंडित राजेश भारद्वाज के सानिध्य में पंचम दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित राजेश भारद्वाज ने श्री गोवर्धन महाराज की पूजा एवं परिक्रमा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्री गोवर्धन महाराज की पूजा एवं परिक्रमा करने वाले सौभाग्यशाली होते हैं जिनके घर में सदैव लक्ष्मी जी का निवास रहता है। इस अवसर पर बाबूलाल गुर्जर गुरुजी, पंडित विनोद पारीक बहड, पंडित रविशंकर शास्त्री डीडवाना, संगीतकार चौथमल तंवर इटावा, नाथूलाल पंडा एवं मोनू भोपा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### ध्वज लेकर नंगे पैर पैदल हुए रवाना

**निवाई ।** श्री देवधाम जोधपुरिया मंदिर का ध्वज अयोध्या धाम में अर्पित करेंगे। देवनारायण मंदिर परिसर में मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुरेश डोई ने राम जन्मभूमि अयोध्या के लिए ध्वजवाहक श्रवणलाल प्रजापत को रवाना किया। ध्वज वाहक श्रवणलाल प्रजापत ने बताया कि वह देवधाम जोधपुरिया से नंगे पैर देवधाम जोधपुरियां का ध्वज लेकर अयोध्या धाम पर पहुंचकर अर्पित करेंगे।

# कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का जगह-जगह स्वागत किया

**निवाई ।** कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का निवाई आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया। ट्रक यूनियन के पास नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में 101 किलो की माला पहनाकर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।

भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जयसिंहपुरा मोड पर स्वागत किया गया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाडों के साथ जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा जय श्रीराम, भारत माता की जय के जमकर नारे लगाए गए। इसी प्रकार रिलायंस पेट्रोल पम्प के समीप जाट समाज द्वारा कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सिरोही के पूर्व सरपंच रामेश्वर बेनीवाल, किशनलाल चौधरी, हजारीलाल चौधरी, शिवराज चौधरी, रामजीलाल चौधरी, उप प्रधान दयाराम चौधरी, रतनलाल चौधरी, रामजीवन चौधरी, कालूराम चौधरी सहित कई जाट समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

■ **पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में 101 किलो की माला पहनाकर कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया**

इसी प्रकार अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का राजकीय महाविद्यालय के बाहर भव्य स्वागत किया। इस दौरान महासभा के अध्यक्ष बाबूलाल कंवरिया, पूर्व उपाध्यक्ष रामगोपाल सेवालिया, पूर्व सरपंच ताराचंद रैगर, पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल वर्मा, रामदेव रजवास, महेंद्र मंड्रावालिया, सुरेश वर्मा, मांगीलाल वर्मा, रविकुमार जाबडोलिया, कन्हैयालाल उदेनिया, तिलोक मंड्रावालिया एवं हंसराज वर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री चौधरी को माला एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

इसी प्रकार पहाड़ी चोकी पर केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का जैन समाज द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया इस दौरान मूलचंद त्रिलोकचंद पांडया, विमल जौंला, शिखरचंद जैन, हुकमचंद जैन, प्रधान रामवतार लांगडी, बंटी जैन, आशु जैन, कमलचंद सोगानी, राजू मालावत सहित कई लोग मौजूद थे। इसी प्रकार बाईपास पर स्थित एक निजी होटल पर प्रधान रामअवतार लांगडी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री को व्यावसायिक शिक्षक संघ के योगेश गौतम के नेतृत्व में बकाया वेतन दिलवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री को ज्ञापन सोंपा गया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा, भाजपा शहर महामंत्री करणसिंह राजावत, पार्षद नितिन छाबडा, लोकेश बैरवा, संजय वर्मा, कमलेश किराड, आशु गौड, मोहित जैन, हंसराज गुर्जर, हनुमान मैदार, भंवर सिंह, जीतू विजय, वीरेंद्र गौतम, महेश भांवता, अमन सिंघल, महेश तिवाडी, सुभाष गोदारा, राजेश गोडीया सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वंचित वर्गों की पहचान का सर्वे हुआ

**निवाई ।** राजकीय महाविद्यालय निवाई में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन शिव शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान सर्वे कार्य किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन ने बताया कि एनएसएस यूनिट द्वारा गोद ली गई बस्ती ढाणी जुगलपुरा का शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, सामाजिक योजनाओं संबंधी सर्वे शिविर के स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि स्वयं सेवकों ने 10 प्रश्नों वाले सर्वे प्रपत्र के द्वारा घर-घर जाकर परिवारों को शैक्षिक, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता एवं पालनहार योजना संबंधी जानकारियां एकत्र की। सर्वे रिपोर्ट स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी को सुपुर्द की गयी। उन्होंने बताया कि सर्वे के निष्कर्ष के आधार पर आगामी दिनों में बस्ती में श्रमदान करके शिक्षा तथा स्वास्थ्य संबंधी जन जागरण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस दौरान ढाणी जुगलपुरा सरपंच शीला मीना ने छात्रों को बस्ती के संबंध में जानकारी दी। स्वयं सेवकों ने परिचर्चा सत्र में बताया कि कई परिवारों को शिक्षा का महत्व पता नहीं है। कुछ परिवारों में शौचालय सुविधा भी नही हैं।

# शहीद सुबेसिंह की पुण्यतिथि पर भांकरी में तिरंगा रैली निकाली

**पावटा।** शहीद सुबेसिंह संघर्ष समिति के तत्वावधान मे आयोजित शहीद सुबेसिंह धनखड की पुण्यतिथि समारोह पर विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य मे बाईक तिरंगा रैली का आयोजन किया किया। जहाँ शहीद स्मारक पर पहुँचकर विधायक कुलदीप धनकड सहित आमजन ने भी पुष्प अर्पित कर शहीद सुबेसिंह को श्रद्दांजलि अर्पित की।

इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि आपके बेटों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की कुर्बानी दी। इसलिए आज हम सुरक्षित हैं। उन्हें कोटी-कोटी नमन। उन्होंने कहा कि सैनिकों की शहादत को नमन कर दिल से कृतज्ञता अर्पित करना हम सभी का कर्तव्य और नैतिक दायित्व है। वीर सैनिकों द्वारा देश की सीमा पर पूरी मुस्तैदी, निष्ठा और देश भावना से अपने कर्तव्य को अंजाम देने के कारण ही हम सभी और हमारा देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि सैनिक सीमा पर तो देश की रक्षा करता ही है, साथ में जब भी किसी तरह की प्राकृतिक आपदा अथवा कोई बडी घटना दुर्घटना होने पर भी हमारे सैनिक तत्काल सहायता के लिए पहुंच कर, हमें राहत पहुंचाते हैं और देशवासियों के प्रति अपने प्रेम और कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। सेना का जवान अपनी सेवा से लेकर शहादत तक सौ फीसदी ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाता है तो इससे हम सबको सबक लेकर प्रेरणा लेनी चाहिए। शहीद का समान हर कीमत पर होना चाहिए। शहीदों का समान ही नहीं उनकी पूजा करना भी भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। शहीद के परिवार के लिए भी हमारे मन में श्रद्धा होनी चाहिए। वही समिति अध्यक्ष अनिल राठी ने कहा कि देश की आन, बान ओर शान के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले देश के शहीदों का समान करना प्रत्येक भारतीय का प्रथम कर्तव्य है। शहीदों की शहादत को नमन एक दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन होना चाहिए। क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाल कर युवा लोगों के अंदर देशभक्ति की अलख जगाने की कोशिश कर रहे है जो सराहनीय कदम है।



शहीद सुबेसिंह धनखड की पुण्यतिथि पर तिरंगा रैली निकाली।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ

**मालपुरा** (निस) अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वाधान मे युवा परिषद द्वारा रविवार को आदर्श नगर पाण्डुक शिला मे विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। परिचय सम्मेलन मे प्रदेशभर से पहुंचे १०० से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय समाज के समक्ष रखा। परिचय सम्मेलन का शुभारम्भ समाज चौरासी अध्यक्ष अनिल सुराशाही,मंत्री विनोद नेवटा, स्थानीय समाज अध्यक्ष ताराचंद जैन, मंत्री पवन मोदी व कार्यक्रम संयोजक विमल जैन,राकेश जैन ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। अनिल सुराशाही ने बताया कि 14 जनवरी को अग्रवाल सेवा सदन डिग्गी मे सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। जिसके लिए जोडो का पंजीयन किया जा रहा है। समाज के दौरान बडी संख्या मे समाज के भामाशाहओं ने सामुहिक विवाह सम्मेलन के जोडो को उपहार दिये जाने की घौषणा की। समारोह मे अप्रवासी भारतीय जर्मनी के गोविन्दराज जैन,संरक्षक त्रिलोक चन्द जैन, युवा परिषद अध्यक्ष संजय सिंघी, महेन्द्र जैन, महामंत्री गोविन्द नारायण जैन, महिला परिषद अध्यक्ष इंदु मितल केकडी आदि मौजूद रहे।

# मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित

**टोंक।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया गया। जिले के 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूचियों को निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर भी आमजन द्वारा देखा जा सकता है।

आमजन की सुविधा के लिए विभाग की वेबसाइट पर प्रारूप मतदाता सूची, 2024 भागवार जारी की गई है। जिले की पुनर्गठित मतदान केंद्रों की नवीन सूची भी विभाग की वेबसाइट पर आमजन के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विधानसभा का विधानसभा क्षेत्रवार मुख्य पृष्ठ भी उपलब्ध है जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र का डिजिटल मैप भी उपलब्ध है। 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सेवा नियोजित मतदाताओं (सर्विस वोटर्स) की प्रारूप मतदाता सूची का भी प्रकाशन कर दिया गया है। आमजन की सुविधा के लिए उक्त मतदाता सूचिया भी

■ **विभाग की वेबसाइट पर प्रारूप मतदाता सूची, 2024 भागवार जारी की गई है**

विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 7 जनवरी (रविवार) को विशेष अभियान आयोजित किया गया। आगामी 21 जनवरी 2024 को भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों द्वारा एकीकृत मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत दावे एवं आपत्तियां 22 जनवरी तक प्राप्त किए जाएंगे। 2 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा एवं मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा।

## पौष-बड़ा प्रसादी जीमी

**पावटा।** पौष माह में पावटा कस्बे में पौष बडा प्रसादी आयोजन हो रहा है। कस्बे में कई जगहों पर पौष बडा प्रसादी का आयोजन हो रहा है। मंदिरों में विशेष झांकी सजाई जा रही है। किले वाले हनुमान जी का मंदिर, शनि देव मंदिर सहित कस्बे के कई मंदिरों में प्रभु को पौष बडों का भोग लगाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठ प्रसादी ग्रहण की। कुछ जगहों पर दोना प्रसादी वितरित की गई। वही शनिवार को खण्डेलवाल समाज समिति पावटा द्वारा संरक्षक श्रवण लाभी के सानिंध्य मे कस्बे के पंसारी धर्मशाला मे सुंदरदास महा राज के समक्ष दीप प्रजव्लित कर पोषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज बंधुओ व महिलाओ द्वारा सामूहिक सुंदरकांड व भजनों का आयोजन भी किया गया। वही वृद्धजनो का समान किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी अध्यक्ष लालचंद कायथवाल, संयुक्त मंत्री महेश कूलवाल, उपाध्यक्ष अशोक, महेश कूलवाल, सचिव सुरेंद्र निराणवाल सहित बडी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 41 सौ कलशों की शोभा यात्रा शाही लवाजमे के साथ निकाली

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर श्री राम मंदिर पूजित अक्षताओं की भव्य कलश यात्रा शाही लवाजमे के साथ भारी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकाली गई। श्री राम मंदिर पूजित अक्षताओं की भव्य कलश यात्रा उपखंड मुख्यालय के विभिन्न बाजारों मुख्य मोहल्ला मार्गो चौराहा आदि से निकली गई।

इस श्री राम मंदिर पूजित अक्षताओं की भव्य कलश शोभा यात्रा के दौरान स्थानीय विधायक रामविलास मीणा भी मौजूद रहे। इस शोभा यात्रा के दौरान श्री राम भगवान आदि की विभिन्न जीवंत जातियों का प्रदर्शन किया गया। इस शोभा यात्रा के दौरान अखाड़े बाजू द्वारा हैरत अंगेज कारनामों का भी प्रदर्शन किया। इस श्री राम मंदिर पूजित अक्षताओं की भव्य कलश शोभा यात्राओं को श्रद्धालुओं द्वारा खुद के माथे पर धारण कर निकल गया। इस दौरान श्री राम मंदिर के पूजन अक्षताओं की शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा भगवा झंडों को हाथ में लेकर माहौल को पूरी तरह राम मय कर दिया गया। इस शोभा यात्रा के दौरान एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के नारों से उपखंड क्षेत्र गूंज मन हो गया। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में आज लालसोट में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा लालसोट उपखंड मुख्यालय स्थित अशोक शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान से शुरू हुई जो कि शहर के प्रमुख मार्गों पर होते हुए जमात स्थित सीताराम मंदिर तक पहुंची। विशाल भव्य कलश यात्रा में 4100 महिलाओं ने अपने सिर पर मंगल कलश रखकर यात्रा में भाग लिया। वहीं कलश यात्रा के दौरान शहर में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की।कलश यात्रा में जमात अखाड़े के करतब बाजो ने अलग-अलग करतब दिखाए। वही भगवान राम की जीवंत झांकियां सजाई गई।

## दो चालक गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वृत्ताधिकारी निवाई महावीर सिंह व थानाधिकारी निवाई हरिपाल सिंह द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध खनन कर बजरी परिवहन करते पाये जाने पर एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जप्त कर चालक धर्मराज पुत्र गोपी लाल जाति गुर्जर उम्र 22 साल निवासी मोलीपुरा उर्फ फजलपुरा, बरोनी को एमएमडीआर एक्ट में गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार दूनी थाना क्षेत्र में थानाधिकारी विजय सिंह द्वारा दौराने गश्त चान्दली रोड पर क्रेशर से आगे खाल के पास एक ट्रेक्टर मय ट्रोली जो अवैध बजरी से भरा हुआ मिला, जिसे गठित टीत द्वारा जप्त कर ट्रेक्टर चालक को डिटेन कर चालक बुद्विप्रकाश पुत्र मिश्री लाल जाति मीणा उम्र 23 साल निवासी विजयगढ थाना दूनी जिला टोंक को एमएमडीआर एक्ट में गिरफ्तार किया गया। उक्त के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

# विधायक रामसहाय वर्मा का स्वागत किया

**निवाई ।** अखिल हरियाणा गौड़ ब्राह्मण शिक्षा एवं छात्रावास समिति महाराजपुरा निवाई एवं जिला महासभा इकाई की आम सभा व नव निर्वाचित विधायक का स्वागत रविवार को सभी समाज बंधुओ द्वारा किया गया।

अखिल हरियाणा गौड़ ब्राह्मण शिक्षा एवं छात्रावास समिति महाराजपुरा निवाई के तत्वाधान में आमसभा का आयोजन छात्रावास अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा व जिलाअध्यक्ष बद्रीलाल शर्मा के सानिध्य में हुआ। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा ने बताया कि आम सभा में छात्रावास समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव, समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन, छात्रावास परिसर में खोले जाने वाले कन्या महाविद्यालय सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान निर्वाचित विधायक रामसहाय वर्मा का समाज की ओर से साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष निवाई गोपीलाल शर्मा, टोंक तहसील

■ **शिक्षा एवं छात्रावास समिति द्वारा आयोजित आमसभा में विकास कार्यों पर की चर्चा**

अध्यक्ष प्रेमनारायण खेड़ा, राष्ट्रीय महासभा से सीताराम शर्मा अलियाबाद, सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के रमेशकुमार शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, छितर पटेल, रामपाल झिलाय, रामजीलाल जुगलपुरा, राधेश्याम शर्मा, रमेश जयसिंहपुरा, मदन पंचोली, राकिशन अलियाबाद, लक्ष्मीचंद शर्मा, संजय हरसोरा संग्रामपुरा, मोहनलाल शर्मा, हनुमान जयसिंहपुरा, हीरालाल, शंकरलाल खेडा, रामेश्वरप्रसाद बहकवा, सुरेश महाराजपुरा, पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, बुधराम मीणा सहित कई लोग मौजूद थे।

## अमृत महोत्सव समारोह सोमवार को

**कोटपूतली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राजधानी जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में सोमवार को आयोजित होने जा रहे अमृत महोत्सव समारोह में जयपुर प्रांत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी कार्यकर्ता, प्राध्यापक कार्यकर्ता, शिक्षाविद्, पूर्व कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 75 वें वर्ष में आयोजित इस अमृत महोत्सव समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम एवं एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकान्त का विशेष सानिध्य प्राप्त होगा। महोत्सव के स्वागत समिति के अध्यक्ष का दायित्व पूर्व उपाध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ राजस्थान जी.डी. बंसल एवं स्वागत समिति सचिव का दायित्व युवा उद्यमी एवं समाजसेवी हेमंत शर्मा को दिया गया है। जिला संयोजक अनमोल गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि एबीवीपी के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में यह समारोह आयोजित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी परिषद् की स्थापना 09 जुलाई 1949 को हुई थी। तब से परिषद् निरन्तर छात्र हित व राष्ट्र हित के लिए तत्पर रही है।

# रामभक्तों ने किया अक्षत व पत्रकों का वितरण

**निवाई।** सनातन धर्म प्रेमियों की ओर अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के ऐतिहासिक समारोह में शामिल होने के निवाई क्षेत्र के प्रतिष्ठित संत मनीष दास महाराज को

विश्व हिंदू परिषद जिला संगठन मंत्री पवन कुमार, प्रखंड अध्यक्ष शिवराज चौधरी, प्रखंड संयोजक राकेश खारोल, प्रखंड सहसंयोजक मुकेश खटाणा, सनातन प्रेमी कमल मीणा ने पूजित अक्षत, राम मंदिर की फोटो व पत्रक वितरित करके निमंत्रण दिया। इस दौरान मनीष दास महाराज ने कहा की प्रकृति में सनातन धर्म एवं संस्कृति से लोगो में आपसी प्रेम बढ़ता है सनातन धर्म के लिए अयोध्या में आयोजित हो रहे श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एतिहासिक होगा। करीब 5 सौ साल पुराने मंदिर में रामलला स्थापित होना गर्व की बात है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सीमित निवाई सह संयोजक मुकेश खटाणा ने बताया की 10 जनवरी तक लोगों को पवित्र अक्षत के साथ भगवान राम और अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की तस्वीर भी वितरित की। इसी प्रकार हाडा वाली ढाणी निवाई में अक्षत वितरण कार्यक्रम किया गया जिसमें

■ **मनीष दास महाराज को दिया निमंत्रण**

शिवराज पाराशर, सीताराम महावर, सुरेश बैसला, राजेंद्र गुर्जर, शंकर पडियार, रतनदीप गुर्जर, हंसराज कसाना, सुरेश कसाना, कैलाश गुर्जर मौजूद रहे। इसी प्रकार संघ के कार्यकर्ता हेमंत सैनी, सूर्यप्रकाश खंडेलवाल, शिवराज सेन, संजय सेन, शोकेस टेलर, शिवम महावर, श्याम सेन सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शहर में स्थित गोपीनाथ बस्ती, कीर कॉलोनी, बसंत विहार कॉलोनी एवं अर्जुन नगर सहित कई स्थानों पर अक्षत वितरित किए। इस अवसर पर रामप्रसाद खंडेलवाल, नाथूलाल पारीक, कैलाशचंद पारीक, केदारलाल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, रामलाल शर्मा, रामराय शर्मा एवं पंडित पीएन शास्त्री सहित कई लोगों ने 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का आ ान किया। इसी प्रकार गांव रामनगर, धतुरी, बीड भरथला, बारेडा, भरथला सहित आस-पास के गांवों में रामभक्त रामजीलाल गुर्जर, रूपेश यादव, शंकरलाल व तुलसीराम चौधरी ने अक्षत वितरित किए।

## महायज्ञ की तैयारियां शुरू

**पावटा।** क्षेत्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए विश्व वियात सिद्ध योगी बाबा बालकनाथ जी की तपोस्थली एवं महासमाधि स्थल बावडी मैन रोड दिल्ली पावटा में 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। श्री बाबा बस्तीनाथ जी महाराज ने बताया कि विश्व शांति, लोक कल्याणार्थ दीर्घ आयु, महामारी प्रकृति प्रकोप, राष्ट्र एवं 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ से लेकर 1111 कुंडीय, 2121 कुंडीय, 5151 कुंडीय, 6161 कुंडीय, 9108 कुंडीय एवं 108 कुंडीय वर्ष निर्विघ्नता पूर्वक धार्मिक अनुष्ठान का सफल आयोजन किया जा चुका है। इसी कडी को ऋमबद्ध रखते हुए आगे भी 108 कुंडीय संवतसर मृत्युं जय यज्ञ का आयोजन 11 अप्रैल 2024 से 6 अप्रैल 2025 तक किया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य मे 11 अप्रैल 2024 को 7.30 बजे से इस यज्ञ की सबसे बडी लक्खी कलश यात्रा हाथी, घोडे, ऊँट, रथ, बैल की पालकी एवं लवाजमे के असंय महिलाओ द्वारा मंगल कलश एवं श्रद्धालुओ द्वारा ध्वज पताका लिए बाबा की विविध झाँकियों के साथ नारायणपुर मोड प्रागपुरा से पावटा होते हुए यज्ञ मंडप बाबा बालकनाथ जी की तपोस्थली एवं महासमाधि स्थल बावडी मैन रोड दिल्ली पावटा पहुंचेगी।

# कैबिनेट मंत्री का निवाई एवं टोंक में स्वागत किया



कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रविवार को निवाई एवं टोंक के दौरे पर भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत सम्मान किया।

**टोंक।** राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग के कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रविवार को निवाई एवं टोंक के दौरे पर रहे। कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात पहली बार आगमन पर आमजन ने कन्हैया लाल चौधरी का ढोल नगाडों, फूल-माला और आतिशबाजी से भव्य स्वागत किया। जयपुर से निवाई एवं टोंक सड़क मार्ग पर कैबिनेट मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान जलदाय मंत्री ने आमजन से कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में गति लाई जाएगी। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की घर-घर नल कनेक्शन की महत्वाकांक्षी योजना से लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है।

## अक्षत पूजन कलश यात्रा निकाली

**पावटा ।** 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले देशभर में अक्षत पूजन कलश यात्रा निकाली जा रही है। रवि वार को श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विशाल कलश यात्रा एवं झंडा यात्रा निकाली गई। पावटा मंडल संयोजक गजानंद टीलावट ने बताया की पंडित द्वारकेश शास्त्री व मंगलदास जी महाराज के सानिंध्य मे श्रद्धालुओ द्वारा कलश यात्रा का विधि विधान से पूजन कर कार्यऋम का आयोजन किया गया। कलश यात्रा व झांकी शिव मंदिर कुमावत कॉलोनी से शुरू होकर खेलना के मुय मार्ग से होते हुए मंदिर श्री श्री 108 श्री टीला जी महाराज के मंदिर पहुंची। ग्राम पंचायत खेलना में अक्षत पुजन कलश यात्रा के दौरान हजारों की संया में महिलाएं और पुरुषों की भीड उमड पडी। जय श्री राम के नारों और भगवान राम के गीतों व राम दरबार की संजीव झांकी के साथ यह यात्रा निकाली गई। इस दौरान रथ पर राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी सवार थे। जगह-जगह महिलाए और पुरुष उनके स्वागत के लिए खडे थे। साथ ही डीजे की धुन पर जमकर भक्त नाच रहे थे। प्रसादी वितरण के साथ कार्यऋम का समापन किया गया।

## जैन के निधन पर शोक सभा

**अलवर ।** भारतीय जन नाट्यय संघ( इप्टा) अलवर के वरिष्ठ साथी दिनेश जैन के कल दिनांक 05 जनवरी 2024 को अचानक निधन होने पर भारतीय जन नाट्यय संघ ( इप्टा) अलवर द्वारा एक शोक सभा का आयोजन कार्यालय पर किया गया। साथी जैन अलवर इप्टा के श्रृंगार कक्ष प्रभारी, कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदि पदों पर रहे। उन्होंने आर्तनाद, अजगर, मशीन, कबीरा खड़ा बाजार में आदि अनेक नाटकों में सशक्त अभिनय किया तथा हाथी के दांत नुक्कड़ नाटक के अनेक मंचन का निर्देशन किया। राजस्थान दूरदर्शन से प्रसारित सीरियल लालदास में उन्होंने सोमू लकड़हारे का रौल किया। वे कुशल मंच संचालक एवं निष्ठावान कार्यकर्ता थे। उनके जाने से भारतीय जन नाट्यय संघ अलवर (इप्टा) को भारी क्षति हुई है, जिसकी पूर्ति किया जाना संभव नहीं है।आज की इस श्रद्धांजलि सभा में राजस्थान इप्टा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा, अलवर इप्टा के अध्यक्ष महेंद्र सिंह, महासचिव डॉ. सर्वेश जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष कांति जैन,पूर्व महासचिव राजेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष संदीप शर्मा, श्रृंगार कक्ष प्रभारी देवेंद्र शर्मा, ललित कला सचिव प्रदीप माथुर, सह सचिव मनोज जैन, कार्यकारिणी सदस्य राजेश महिवाल, मंजू चौहान,माला शर्मा, महेंद्र गुप्ता,उदय सिंह लोहिया एवं एटक के शहर सचिव तेजपाल सैनी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

# संविदा पर कार्यरत कर्मचारी गंभीर रूप से झुलसा

### भूरी भडाज बिजली ग्रेड कर्मचारी पर लापरवाही का आरोप

**पावटा।** बिजली ग्रेड भूरी भडाज में कर्मचारियों की लापरवाही से बिजली विभाग में संविदा पर कार्यरत जगदीश स्वामी निवासी ढाणी बोडी ग्राम पंचायत भूरी भडाज गंभीर रूप से झुलस गया।

शनिवार शाम को 11 केवी लाईन पर कार्य करने के लिए पोल पर चढे हुए जगदीश ने सट्डाउन ले रखा था, लेकिन ग्रेड में किसी कार्मिक ने बिना जगदीश से पूछे ही लाईट चालू कर दी जिससे पोल पर चढा जगदीश गंभीर रूप से झुलस गया। जिस पर घायल व्यक्ति जगदीश को कोटपूतली बीडीएम अस्पताल में ले जाया गया जहां से उसे गंभीर हालत में जयपुर रैफर कर दिया गया। जहाँ जयपुर के एसएमएस अस्पताल जयपुर में इलाज चल रहा है।



झुलसे व्यक्ति को मुआवजा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना दिया।

वही लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ रविवार को ग्रामीणों के द्वारा बिजली ग्रेड पावटा पर धरना दिया गया। जहा धरनार्थियो ने इसी ग्रेड पर सरकारी नौकरी, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई व जगदीश स्वामी को उचित मुआवजे की मांग एवं उस समय मौजूद कर्मचारी पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग की। धरना स्थल पर कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल के प्रतिनिधि तरुण पटेल ने पावटा विधुत विभाग एईएन कपिल शर्मा सहित अधिकारियों से चर्चा की। जिस पर पावटा विधुत विभाग एईएन कपिल शर्मा द्वारा दूर भाष के जरिये कोटपुतली एसी मनोज गुप्ता ने नियमानुसार ज्यो भी मांगे है पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जिस पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा धरना समाप्त किया गया। इस मौके पर पूर्व उपसरपंच रामजीलाल स्वामी, भगवान सहाय वकील, बनवारी लाल स्वामी, रामावतार स्वामी, विजय स्वामी, सीताराम, राजेश स्वामी, हनुमान दास, भागीरथ यादव पंच, राजू, रामेश्वर दास, जयराम गुर्जर, बाबूलाल, रमेश, राजेंद्र, मुकेश धानका, हरीराम, जगदीश, कैलाश यादव, अर्जुनदास, श्रीराम, रामकुवार, बिहारीलाल स्वामी सहित बडी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

## महात्मा मोहनदास की पुण्यतिथि 13 को

**अलवर।** महात्मा मोहनदास सेवा समिति अलवर की बैठक समिति अध्यक्ष रामरतन सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी दिनांक 13 जनवरी 2024 शनिवार को महात्मा मोहनदास उर्फ सेवादास की 48वीं पुण्यतिथि मनाये जाने की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया।

समिति अध्यक्ष रामरतन सैनी ने कि दिनांक 13 जनवरी 2024 को प्रात: 10 बजे मोहिना बाबा की प्यॉऊ पर महात्मा मोहनदास उर्फ सेवादास की पुजा-अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित किये जायेंगे। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा जी, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) द्वारा प्रात: 10.15 बजे झांकियों को झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीकाराम जुली, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक अलवर ग्रामीण करेंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि अलवर नगर निगम महापोर घनश्याम गुर्जर होंगे। समिति उपाध्यक्ष झम्मन लाल सैनी ने बताया कि प्रात: 10.15 बजे मोहिना बाबा की प्यॉऊ से झाकिया निकाली जायेगी जो पुलिस कन्ट्रोल रूम, होप सर्कस, पंसारी बाजार, मन्त्री का बड़, महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल, नयाबास, काला कुआ हाऊसिंग बार्ड होते हुए जयपुर रोड स्थित हनुमान मन्दिर नया भूरासिद्ध अलवर बाबा की समाधी स्थल पर पहुँचेगी।

## सार-समाचार

### खटीक समाज की बैठक आयोजित

**अलवर।** श्री दुर्बलनाथ जयंती एवं विवाह समारोह समिति की बैठक अध्यक्ष श्री छैल बिहारी किराड़ की अध्यक्षता में श्री खटीक छात्रावास, जेल चौराहे के पास आयोजित की गई। समिति के प्रचार मंत्री अविनाश मलावलिया ने बताया कि आगामी 12 मार्च फुलेरा दोज पर सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जा रहा है। इस संदर्भ में आज खटीक छात्रावास में समिति के पदाधिकारी सहित एवं समाज के गामान्यों के समक्ष सामूहिक विवाह हेतु अब तक करीब 20 जोड़े पंजीकृत प्रस्तुत हुए हैं और यह प्रक्रिया आगामी दिनांक 4 फरवरी 2024 तक पंजीकरण जारी रहेगा। जिसके अंतर्गत समाज के लोग सामूहिक विवाह हेतु समिति से संपर्क कर सकते हैं। आज की बैठक में समिति के पदाधिकारी सहित समाज के वरिष्ठ जन, प्रबुद्ध जन एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### बैरवा बने अध्यक्ष

**टोंक।** बैरवा अधिकारी कर्मचारी संस्था शाखा-दूनी का चुनाव रविवार को दूनजा माता मंदिर धर्मशाला में संपन्न हुआ। जिसमे जिला बैरवा अधिकारी कर्मचारी संस्था के पदाधिकारियों द्वारा बैरवा कर्मचारी अधिकारी संस्था शाखा-दूनी से रामलाल बैरवा व्याख्याता राजनीति विज्ञान रा.उ.मा.वि. दूनी (हाल निवासी ख्वासपुरा) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। महामंत्री पद पर हेमराज बैरवा प्रबोधक रा.उ.प्रा.वि.सरदारपुरा, कोषाध्यक्ष पद पर प्रतीक बैरवा कनिष्ठ सहायक, संरक्षक पद पर मदन लाल बैरवा हाड़ोती को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। निर्वाचन के पश्चात संस्था के अधिकारी/कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया, जिससे कर्मचारियों में खुशी की लहर देखी गई।

### जयनारायण बने प्रदेश मुख्य संयोजक

**मालपुरा** (निस) मालपुरा पंचायत समिति के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट बने पंचायत राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के प्रदेश मुख्य संयोजक संगठन की प्रदेश प्रतिनिधि सभा व जिलाध्यक्षो की हुई बैठक मे जयनारायण जाट को निर्विरोध चुना गया। बैठक मे महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजसिंह चौधरी, बिजेन्द्र पूनिया,कमलेश शर्मा, अशोक निठारवाल सहित प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहै। जाट की इस नियुक्ति पर मंत्रालयिक कर्मचारियो के साथ-साथ कई सामाजिक संगठन व शुभचिन्तको ने बधाई दी।

## भगवान पाश्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक पर विधान हुआ

■ बडा जैन मंदिर एवं शिवाजी कालोनी पाश्र्वनाथ मंदिर में हुआ मुख्य कार्यक्रम

**निवाई ।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर एवं पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर शिवाजी कालोनी सहित शहर के सभी दिगम्बर जैन जिनालयों मे भगवान चंद्र प्रभु एवं भगवान पाश्र्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव अनेक धार्मिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया जिसमे पाश्र्वनाथ मण्डल विधान आयोजित किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु एवं तेईसवें तीर्थंकर भगवान पाश्र्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सोभाग्य चारोल देवी, विमल कुमार, कमल कुमार एवं नेमीचंद जैन खणदेवत वालों को सोभाग्य मिला।

इस दौरान विधानाचार्य निर्मल जैन सुनारा के मंत्रोच्चार द्वारा विधान मे नव देवता पूजा चंद्रप्रभु पूजा पाश्र्वनाथ पूजा के साथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। विधान के बीच नेहा जैन, साक्षी जैन, सुरभि जैन, उर्मिला सोगानी, शकुंतला छाबडा एवं सुमित जैन ने मंगलाचरण किया। जैन धर्म प्रचारक विमल पाटनी जौंला एवं विमल सोगानी ने बताया कि विधान मे गायक विमल जौंला, निर्मल जैन एवं सुमित जैन विमल सोगानी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी जिस पर श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य पेश किए।

इसी तरह शहर के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में दोनों भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया। इस अवसर पर महावीरप्रसाद छाबडा, महेन्द्र मंजू काला, अनिल सोगानी, पारस विनीता सोगानी, पदम चंचल सोगानी, विमल खण्देवत, ताराचंद दिनेश कुमार मोठूका, पदम पाटनी, चंद्रप्रकाश पाटनी जौंला सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## इनामी अपराधी गिरफ्तार

**टोंक।** पुलिस मुख्यालय जयपुर द्वारा अपराधियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान व जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के निर्देशन में थाना निवाई में द्वारा वांछित अपराधियों (स्थायी वारण्टी, मफरुर, भगोडे, उद्घोषित अपराधी व ईनामी अपराधीयों) की धरपक्कड के खिलाफ महावीर सिंह, वृत्ताधिकारी निवाई एवं हरिपाल सिंह थानाधिकारी निवाई ने विशेष टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये करीब ढाई साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के ईनामी आरोपी जयदेव पुत्र शंकर लाल जाति गुर्जर उम्र 34 साल निवासी मानपुर डूँगरी (शीतला माता) थाना चाकसू जिला जयपुर को एमएमडीआर एक्ट में वांछित पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी करीब ढाई से फरार चल रहा था, आरोपी से अनुसंधान व गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी जिले की टॉप-10 वान्टेड माफियाओं की सूचि में शामिल है, आरोपी के विरुद्ध जयपुर व टोंक में फायरिंग, जानलेवा हमला करने व अवैध बजरी खनन के प्रकरण दर्ज है।

# यू.डी.एच. राज्य मंत्री खर्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

**लालसोट मंडावरी।** प्रदेश के यूडीएच स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा का करौली जिले में कुड़गांव एक समारोह में जाते समय मंडावरी नगर पालिका मुख्यालय एवं सूरतपुरा ग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

नई भाजपा सरकार में मंत्रिमंडल में स्वतंत्र प्रभार के तौर पर राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं यूडीएच विभाग मिलने पर कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनना सफा पहनकर अभिनंदन करते हुए बधाइयां भी दी गई। मंडावरी नगर पालिका मुख्यालय पर मंडल अध्यक्ष कमल मीणा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री खर्रा का स्वागत किया गया।इस दौरान मंत्री खर्रा द्वारा कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के राजनीतिक एवं सामाजिक हालातो के बारे में भी संक्षेप में जानकारी ली गई।

राज्य मंत्री खर्रा ने उस समय मीडिया से मुखातिब हो कहां की उनको जो जिम्मेदारी राज्य मंत्री के तौर पर दी गई है उसका भी पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए उसे विभाग से जुड़े लाभार्थियों को अंतिम छोर तक लाभान्वित करने का कार्य करेंगे। राज्य मंत्री खर्रा ने कहा की इसी के साथ जो प्रमुख तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्पित भारत की परिकल्पना को लेकर धरातल पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



लालसोट में यू.डी.एच. राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया ।

प्रदेश की भाजपा सरकार इन शिविरो के माध्यम से लोगों में विकसित भारत की संरचना के प्रति लोगों को शहर वासियों को प्रेरित करने के साथ मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सरकार बनने के साथ ही तय की गई प्राथमिकताओं को पूरा करना भी उनके लक्ष्य में शामिल है।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में नगर पालिकाओं के ढांचे को ज्यादा मजबूत करने के साथ तकनीकी तौर पर शहरी क्षेत्रों को ज्यादा मजबूत करने के साथ शहरी नगर निकायों में इंस्फ्राट्रेक्चर डेवलप करने पर उनका फोकस रहेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जरूरतमंदों को भरपेट भोजन को लेकर खोली गई रसोइयों का नामांकरण श्री अन्नपूर्णा रसोई किया जाएगा एवं उसमें मिलने वाली भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने एवं वहां भोजन खाने वाले लाभार्थी को ज्यादा लाभान्वित करने के लिए दिए जाने वाले भोजन की मात्रा को भी बढ़ाया जाएगा ताकि आने वाले लाभार्थी को ज्यादा बेहतर तरीके से लाभान्वित किया जा सके इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार रसोई आदि मसलों से जुड़े मामलों का अध्ययन भी कराया जाएगा।

## 51 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**चाकसू** (निस)। रविवार को कस्बा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान प्रांगण में संस्थान के पदाधिकारियों/ सदस्यो एवम् माली समाज बंधुओ की मीटिंग का आयोजन ग्यारसी लाल बबेरवाल, बरखेडा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमे समाज के द्वारा 12 मार्च 2024 (फुलेरा दोज) को आयोजित 51 जोड़ो के सामूहिक विवाह सम्मेलन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम मौर्य जादम एंव मंत्री सत्यनारायण तंवर ने बताया की की मीटिंग में कोटखावदा, डाबिच, सवाई माधोसिंहपुरा, छांदेल खुर्द, केशवपूरा, रामपुरा, बापूगाव, बाढ़ बड़ोदिया, रूपाहेडी कला, गोड का बास, चंदलाई, बीबी का बाढ, शिवदासपुरा, बरखेड़ा, थली सहित कई गांवों और चाकसू क्षेत्र के समाज बंधु उपस्थित हुए। सम्मेलन के आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन करके व्यवस्था कार्यों का आवंटन किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग हेतु भामाशाहों द्वारा खाद्य सामग्री और विभिन्न उपहार सामग्री सहित नगद राशि की घोषणा की गई।

## पौषबडा महोत्सव में उमडे श्रद्धालु

**निवाई ।** इंदिरा कॉलोनी में स्थित श्री श्याम मंदिर में पोषबडा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसको लेकर बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार करके दोपहर 1 से 3 बजे तक मंदिर प्रांगण में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के रवि अग्रवाल ने बताया कि संकीर्तन के बाद श्याम बाबा के पोषबडे का भोग लगाकर पोषबडा वितरण का कार्यक्रम किया गया। उन्होंने बताया कि पोषबडा महोत्सव को लेकर श्रद्धालु सुबह से ही श्याम बाबा के दर्शन के लिए उमड पडे। इस दौरान सैकडो श्रद्धालुओं को पोषबडा प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, एडवोकेट सरोज अग्रवाल, रवि पारीक, रामचरण विजय, नाथूलाल शर्मा, ओमप्रकाश विजय, नाथूलाल पारीक, मदनलाल नाटाणी, गीता नाटाणी, राकेश गुरूजी, सर्वेश द्विवेदी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# 179 गांवों को जल्द मिलेगा पानी

■ 'पीपलू ब्लॉक के सभी घरों तक 100 प्रतिशत नल कनेक्शन का कार्य प्राथमिकता से किया जाना प्रस्तावित है'

**पीपलू ।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के टोंक दौरे के दौरान मोटूका बायपास पर पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख ने कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को पीपलू क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर भी अवगत करवाते हुए वंचित गांवों को जल जीवन मिशन की योजना से जोडने के लिए टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करवाए जाने की मांग की।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने हाथों हाथ वहां मौजूद जलदाय विभाग पीपलू के कनिष्ठ अभियंता सीताराम गोदारा से पीपलू क्षेत्र के जल जीवन मिशन से वंचित गांवों की जानकारी लेते हुए विस्तृत रिपोर्ट भिजवाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि आने वाले 6 माह में सभी कार्यों का रिव्यू करते हुए तीव्र गति से पेयजल निदान का कार्य किया जाएगा।

कनिष्ठ अभियंता सीताराम गोदारा ने बताया कि पीपलूए टोडारायसिंह एवं मालपुरा ब्लॉक के कुल 179 गांव जल जीवन मिशन योजना में जुडने से वंचित रह गए थे। जिसमें पीपलू के 98ए टोडारायसिंह के 55 एवं मालपुरा के 26 गांव शामिल है। इसको लेकर 293.52 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति तो मिल चुकी है। ऐसे में अब निविदा प्रक्रिया समय पर होने के बाद कार्य शुरु हो सकेगा तथा लोगों को अपने घरों में नल कनेक्शन की सुविधा मिल सकेगी। स्वागत के अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष केदार चौधरी, हंसराज कठमाणा, सरपंच गणेशलाल घासल, बगड़ी सरपंच श्योजीराम खुवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**आशान्वित ब्लॉक में शामिल है पीपलू ब्लॉक :** नीति आयोग भारत सरकार के आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम में टोंक जिले से पीपलू ब्लॉक शामिल है। जिससे पीपलू ब्लॉक में डेवलपमेंट स्ट्रेटजी बन चुकी है। इसमें पीएचईडी विभाग भी शामिल है। जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता सीताराम गोदारा ने बताया कि इसके तहत पीपलू ब्लॉक के सभी घरों तक 100 प्रतिशत नल कनेक्शन का कार्य प्राथमिकता से किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि जिन विकास मानकों में ब्लॉक पिछड़ रहा हैं उसमें रॉल मॉडल बनाना है। फिर यही मॉडल अन्य क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

## राजयोग साधना आयोजित

**टोंक।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, शाखा राजयोग भवन टोंक द्वारा स्वयं की स्थिति श्रेष्ठ बनाने एवं विश्व में शांति के लिए दया करुणा थीम पर संगठित राजयोग साधना का आयोजन किया गया। गौरतलब है की ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा 18 जनवरी को अव्यक्त हुए थे, इसलिए संस्थान इस पूरे महीने को अव्यक्त मास के रूप में मनाता हैं। इस महीने में देश विदेश के सभी सेवा केंद्रों पर विशेष ध्यान साधना के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, इसी के तहत सेवा केंद्र टोंक में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में सेवा केंद्र से जुड़े भाई बहिनो ने भाग लिया तथा संगठित योग तपस्या की। कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी ने कहा कि स्वयं की वास्तविक पहचान कर अपने मन की तार परमात्मा से जोड़ना ही राजयोग है, इसका नियमित अभ्यास हमे आंतरिक गुणों और शक्तियों से भरपूर बनता है। उन्होंने सभी को कमेंट्री से राजयोग की गहन अनुभूति करवाई।

# नववर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा ।** कस्बे कीन्यू कॉलोनी स्थित अग्रवाल पंचायत भवन परिसर में रविवार को प्रात: 11 बजे भूतपूर्व सैनिक कमेटी फुलेरा के तत्वावधान में नववर्ष स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित विधायक विद्याधर सिंह चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष लियाकत अली खान, श्रवण भांवरिया, प्रताप सिंह, सरपंच संघ के अध्यक्ष चन्दा लाल चौधरी, ब्लॉक अध्यक्षा पुष्पा मेघवाल, कानसिंह, पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी, चेयरमैन प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पंचायत समिति सांभरलेक प्रधान सहदेव गुर्जर, एमपीएस राकेश परिहार, पार्षद दौलत चौधरी, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता जग्गाराम वर्मा रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भूतपूर्व सैनिक कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुलहरा के द्वारा की गई। गौरतलब है कि उक्त कार्यक्रम सैनिक कमेटी के साथ ही नवनिर्वाचित विधायक विद्याधर सिंह चौधरी के सम्मान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में आगन्तुक अतिथियों को माला साफा एवं शॉलओढाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। तत्पश्चात भूतपूर्व सैनिक कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष लियाकत खान ने संगठन को मजबूत करने एवं समय-समय पर संगठन के कार्यक्रमों में सभी को भाग लेने का आव्हान किया। इसके बाद जगदीश सिंह राठौड़, राम साहय मीणा, लालाराम बाना ने संगठन का मजबूत के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

वहीं कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोज कुलहरी ने सैनिकों की क्षेत्रीय सहित अन्य कई समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही उक्त समस्याओं के निराकरण का आग्रह भी किया।

## आमसभा हुई

**फुलेरा।** कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन परिसर में रविवार को वरिष्ठ नागरिक परिषद फुलेरा की आमसभा का आयोजन राजकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। सभा के दौरान नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ विभिन्न बिन्दुओं को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। जिसमें मुख्य बिन्दु आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर ध्वजा रोहण का रहा। जिसमें सर्वसम्मति से वरिष्ठ सदस्य लालचन्द कुमावत के द्वारा ध्वजारोहण किया जाना तय किया गया। सभा के दौरान रामजीलाल पापटवान, गोपाल लाल शर्मा, मदन मोहन शर्मा, रामावतार टेलर, विमल शर्मा, सिद्धकरण जैन, कृष्णा गोस्वामी, सरोज गुप्ता, शेषनारायण सैनी, श्यामलाल सैनी, लाल चन्द कुमावत सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**कोटपूतली।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के तत्वाधान में रविवार को मातृ सम्मेलन व विशाल कलश यात्रा का आयोजन हुआ। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत घोष प्रमुख बुद्धिप्रकाश ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष व बलिदानों के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश से अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनने का कार्य अपनी पूर्णता की ओर है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम कण कण में व्याप्त हैं 1526 से इस आंदोलन में अनेक लड़ाईयां, संघर्ष व अभियान रहे हैं। चार लाख से अधिक लोग इस कार्य के लिए बलिदान हुए हैं। 1990 की कार सेवा के दौरान भी हजारों राम भक्तों ने अपने प्राणों की आहूतियां दी है। यह हम सब का सौभाग्य है कि हम अपने जीवन काल में भगवान श्रीराम का मंदिर बनते हुए देख रहे हैं। संत हनुमान प्रसाद महाराज ने कहा कि 22 जनवरी को सभी को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन करना है। विशिष्ठ अतिथि विधायक हंसराज पटेल ने मातृ शक्ति को सम्बोधित करते हुए कहा कि 14 वर्ष के वनवास के बाद श्रीराम अयोध्या लौटे तो दीपावली मनाई गई थी अब 500 वर्षों के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं तो इस अवसर पर पूरे देश में दीपावली मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने आह्वान किया है कि 22 जनवरी को प्रत्येक घर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन करना है। हम सभी को इस पुण्य व धर्म के कार्य में सहभागी बनना है। पटेल ने कहा कि 22 जनवरी के बाद क्षेत्रवासियों के लिए अयोध्या मंदिर दर्शन की व्यवस्था करवाई जायेगी। विहिप जिला मंत्री महावीर सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन एड. शिव कुमार गुप्ता ने किया। इससे पूर्व लक्ष्मीनारायण देवस्थान मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। यात्रा संयोजक रजत जिंदल ने बताया कि कलश यात्रा में 3111 कलश के साथ महिलायें शामिल हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भगवान श्रीराम के आगमन की खुशी में महिलायें नाचती गाती हुई देवस्थान मंदिर पहुँच रही थी। इस मौके पर समिति संयोजक अरुण सैनी, सह संयोजक नेमीचंद, जिलाध्यक्ष रामविलास सिंघल, आरएसएस के महावीर प्रसाद, महेंद्र शर्मा, प्रचारक विशाल सिंह, भाजपा नेता यादराम जांगल, मुकेश गोयल, पूर्व चेयरमैन एड. महेंद्र सैनी, भाजपा जिला महामंत्री गोपाल मोरीजावाला, पूर्व जिला पार्षद धूड़ सिंह शेखावत, हरिराम सैनी, रामसिंह, सुनील चौधरी, तूफान सोनी, हुकुम सिंह, पवन छीपी, प्रदीप अग्रवाल, जितेंद्र चौधरी, चंद्रशेखर, शशि मित्तल, कमल सैनी, भीमसिंह पायला, देवेंद्र आर्य, अनमोल गोयल समेत अनेक कार्यकर्ता व राम भक्त मौजूद रहे।

## 'विकास कार्य करना मेरी प्राथमिकता'

**अलवर।** अलवर ग्रामीण विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली की ऐतिहासिक जीत के बाद उनके समर्थकों द्वारा अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव भडोली, बालेटा,भडोडी एवम पूनखर में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन शामिल हुए। जूली ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जो विकास की गति का पहिया उनके कार्यकाल में घूमा था वह अब भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बदली है लेकिन हम सभी को संयुक्त रूप से साथ मिलकर अलवर ग्रामीण को विकास के पथ पर ओर अधिक आगे करने के लिए लंबी लड़ाई लड़नी है। उन्होंने कहा कि न केवल आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा बल्कि क्षेत्र में पिछली बार जैसी रफ्तार से विकास कार्य करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इससे पूर्व मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जूली समर्थकों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का अमरसर में स्वागत हुआ




विकसित संकल्प यात्रा में भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने शिरकत की।

**अमरसर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज अमरसर में भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी जिला उपाध्यक्ष जयपुर देहात उपस्थित रही।

उन्होंने बताया की यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा आयोजित कल्याणकारी योजनाओं को गांव ढाणी पहुंचाना और हर व्यक्ति को योजना का लाभ मिले उन्होंने कई लोगो को समस्या सुनी और जल्द ही समस्या का हल करवाने का आश्वासन दिया साथ ही भाजपा प्रत्यासी उपेन यादव ने बताया की मेने चुनाव समय में जो वादा किया था वो में निभाऊंगा और गांव गांव ढाणी ढाणी क्षेत्र में जनता के बीच आऊंगा उनकी समस्या सुन कर जल्द ही क्षेत्र का विकास करवाएंगे

## पौषबड़ा महोत्सव 16 जनवरी को

**कोटपूतली।** कस्बे के वार्ड नं. 06 ढ़ाणी ज्यादावाली में पितृ जीण सेवा समिति कार्यकारिणी की बैठक संयोजक जयसिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। समिति के महामंत्री बिल्लूराम सैनी ने बताया कि आगामी 16 जनवरी को पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में नव निवार्चित विधायक हंसराज पटेल का स्वागत अभिनंदन भी किया जायेगा। बैठक में हरचन्द सैनी, फूलचंद सैनी, बाबूलाल, सुन्दर सैनी, सुभाष सैनी, हंसराज सैनी, हेमराज सैनी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्वागत किया

**चाकसू**(निस) यंहा बाईपास पर रविवार को राजस्थान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा एवं महासचिव सुशील पुजारी का भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विशेष संपर्क प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अवधेश शर्मा के नेतृत्व में लोगों ने दुपट्टा उड़ा कर एवं साफा पहनकर स्वागत किया। इस दौरान इस दौरान एडवोकेट गणेश शर्मा, अनिल मोर्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।




मैं इस बात से खुश नहीं हूं कि भारत-अफ्रीका के बीच तीसरा टेस्ट नहीं होगा। इसके लिए दुनिया भर में चल रहे टी-20 क्रिकेट को दोष देना होगा। हालांकि, इस हालात के लिए कौन दोषी है, यह मुझे नहीं पता। - एबी डीविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी, भारत-अफ्रीका के बीच तीसरा टेस्ट मैच नहीं होने पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — चेतेश्वर पुजारा



**चेतेश्वर पुजारा** ने 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र के शुरुआती दौर में रविवार को झारखंड के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां दोहरा शतक बनाया। पुजारा तीसरे दिन के पहले सत्र में कल के 157 रन आगे खेलते हुए अपना दोहरा शतक ठोका और लंच के बाद सौराष्ट्र ने 436 की विशाल बढ़त के साथ चार विकेट पर 578 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। यह रणजी ट्रॉफी में उनका आठवां दोहरा शतक है। इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक दोहरे शतक लगाने वाले की सूची में वह पारस डोगरा के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** ट्वंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज वेस्टइंडीज के क्रिस गेल थे। दूसरा व तीसरा शतक न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम व भारत के सुरेश रैना ने लगाया।

### अफगानिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया का ऐलान

## रोहित-कोहली, शुभमन की वापसी, सूर्या, पंड्या और गायकवाड़ टी-20 सीरीज से बाहर

मुंबई, 7 जनवरी। अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम के कप्तान रोहित शर्मा होंगे। वे पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद पहला अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेलेंगे। रोहित के अलावा, विराट कोहली और शुभमन गिल की भी वापसी हुई है, जबकि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड को बाहर रखा गया है। ये सभी अपनी-अपनी चोट से उबरने में नाकाम रहे हैं। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। यह जून में होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी बाइलेटरल सीरीज है।

यह है भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार। अफगानी बोर्ड ने इस सीरीज के लिए शनिवार को अपनी टीम का ऐलान किया था। बोर्ड ने 3 टी-20 की सीरीज के लिए 19 प्लेयर्स चुने हैं। टीम की कमान ओपनर इब्राहिम जादरान को



सौंपी गई है। जबकि राशिद खान और मुजीब उर रहमान की वापसी हुई है। पूरी खबर

टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत 3 ही टी-20 मैच खेलेगा। तीनों मुकाबले अफगानिस्तान से होंगे। इसके बाद भारत इंग्लैंड से 5 टेस्ट खेलेगा और फिर शुरू हो जाएगा। के मई के तीसरे सप्ताह तक चलने की संभावना है। टूर्नामेंट के ठीक बाद एक जून से ही वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप भी शुरू हो जाएगा। इसका शेड्यूल ने शुक्रवार, 5 जनवरी को ही जारी किया।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट ओपनर डेविड वॉर्नर के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के चयनकर्ताओं के सामने नया ओपनर तलाशने की चुनौती है। उनकी जगह टेस्ट क्रिकेट में कौन ओपन करेगा। ऑस्ट्रेलिया टीम को 17 जनवरी से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला एडिलेड के मैदान पर खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे चेतेश्वर पुजारा ने रणजी ट्रॉफी 2023-24 में झारखंड के खिलाफ नाबाद 243 रनों की पारी खेली। पुजारा ने अपनी पारी में 356 गेंदों का सामना किया और 30 चौके लगाए।

## 20 जनवरी से शुरू होगी आई-लीग 2

नई दिल्ली, 7 जनवरी। आगामी 20 जनवरी से आठ टीमों वाली 2023-24 आई-लीग 2 का आगाज होगा। लीग को घरेलू और बाहरी आधार पर डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा, शीर्ष दो टीमों को 2024-25 आई-लीग में पदोन्नत किया जाएगा और निचली दो टीमों को 2024-25 आई-लीग 3 में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। आठ टीमों में 2022-23 आई-लीग (मुंबई केनक्रे एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी) से हटाए गए दो क्लब शामिल हैं, 2022-23 आई-लीग 2 फाइनल राउंड (एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड, यूनाइटेड एससी और द ओरांजे एफसी) से तीन टीमें शामिल हैं, जिसे पहले अंबरनाथ यूनाइटेड अटलांटा एफसी के नाम से जाना जाता था और तीन टीमों ने 2024-25 आई-लीग 3 (स्पोर्टिंग क्लब डी गोवा, डेम्पो एससी और स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु) से क्वालीफाई किया।

स्पोर्टिंग क्लब डी गोवा, जो पिछले साल के अंत में प्लेऑफ़ में शीर्ष पर रहने के बाद आई-लीग 3 का चैंपियन बना, उनके साथ पांच बार के आई-लीग/एनएफएल चैंपियन डेम्पो एससी और स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु भी शामिल हुए, जो क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

आई-लीग 2 संतोष ट्रॉफी फाइनल राउंड को समायोजित करने के लिए 12 फरवरी से 23 मार्च के बीच 40 दिनों का अंतराल लेगा। लीग अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक चलेगी। एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सत्यनारायण एम ने कहा, एआईएफएफ ने आठ आई-लीग 2 टीमों के साथ बैठक की और हम संतोष ट्रॉफी के लिए बीच में अंतराल रखने पर सहमत हुए। यह घरेलू और विदेशी आधार पर एक बेहतरीन प्रतिस्पर्धी लीग होगी, जो सभी टीमों के लिए अच्छा होगा।

## अंकित और कुलदीप ने केरल को 243 में समेटा

अलाप्पुझा, 7 जनवरी। अंकित राजपूत 64 रन पर पांच विकेट और कुलदीप यादव के तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत से उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी ग्रुप बी मुकाबले के तीसरे दिन रविवार को मेजबान केरल को 243 रन पर ढ़ेर कर दिया है। केरल के पहली पारी में 59 पीछे रहने के बाद उप्र ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 147 रन बना लिये और उसकी बढ़त 206 रनों की हो गई है।

कल के छह विकेट पर 220 के बाद रेयस गोपाल 36 रन और जलज सक्सेना छह रन से आगे पारी को बढ़ाने का प्रयास किया। लेकिन सुबह के सत्र में ही राजपूत ने गोपाल को कल के 36 रन के स्कोर पर ही पवेलियन भेज दिया। टीम में स्कोर में एक रन का इजाफा करने के बाद सक्सेना भी राजपूत का शिकार बने। इसके बाद राजपूत ने बेसिल थंपी दो रन को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। व्यशक चंद्रण पांच रन पर राजपूत ने बोल्ड आउट कर केरल की पारी को 243 रनों पर समेट दिया।

आज इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश की ओर से आर्यन जुयाल ने नाबाद 66 रन बना लिये है और प्रियम गर्ग भी 27 रन बनाकर क्रीज पर है। उत्तर प्रदेश की ओर से दूसरी पारी में समर्थ सिंह 43 रन बनाकर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तरप्रदेश ने एक विकेट पर 147 रन बना लिये है और उसकी कुल बढ़त 206 रनों की हो गई है। इससे पहले केरल में सनातन धर्म कॉलेज ग्राउंड पर उत्तर प्रदेश ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 302 रन बनाये थे।

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पुजारा का 17वां दोहरा शतक

राजकोट, 7 जनवरी। चेतेश्वर पुजारा ने 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र के शुरुआती दौर में रविवार को झारखंड के खिलाफ प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 17वां दोहरा शतक बनाया। पुजारा तीसरे दिन के पहले सत्र में कल के 157 रन आगे खेलते हुए अपना दोहरा शतक ठोका और लंच के बाद सौराष्ट्र ने 436 की विशाल बढ़त के साथ चार विकेट पर 578 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। उन्होंने झारखंड के खिलाफ 356 गेंद में नाबाद 243 रन बनाये। यह रणजी ट्रॉफी में उनका आठवां दोहरा शतक है। इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक दोहरे शतक लगाने वाले की सूची में वह पारस डोगरा के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जिनमें से आखिरी अक्टूबर 2013 में वेस्टइंडीज ए के खिलाफ आया था। पुजारा इस दोहरे शतक के साथ इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दावेदारी को बल मिला। पुजारा ने आखिरी टेस्ट जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में खेला था जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे और भारत 209 रनों से हार गया था।

## गुजरात जायंटस ने तेलुगू टाइटंस को हराया

मुम्बई, 7 जनवरी। प्रो कबड्डी लीग 2023-24 के 59वें मुकाबले में गुजरात जायंट्स ने तेलुगू टाइटंस को 37-30 के अंतर से हरा दिया है। शनिवार को खेले गये मुकाबले में जीत के साथ ही गुजरात जायंट्स अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इस सत्र में गुजरात की यह 11 मैचों में सातवीं जीत है जबकि टाइटंस को 10 मैचों में नौवीं हार है। गुजरात के लिए एचएस राकेश ने सुपर 10 लगाया जबकि डिफेंस में दीपक ने नौ अंक बटोरे। टाइटंस के लिए पवन सेहरावत ने सुपर रेड के साथ मैच की शुरुआत की लेकिन वह और अंत तक की पहुंच सके। संजीवी एस के नाम सात अंक रहे। वार आफ स्टार्स में हाई फ्लायर पवन ने सुपर रेड के साथ शुरुआत की। अगली रेड पर हालांकि वह लपके गए। इसी बीच राकेश ने रेड प्वाइंट के साथ स्कोर 2-3 कर दिया। गुजरात के डिफेंस ने रोबिन को लपक स्कोर बराबर कर दिया। टाइटंस के डिफेंस ने परतीक को डैश कर हालांकि पवन को रिवाइव करा लिया। नौवें मिनट में रोबिन की रेड पर टाइटंस को दो अंक मिले और गुजरात ने भी एक अंक कमाया। 10 मिनट बाद टाइटंस 9-8 से आगे थे, हालांकि उनके लिए सुपर टैकल आन था। इस बीच परतीक को लपक टाइटंस ने सुपर टैकल लगाया और 11-8 की लीड ले ली लेकिन पवन को लपक गुजरात ने इसका हिसाब चुका लिया। राकेश ने दो रेड में दो अंक ले स्कोर 11-11 कर दिया। फिर गुजरात ने टाइटंस को आलआउट की ओर धकेला लेकिन संजीवी ने दो बार इसे टाल दिया। टाइटंस ने राकेश का सुपर टैकल कर 16-12 से आगे हो गई। इसके बाद टाइटंस ने तीसरा सुपर टैकल अंजाम देकर अपनी टीम को पांच अंक की बढ़त दिला दी। ब्रेक के बाद की पहली रेड पर राकेश ने दो अंक जुटाए। जल्द ही गुजरात ने टाइटंस को आलआउट करते हुए स्कोर 19-20 कर दिया। इस बीच राकेश ने अपना सुपर-10 पूरा किया। फजल रिवाइव होकर आ चुके थे और आते ही उन्होंने पवन का शिकार कर लिया। स्कोर 22-22 हो चुका था। राकेश ने अगली रेड पर टाइटंस को दूसरी बार आलआउट कर अपनी टीम क 30-23 से आगे कर दिया। 35वें मिनट में पवन का शिकार हो चुका था। इसी बीच गुजरात के डिफेंस ने रजनीश का भी शिकार कर लिया लेकिन संजीवी ने दो अंक की रेड के साथ पवन को रिवाइव करा लिया लेकिन वह अपनी टीम को नौवीं हार से नही बचा सके।

## साई बाल, साई शक्ति और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी अपने-अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली, 7 जनवरी। दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के दूसरे चरण के सातवें दिन साई बाल टीम, साई शक्ति टीम और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने रविवार को खेले गये अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की है। दिन के पहले मैच में साई बाल टीम ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को 10-0 से हराया। साई बाल टीम के लिए तनु शोरेन्सांगबम ने दूसरे, 23वें मिनट, शांति होरो ने नौवें, 36वें मिनट और रिया ने 20वें, 35वें मिनट में गोल दागे। जबकि ज्योति ज़ाक्सा ने 11वें मिनट, कप्तान गुलजान कुमारी ने 27वें मिनट, मनजिंदर ने 28वें मिनट और श्री विद्या थिरुमालासेट्टी ने 31 वें मिनट एक-एक गोल किये। दिन के दूसरे मुकाबले में साई शक्ति टीम ने जय भारत हॉकी अकादमी को 22-0 से हराया। रवीना ने सातवें, 29वें, 36वें, 37वें, 45वें मिनट पांच गोल के साथ साई शक्ति टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहीं, कप्तान काजल ने चौथे, 22वें, 58वें, संजना में 11वें, 13वें, 26वें मिनट में बिनती मिंज ने 15वें, 38वें, 51वे मिनट में और साक्षी ने 17वें, 50वें, 52वें मिनट में गोल दाग कर हैट्रिक बनाई, भव्या ने 10वें, 49वें और तमन्ना ने 44वें, 53वें मिनट में गोल किये जबकि नवरूप कौर ने 43वें मिनट में मैदानी गोल दागा। तीसरे मुकाबले में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने अनंतपुर स्पोर्ट्स अकादमी को 6-0 से हराया।

## कौन करेगा डेविड वॉर्नर को रिप्लेस

### कैमरन ग्रीन एक्सपर्ट्स की पसंद, स्मिथ ने दिखाया इंटरेस्ट, 3 ओपनर्स भी हैं दावेदार

नई दिल्ली, 7 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट ओपनर डेविड वॉर्नर के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम के चयनकर्ताओं के सामने नया ओपनर तलाशने की चुनौती है। उनकी जगह टेस्ट क्रिकेट में कौन ओपन करेगा। ऑस्ट्रेलिया टीम को 17 जनवरी से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला एडिलेड के मैदान पर खेला जाएगा।

वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी मुकाबले के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। सिलेक्टर्स के पास वॉर्नर के कई विकल्प हैं। मार्कस हैरिस, कैमरन ग्रीन, मैट रेन्शॉ, कैमरन बेनक्रॉफ्ट, स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के नाम रेस में हैं।

ऑस्ट्रेलिया के स्टार खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने टेस्ट में ओपनिंग करने के लिए इंटरेस्ट दिखाया है। स्मिथ ने पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट के शुरू होने से पहले दिए बयान में ये इच्छा जाहिर की थी कि वह टेस्ट में ओपनिंग करना चाहते हैं। वहीं टीम के कप्तान पैट कमिंस, स्मिथ को मिडिल ऑर्डर से हटाने के पक्ष में नहीं हैं। स्मिथ ने टेस्ट में कभी भी ओपन नहीं किया है। वो पिछले 10 सालों (2013) से चौथे नंबर पर बैटिंग कर रहे हैं। इससे पहले वो



लोअर मिडिल ऑर्डर और लोअर ऑर्डर में ही बैटिंग करते थे।

ओपनर्स के दावेदारों में ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन का नाम सबसे आगे चल रहा है। टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा, ग्रीन टेस्ट में वॉर्नर का बेस्ट रिप्लेसमेंट हो सकते हैं। वॉ ने आगे कहा, ग्रीन ने अभी तक नंबर 6 पर बल्लेबाजी की है और नंबर 6 के दौरान दूसरी नई गेंद खेल में आती है। इसलिए वे शेन वॉटसन की तरह एक अच्छा ऑप्शन रहेंगे। इसलिए मैं उन्हें ओपन करते देखना चाहता हूं। फिलहाल मिचेल मार्श नंबर 6 पर बैटिंग कर रहे हैं, तो इसलिए ग्रीन को ओपन करवाना चाहिए। ग्रीन ने अब तक सिर्फ एक टी-20 मैच में ओपनिंग की है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड अपने अटैकिंग बैटिंग के लिए जाने जाते हैं। हेड का अटैकिंग अप्रोच ही उन्हें वॉर्नर का बेस्ट रिप्लेसमेंट बना रहा है। उन्होंने जिस तरह से वनडे वर्ल्ड कप में बैटिंग की थी, उसे देखते हुए उन्हें टेस्ट में ओपनर के तौर पर देखा जा रहा है। हेड अब तक दो टेस्ट मैचों में ओपनिंग करते हुए 41 रन बनाए हैं।

वहीं वनडे में 12 और टी-20 में चार मैचों में ओपन किए हैं। वॉर्नर को टेस्ट में रिप्लेस करने के प्रबल दावेदारों में मार्कस हैरिस का नाम भी शामिल है। हैरिस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 14 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 12 मैचों में ओपन किया है। हैरिस साल 2021 से टीम से बाहर हैं। इस दौरान उन्होंने शेफील्ड शील्ड में ओपनर के तौर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। कैमरन बैनक्रॉफ्ट ने बॉल टैम्परिंग मामले के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला। उन्होंने बॉल टेम्परिंग मामले के पहले 10 टेस्ट खेले और सभी में ओपन ही किया था। बैनक्रॉफ्ट ने 2023/24 की ऑस्ट्रेलिया की डोमेस्टिक फर्स्ट क्लास क्रिकेट टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। रेन्शॉ को वॉर्नर के विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। रेन्शॉ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 14 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 9 मैचों में ओपनिंग किया है। इस दौरान एक शतक और 2 अर्धशतक लगाया है। रेन्शॉ ने इस साल शेफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया है।

वॉर्नर ने टेस्ट औरन वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट मैच उनके करियर का आखिरी टेस्ट मैच था। अब उन्होंने अपने बेहतरीन टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया है। वॉर्नर टी-20 खेलना जारी रखेंगे, क्योंकि 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 वर्ल्ड कप होना है। उन्होंने 99 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें 99 पारियों में 32.88 की औसत से 2,894 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 24 अद्धर्शतक शामिल हैं।

## टैक्स बार एसोसिएशन कोटा की टीबीए प्रीमियर लीग का समापन, नीरज टाइटंस टीम बनी विजेता

कोटा, 7 जनवरी। टैक्स बार एसोसिएशन कोटा की ओर से मनाए जा रहे उत्सवम पखवाड़े के तहत बाल विद्यालय में खेली जा रही दो दिवसीय टीबीए प्रीमियर लीग का रविवार को समापन हुआ। टैक्स बार एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष सीए देवेंद्र कटारिया व सचिव सीए सुमित चित्तौड़ा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ बार काउंसिल कोटा के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज पुरी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बाल विद्यालय के खेल अधिकारी महेश चौधरी थे। एडवोकेट मनोज पुरी ने कहा कि टैक्स बार एसोसिएशन प्रीमियर लीग का आयोजन इस प्रकार से हो रहा है जैसे आईपीएल के मैच होते हैं। सभी कर विशेषज्ञों ने इस तरह से खेल भावना का परिचय दिया जिस तरह से राष्ट्र निर्माण में टैक्स का कलेक्शन करवा कर देश को आगे बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम समन्वयक एडवोकेट राजकुमार विजय एवं सीए लोकेश माहेश्वरी ने बताया कि टीबीए प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला नीरज टाइटन्स और डीसी धुरंधर के बीच खेला गया, जिसमें नीरज टाइटन्स ने 155 रन का लक्ष्य दिया, जिसका डीसी धुरंधर टीम हासिल नहीं कर सकी। ऐसे में नीरज टाइटंस की टीम विजेता एवं डीसी धुरंधर की टीम उप विजेता बनी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया टैक्स फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ टैक्स एडवोकेट एम.एल.पाटौदी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। साथ ही विजेता टीम को जल्दी ही डिनर के लिए आमंत्रित किया। प्रीमियर लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली क्रिकेट टीमों को 13 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर मिलिंद विजयवर्गीय, सीए नीरज जैन, रामलाल विजय, एडवोकेट राज ठाकुर व सीए दर्शन पिपलानी आदि उपस्थित थे। संस्था की ओर से 8 जनवरी को इटोस रेस्टोरेंट में महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसकी मुख्य अतिथि संभागीय आयुक्त डॉ.प्रतिभा सिंह होंगी।

## पेरी 300वां क्रिकेट मुकाबला खेलने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई

मुम्बई, 7 जनवरी। एलिस पेरी ने कहा कि उनकी ख्वाहिश 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की है, वह आज जब दूसरे टी-20 के लिए मैदान पर उतरेगी तो यह उनका 300वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला होगा। वह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में खेलने पहली ऐसी ऑस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी हैं जिन्हें यह मुकाम को हासिल होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर अब तक 299 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं।

वह महिला क्रिकेट में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाली दुनिया की चौथी खिलाड़ी हैं। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज 333 मैचों के साथ अव्वल नंबर पर, इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 309 मुकाबलों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर है।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनका अगला लक्ष्य 400 वां मुक़ाबला खेलना है तो पेरी ने कहा, मुझे नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है...हालांकि मैं हर तरह की परिस्थिति के लिए तैयार हूं। मैंने अपने करियर के लिए किसी भी तरीके की सीमा निर्धारित नहीं की है। लेकिन एक तरह से देखा जाए तो यह (400वां मैच) बस एक तरह की संख्या है। जब तक मैं टीम के लिए योगदान दे सकती हूं और जब तक मैं अपने खेल का आनंद उठा रही हूं, तब तक मैं खेलती रहूंगी। उन्होंने अब तक अपने करियर में 12 टेस्ट, 141 एकदिवसीय और 146 टी-20 सहित कुल 299 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में उनके 925 रन और 38 विकेट, एकदिवसीय में 3852 रन और 162 विकेट तथा टी-20 में 1774 रन और 123 विकेट उनके नाम हैं।

### नाथन लियोन ने बताए 3 बेस्ट विरोधी बल्लेबाजों के नाम

## लिस्ट में विराट कोहली सहित दो भारतीय शामिल

नई दिल्ली, 7 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन साल 2011 से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं। वह सबसे लंबे फॉर्मेट में 500 से अधिक विकेट चटका चुके हैं। लियोन ने अब अपने 3 बेस्ट विरोधी बल्लेबाजों के नाम का खुलासा किया है। उनकी लिस्ट में दो दो भारतीय और एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाडी का नाम शामिल है। लियोन ने विराट कोहली, सचिन तेंदुलकर के अलावा एबी डिविलियर्स का जिक्र किया। लियोन ने यह बात पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ठाउंड (एससीजी) में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले की, जो 3 जनवरी से शुरू होगा। एससीजी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें लियोन ने कई सवालों के जवाब दिए। लियोन से जब पूछा गया कि उस बेस्ट प्लेयर का नाम बताएं।

## डीविलियर्स बोले- टेस्ट को खत्म कर रहा टी-20 क्रिकेट

### भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट नहीं होना निराशाजनक, खिलाड़ियों को पैसा प्यारा

नई दिल्ली, 7 जनवरी। एबी डिविलियर्स भारत और साउथ अफ्रीका के बीच सिर्फ दो टेस्ट मैचों की सीरीज होने से नाखुश हैं। वह अफ्रीका के न्यूजीलैंड दौरे पर भी केवल दो टेस्ट खेलने को भी सही नहीं मानते। पूर्व अफ्रीकी बैटर का कहना है कि टी-20 की वजह से टेस्ट क्रिकेट पर दबाव है। टी-20 की वजह से ही टेस्ट क्रिकेट पर खतरा पैदा हो रहा है। ऐसे में टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए बदलाव करने की जरूरत है।

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि मैं इस बात से खुश नहीं हूं कि भारत-अफ्रीका के बीच तीसरा टेस्ट नहीं होगा। इसके लिए दुनिया भर में चल रहे टी-20 क्रिकेट को दोष देना होगा। हालांकि, इस हालात के लिए कौन दोषी है, यह मुझे नहीं पता। पर इतना जरूर समझ में आ रहा है कि कुछ गड़बड़ है।

टेस्ट क्रिकेट ही नहीं वनडे पर भी अब दबाव है। सारा सिस्टम टी-20 क्रिकेट के आस-पास घूम रहा है। खिलाड़ी, बोर्ड और कोच सभी, वहीं शिफ्ट होंगे जहां पैसा होगा। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में कॉम्पिटिशन देखना चाहते हैं तो दो टेस्ट की सीरीज के नियम को बदलना होगा। टीमों के बीच सीरीज में 2 से ज्यादा ही टेस्ट होने चाहिए।

डिविलियर्स ने केप टाउन में साउथ अफ्रीका और भारत के बीच हुए दूसरे मुकाबले की पिच को ठीक बताया। उन्होंने कहा, मेरी राय में यह (केप टाउन) काफी स्टैंडर्ड विकेट था। मुझे याद है कि पहले दिन वह हरकत कर रहा था। अगर आप पहले दिन का पहला सत्र ही पूरा खेल लेते हैं तो यह आसान हो जाता है। उन खिलाड़ियों को भी देखें जो अपने शॉट्स खेल रहे थे। वह ज्यादा प्रयास नहीं कर रहे थे, बस फोकस हो कर खेल रहे थे।

उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि बेन स्टोक्स ने वहां दोहरा शतक लगाया थे। मैंने खुद वहां कुछ शतक लगाए हैं। ऐसी पिच पर आपको गेंदबाजों पर दबाव बनाने की जरूरत होती है। आप फिलेंडर, बुमराह, सिराज, रबाडा जैसे गेंदबाजों को अपने मन मुताबिक गेंदबाजी करने की छूट नहीं दे सकते हैं। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच केपटाउन में खेला गया दूसरा टेस्ट डेढ़ दिन में खत्म हो गया था। टीम इंडिया ने इस मुकाबले को जीतकर सीरीज में बराबरी कर ली थी। दोनों टीमों के बल्लेबाजों को यहां परेशानी का सामना करना पड़ा था। वहीं फास्ट बॉलर्स को 33 में से 32 विकेट मिले थे।

साउथ अफ्रीका को फरवरी के पहले हफ्ते में न्यूजीलैंड दौरे पर जाना है। पहला टेस्ट 4 फरवरी से जबकि दूसरा टेस्ट 13 फरवरी से शुरू होगा। साउथ अफ्रीका ने इस दौरे के लिए अपनी बी टीम को भेजा है। दौरे पर कप्तान सहित सात खिलाड़ी अनकैप्ड हैं। दौरे के लिए नील ब्रांड को कैप्टन बनाया गया। अनकैप्ड खिलाड़ी इसलिए चुने गए क्योंकि टीम के मुख्य खिलाड़ी साउथ अफ्रीका टी-20 लीग में खेलेंगे।

## मीडिया लीग : लखनऊ और चंड़ीगढ़ ने जीते अपने मैच

लखनऊ, 7 जनवरी। मैन ऑफ द मैच अभिनव शुक्ला (16 रन, 2 विकेट) के आलराउंड खेल से लखनऊ ने ऑल इंडिया मीडिया प्रीमियर लीग (एआईएमपीएल) 2024 के दूसरे दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबले में कानपुर को चार रन से हराया। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में चार विकेट पर 105 रन बनाए। जवाब में कानपुर निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 101 रन ही बना सका। इससे पूर्व दिन के पहले मैच में चंडीगढ़ ने राज ठाकुर (41) व गम्मू (42) की उम्दा पारी से प्रयागराज को सात रन से शिकस्त दी। प्रयागराज से मैन ऑफ द मैच जावेद मुस्तफा ने आलराउंड खेल दिखाया लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट पर 120 रन बनाए। जवाब में प्रयागराज निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 113 रन ही बना सका। लीग की तालिका में लखनऊ दो मैचों में दो जीत के चलते चार अंक के साथ शीर्ष पर है। वहीं चंडीगढ़ दो मैचों में एक जीत के चलते तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीन दिवसीय राजस्थान प्रवास के पश्चात राजधानी दिल्ली लौटने पर हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। गौरतलब है कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में देशभर के पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 58वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए जयपुर आए थे। वह 5 जनवरी सांय को जयपुर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने राजभवन विश्राम गृह में रात्रि विश्राम किया था। राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन विश्राम गृह में उनसे विशेष मुलाकात कर प्रदेश के विकास और संवैधानिक जागरूकता संबंधित मुद्दों पर चर्चा भी की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।*

# जो विधानसभा चुनाव हारे, कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा जिताने की जिम्मेदारी दी

- **ममता भूपेश, प्रशांत बैरवा, सुदर्शन रावत, महेन्द्र चौधरी, अभिषेक चौधरी, रामलाल मीणा, शंकुतला रावत, राजकुमार शर्मा, प्रमोद जैन 'भाया' विधानसभा चुनाव हारे और अब लोकसभा सीट के पर्यवेक्षक हैं।**

जयपुर, 7 जनवरी (का.प्र.)। लोकसभा चुनाव की तैयारी के तहत कांग्रेस ने उन लोगों को लोकसभा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया है ,जो खुद विधानसभा चुनाव में मात खा चुके हैं। दरअसल कांग्रेस एक बार फिर उसी ट्रैक पर चल रही है, जिस पर विधानसभा चुनाव हार चुकी है। यानी कि, वही पुराने चेहरे फिर से लोगों के सामने भेज रही है, जिन्हें राजस्थान की जनता नकार चुकी है।

राजस्थान में लोकसभा वार बनाई गई पर्यवेक्षकों की सूची के अनुसार श्री गंगानगर लोकसभा सीट पर दिनेश कसवा, बीकानेर लोक सभा सीट पर पूसाराम गोदारा, चूरू में हाकम अली, झुंझुनू में खानु खान बुधवाली, सीकर में महेंद्र गहलोत, जयपुर ग्रामीण में हरसहाय यादव, जयपुर में रोहित बोहरा और अलवर में धर्मेंद्र राठौर के साथ भरतपुर में महेश जोशी और करौली धौलपुर में ममता भूपेश, दौसा में प्रशांत बैरवा, टोंक सवाई माधोपुर में महेश शर्मा, अजमेर में सुदर्शन सिंह रावत और नागौर में गजेंद्र सिंह सांखला के अलावा पाली में संगीता बेनीवाल जोधपुर में महेंद्र चौधरी को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

बाड़मेर में अभिषेक चौधरी और जालौर में अंजना पटेल, उदयपुर में रामलाल मीणा और बांसवाड़ा में महेंद्रजीत सिंह मालवीय, चित्तौड़गढ़ में हम सिंह शेखावत और राजसमंद में शकुंतला रावत, भीलवाड़ा में राजकुमार शर्मा, कोटा में मुरारी लाल मीणा और बारां-झालावाड़ में प्रमोद जैन भैया को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## प्राण प्रतिष्ठा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किसी की इच्छा है कि, 22 जनवरी के आयोजन का हिस्सा बने और स्वयं अयोध्या आएं लेकिन 22 जनवरी को हर किसी के लिए अयोध्या आना संभव नहीं है। इसलिए रामभक्तों से मेरा आग्रह है कि, 22 जनवरी को एक बार रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद अयोध्या आएं। उन्होंने लोगों से 22 जनवरी को अपने घरों में राम ज्योति जलाने की अपील भी की थी।

## बिहार में पंचायत राज के मानदेय बढ़ाये जायेंगे

- **पंच, सरपंच, मुखिया, वॉर्ड सदस्य के शिष्टमंडल के सामने नीतीश कुमार ने घोषणा की**

पटना, 07 जनवरी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य, सरपंच, उप सरपंच एवं पंच के मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी करने की आज घोषणा की। कुमार ने रविवार को उनसे मुलाकात करने आए राज्य के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्यों तथा सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों के शिष्टमंडल की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि, राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाये गये हैं। वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद पंचायती राज व्यवस्था को बेहतर किया गया, महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया। इसके कारण बड़ी संख्या में महिलाएं समाज का नेतृत्व करने को लेकर आगे आयीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, गांवों तथा टोलों में पक्की गली नाली का निर्माण कराया गया। हर घर तक नल का जल पहुंचाया गया। हर घर तक बिजली पहुंचा दी गई है। सभी पंचायतों के वार्डों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें, पंचायत के सभी लोगों की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे हो सकेगा। कुमार ने कहा, आप सबने जो मांग की है, उसके आधार मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जायेगी।

# जाखड़ एन.एस.यू.आई. के नये अध्यक्ष



*विनोद जाखड़*

जयपुर, 7 जनवरी (का.प्र.)। विनोद जाखड़ को राजस्थान प्रदेश एनएसयूआई का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने राजस्थान, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश पूर्व में, एनएसयूआई के नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को आदेश जारी करते हुए राजस्थान में विनोद जाखड़, त्रिपुरा में स्वरूप कुमार सिल और उत्तर प्रदेश पूर्व में ऋषभ पांडे को एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया है।

राजस्थान विधानसभा चुनाव में झोटवाड़ा विधानसभा सीट से एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया था। हालांकि अभिषेक चौधरी का झोटवाड़ा से कोई लेना-देना नहीं था और वह जोधपुर के रहने वाले थे। ऐसे में अभिषेक चौधरी चुनाव हार गए और उसके बाद अब उन्हें एन.एस.यू.आई. के प्रदेश अध्यक्ष पद से भी हटा दिया गया है।

एनएसयूआई के नवनियुक्त अध्यक्ष विनोद जाखड़ साल 2018 में राजस्थान यूनिवर्सिटी में निर्दलीय के तौर पर छात्रसंघ अध्यक्ष का चुनाव जीतने वाले पहले दलित छात्रसंघ अध्यक्ष थे।

## चीन ने पांच अमेरिकी रक्षा उद्योग कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

- **चीन का आरोप है कि, चीनी कंपनियों पर वैध एकतरफा प्रतिबंध तथा ताइवान को नये हथियार बेचने की घोषणा के कारण उसने अमेरिकी रक्षा उद्योग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है।**

बीजिंग, 07 जनवरी। चीन ने पांच अमेरिकी रक्षा उद्योग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने कहा कि, अमेरिका ने हाल ही में ताइवान को नए हथियार बेचने की घोषणा की और विभिन्न बहानों के तहत चीनी व्यवसायों पर प्रतिबंध लगाया।

उन्होंने कहा कि, अमेरिका द्वारा चीन के ताइवान क्षेत्र को हथियारों की बिक्री एक-चीन सिद्धांत और चीन-अमेरिका की तीन शर्तों का घोर उल्लंघन है।

प्रवक्ता ने कहा कि, वर्ष 1982 की 17 अगस्त की संयुक्त विज्ञिप्त और विभिन्न झूठे बहानों के तहत अमेरिका द्वारा चीनी कंपनियों और व्यक्तियों पर लगाए गए अवैध एकतरफा प्रतिबंध चीन की संप्रभुता और सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। अमेरिकी हथियारों की बिक्री और अवैध एकतरफा प्रतिबंध भी ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता को कमजोर करते हैं। इसके अलावा, चीनी कंपनियों और व्यक्तियों के वैध, अधिकारों तथा हितों का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने कहा, चीन इसकी कड़ी निंदा करता है।

प्रवक्ता ने कहा कि, अमेरिका द्वारा की गई इन गलत कार्रवाइयों के जवाब में और चीन के विदेशी प्रतिबंध विरोधी कानून के अनुसार, चीन ने पांच अमेरिकी रक्षा उद्योग कंपनियों, बीएई सिस्टम्स लैंड एंड आर्मामेंट, एलिएंट टेकसिस्टम्स ऑपरेशन, एयरोइरोनमेंट, वी सैट और डेटा लिंक समाधान, पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि, जवाबी कदमों में चीन में उन कंपनियों की चल और अचल संपत्ति सहित संपत्तियों को जब्त करना, चीन में संगठनों तथा व्यक्तियों को उनके साथ लेनदेन करना शामिल है।

प्रवक्ता ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि चीनी सरकार राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने और चीनी कंपनियों तथा नागरिकों के वैध अधिकारों और हितों की रक्षा करने के संकल्प पर अटल हैं। चीन अमेरिका से इसका पालन करने का आग्रह करता है।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे ठंडी रात, माइनस 5.6 डिग्री तापमान दर्ज

- **रात के तापमान में डल लेक जमी**
- **पहलगाम, कुपवाड़ा, गुलमर्ग में भी तापमान शून्य से माइनस 5.6 डिग्री कम रहा।**

श्रीनगर, 07 जनवरी। कश्मीर घाटी में ठंड का प्रकोप जारी है, श्रीनगर में रविवार को मौसम की सबसे ठंडी रात रही। श्रीनगर में तापमान -5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ।

श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में रविवार की रात के तापमान के असर के कारण प्रतिष्ठित डल झील और अन्य छोटे जल निकाय जम गए।

मौसम विज्ञान केंद्र, श्रीनगर, ने कहा कि, श्रीनगर में 2023-2024 मौसम की सबसे ठंडी रात -5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई, जबकि एक दिन पहले तापमान -5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस अवधि में जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में तापमान सामान्य से -3.7 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

श्रीनगर का अधिकतम तापमान, सामान्य 6.1 डिग्री सेल्सियस से 6.2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा ,जबकि एक दिन पहले दिन में सूरज निकलने के कारण श्रीनगर में तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। कश्मीर घाटी के अन्य स्टेशनों पर भी शनिवार को दिन का तापमान सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर काजीगुंड में तापमान पिछली रात के -4.6 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले -5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकेरनाग में एक दिन पहले के -2.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले -2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पहलगाम में पारा शनिवार रात -6.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले -6.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। हालाँकि, दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल के लिए यह सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

कुपवाड़ा में तापमान में थोड़ा सुधार हुआ और एक दिन पहले दर्ज -5.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले तापमान -5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तरी कश्मीर जिले के लिए यह सामान्य से 2.6 डिग्री सेल्सियस कम था। गुलमर्ग में रात के तापमान में भी एक डिग्री का सुधार हुआ, जो पिछली रात के -4.5 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले रविवार को -4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कश्मीर के एक स्वतंत्र पर्यवेक्षक ने कहा कि, रविवार को सुरम्य सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान -5.6 डिग्री सेल्सियस, अनंतनाग में -6.5 डिग्री सेल्सियस, पुलवामा में -6.7 डिग्री सेल्सियस और शोपियां में -6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम कार्यालय ने कहा कि आज मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने के आसार हैं और मैदानी इलाकों में आम तौर पर बादल छाए रहने के अनुमान हैं, साथ ही नौ जनवरी को जम्मू और कश्मीर के अलग-अलग, अत्यधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बहुत हल्की बर्फबारी के आसार हैं, 10 से 14 जनवरी तक मौसम खराब रहेगा। मौसम कार्यालय ने कहा, कुल मिलाकर 14 जनवरी तक कोई महत्वपूर्ण मौसम गतिविधि नहीं रहेगी।

## महाराष्ट्र पूर्व ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सैनिकों को यह आश्वासन दिया। उन्होंने देश की रक्षा करते हुए दिव्यांग हुए पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया और उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा, ''हमें आप सभी पर बहुत गर्व है और हम राज्य में पूर्व सैनिकों के लिए कुछ योजनाएं लागू करने का इरादा रखते हैं। यदि इस संबंध में और कुछ किया जा सकता है तो सुझाव दिया जाना चाहिए।''

# कांग्रेस ने मणिपुर के दो पत्रकारों की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की

- **ऑल-मणिपुर जर्नलिस्ट्स यूनियन तथा एडीटर्स गिल्ड मणीपुर ने गिरफ्तारी की निंदा की और तत्काल रिहाई की मांग की।**

नयी दिल्ली, 07 जनवरी। कांग्रेस ने मणिपुर के, स्थानीय भाषाओं के दो प्रमुख अखबारों के संपादकों को गिरफ्तार करने की कड़ी निंदा करते हुए इसे अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हमला करार दिया तथा राज्य सरकार से प्रेस की स्वतंत्रता बनाए रखने का आग्रह करते हुए दोनों पत्रकारों की तत्काल रिहाई की मांग की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने रविवार को यहां एक बयान में इस गिरफ्तारी को प्रेस की स्वतंत्रता पर एक और हमला करार देते हुए कहा कि, इन पत्रकारों को तत्काल रिहा कर प्रेस की आजादी को बरक़रार रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, इन पत्रकारों की गिरफ्तारी से जुड़े मसलों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और जांच संबंधी सभी बिन्दुओं में उचित प्रक्रिया तथा पारदर्शिता आने तक हिरासत में लिए गए पत्रकारों को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि, स्वतंत्र रूप से रिपोर्ट करने के पत्रकारों के अधिकार को कायम रखते हुए राज्य में काम करने वाले सभी पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

प्रवक्ता ने कहा कि, 31 दिसंबर को भाजपा-नियंत्रित पुलिस ने कथित तौर पर 'भड़काऊ समाचार' प्रकाशित करने के लिए स्थानीय दैनिक कांगलेइपाकी मीरा के संपादक वांगखेमचा श्यामजई को और पांच जनवरी को मैतेई भाषा के अखबार ह्युयेन लानपाओ के संपादक धनबीर माईबम को गिरफ्तार करते हुए कहा कि 'धर्म और नस्ल के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देने' के मणिपुर भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष लैशराम मीनाबंता सिंह की शिकायत के आधार पर इन्हें गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि, ऑल-मणिपुर जर्नलिस्ट्स यूनियन और एडिटर्स गिल्ड मणिपुर ने भी गिरफ्तारी की निंदा कर तत्काल रिहाई की मांग की है।

## शेख हसीना की पार्टी ने दर्ज की आम चुनावों में जीत

ढाका, 7 जनवरी। बांग्लादेश में आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने जीत दर्ज की है। इससे पहले, बांग्लादेश संसद की 300 सीटों के लिए मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ था। मतदान के दौरान संभावित हिंसा की आशंका को देखते हुए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया था।

बांग्लादेश की वर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी ने एक बार फिर आम चुनावों में शानदार जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही वे 5वीं बार देश की कमान संभालेंगी। समाचार एजेंसी एएफपी ने चुनाव निकाय के हवाले से बताया कि, उनकी पार्टी को कम से कम आधी सीटें मिलीं हैं।

# अब त्रिपुरा के रास्ते होने लगी नशीली दवाओं की तस्करी

- **संयुक्त स्तरीय एंटी-नारकोरिक्स ऑपरेशन ग्रुप ने तस्करी बढ़ने पर चिन्ता व्यक्त की।**
- **मणिपुर में हुए जातीय दंगों के बाद तस्करों ने अपना रास्ता बदला।**

अगरतला, 7 जनवरी। त्रिपुरा में नशीली दवाओं के खतरे की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए यहां एक संयुक्त स्तरीय एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशनल ग्रुप की बैठक में म्यांमार से त्रिपुरा तक नशीली दवाओं के बढ़ते प्रवाह पर चिंता व्यक्त की गई।

असम राइफल्स ने एक बयान में यह जानकारी दी। बैठक में एनडीपीएस अधिनियम (नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइकोट्रोपिक सब्सटैंस एक्ट) के तहत संचालन करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने के लिए कार्यात्मक स्तर पर अंतर-एजेंसी समन्वय को और बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

बयान में कहा गया है कि, पिछले साल मई में मणिपुर में जातीय दंगों के फैलने के बाद, मणिपुर से असम तक पारंपरिक मार्गों की अनुपलब्धता के कारण म्यांमार से दवाओं और प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी में बदलाव आया है।

मिज़ोरम-म्यांमार सीमा और फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) के साथ मौजूद कुकी-ज़ो-चिन संबंध के कारण, मिजोरम से दक्षिण असम से त्रिपुरा के लिए दवाओं की तस्करी का ड्रग कार्टेल द्वारा फायदा उठाया जा रहा है और इन मार्गों पर हाल ही में बरामदगी हुई है, जिससे संकेत मिलता है कि यह भविष्य में एक संभावित खतरा है।

इसके अलावा, त्रिपुरा राज्य भी एक प्रमुख भांग उत्पादन क्षेत्र के रूप में उभर रहा है और कई एजेंसियों द्वारा राज्य में बड़ी मात्रा में यहाँ गांजा जब्त किया गया है।

बैठक में नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ एक व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए संसाधनों, विशेषज्ञता और अंतर्दृष्टि को एकत्रित करने के सामूहिक उद्देश्य के साथ सीमा शुल्क विभाग और कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया।

बयान में कहा गया,बैठक में एक विचार-मंथन सत्र हुआ और वर्तमान स्थिति को समझने, उपायों को लागू करने और एजेंसियों के बीच तालमेल को बढ़ावा देने तथा नशीले पदार्थों एवं मनोदैहिक पदार्थों के प्रवेश को रोकने के सामूहिक प्रयास में सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

## इज़रायल ने उत्तरी गाज़ा में हमास के कमांड को नष्ट किया

यरूशलेम/गाजा, 07 जनवरी। इज़रायली सेना का कहना है कि, उसने उत्तरी गाज़ा पट्टी में हमास के कमांड ढांचे को 'खत्म करने' का लक्ष्य पूरा कर लिया है।

सेना के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने संवाददाताओं से कहा कि, फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास अब केवल छुटपुट रूप से और 'कमांडरों के बिना' क्षेत्र में काम कर रहा है। बीबीसी ने सेना के प्रवक्ता के हवाले से कहा कि, इज़रायल ने उत्तरी गाज़ा में करीब 8,000 आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने कहा कि, इज़रायल रक्षा बल (आईडीएफ) अब दक्षिणी और मध्य गाज़ा में हमास को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार युद्ध शुरू होने के बाद से इज़रायल ने 22,000 से अधिक लोगों को मार डाला है। मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 120 से अधिक मौतें दर्ज की गईं।यह क्षेत्र तबाह हो गया है और 23 लाख की आबादी विस्थापित हो गई है। इज़रायल का आक्रमण तब शुरू हुआ जब हमास के बंदूकधारियों ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया जिसमें 1,200 लोग मारे गए, जिनमें से अधिकांश नागरिक थे और लगभग 240 लोगों को बंधक बना लिया। पिछले वर्ष युद्धविराम में कुछ रिहाई के बाद 120 से अधिक अभी भी रिहा नहीं किए गए हैं। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को दोहराया, इज़रायल हमास को खत्म करने, हमारे बंधकों को वापस करने और यह सुनिश्चित करने के लिए अपना अभियान जारी रखेगा कि, गाज़ा अब इज़रायल के लिए खतरा नहीं होगा।

नेतन्याहू ने एक बयान में कहा,जब तक पूरी जीत हासिल नहीं हो जाती, हमें सब कुछ एक तरफ रखना होगा।इस बीच फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में इज़रायली हमले में छह फिलिस्तीनी मारे गए।

# भाजपा सरकार बनने के बाद पहली भर्ती परीक्षा का सफल आयोजन हुआ

- **पी.टी.आई., पुस्तकालयाध्यक्ष और सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा में 49.86 फीसदी उपस्थिति रही।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने परीक्षा के सफल आयोजन पर सभी एजेंसियों की प्रशंसा की।**

जयपुर, 7 जनवरी (का.सं.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनने के बाद हुई पहली भर्ती परीक्षा का प्रदेश में सफल आयोजन हुआ। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 7 जनवरी को आयोजित सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (पी.टी.आई.) प्रतियोगी परीक्षा-2023 (कॉलेज शिक्षा विभाग) के तहत तृतीय प्रश्न पत्र (राजस्थान का सामान्य ज्ञान) में 49.86 फीसदी उपस्थिति रही।

इस आयोजन के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परीक्षा के सफल आयोजन पर सभी एजेंसियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव सुधांश पंत और कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू को, सभी संभाग मुख्यालयों पर कलैक्टर-एसपी को पेपर की सुरक्षा और गड़बड़ियां रोकने के निर्देश दिए थे।

राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से रविवार को आयोजित परीक्षा का आयोजन सात जिला मुख्यालयों, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर पर दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया गया।



*भाजपा सरकार बनने के बाद आयोजित पहली भर्ती परीक्षा में 49.86 प्रतिशत उपस्थिति रही।*

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बाताया कि, इस परीक्षा के लिये कुल 197766 अभ्यर्थी पंजीकृत किये गये थे। इनमें से 98601 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

अभ्यर्थियों की उपस्थिति अजमेर में 48.52, भरतपुर में 48.39, कोटा में 38.92, जोधपुर में 57.10, बीकानेर में 54.28, जयपुर में 56.67 और उदयपुर में 33.86 प्रतिशत रही।

जयपुर शहर के 180 केन्द्रों पर पंजीकृत 64161 अभ्यर्थियों में से 36362 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 27799 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित पाए गए।

जिला कलैक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिये प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार जताया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908